e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 95

सुविचार
खुशी में किसी से प्रेम न करें और गुस्से में किसी से बात न करें।

# प्रभात मंत्र

रविवार
07.04.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**रोजा का समय**
इफ्तार (07.03.24): शाम 06:08 बजे
सेहरी (08.04.2024) सुबह 04 : 11 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## क्विक न्यूज

### पश्चिम बंगाल में एनआईए की टीम पर हमला, टीएमसी नेता के यहां जांच के दौरान भीड़ ने की पत्थरबाजी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में शनिवार सुबह राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एक टीम पर हमला हो गया. एनआईए अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के एक नेता के घर पर 2022 में हुए विस्फोट मामले की जांच के लिए वहां पहुंचे थे, तभी उग्र भीड़ ने उनकी कार पर पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिससे गाड़ी की विंडस्क्रीन क्षतिग्रस्त हो गई. अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है. घटना सुबह की है. एनआईए टीम की ओर से मनबेंद्र जाना और अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है. एनआईए अधिकारी मनबेंद्र जाना को ही गिरफ्तार करने मौके पर पहुंचे थे.

### दो लोगों की हत्या मामले में जेएमएम के पूर्व विधायक पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप दोषी करार

**रांची :** झारखंड के खूंटी जिले के कर्रा में दो लोगों की हत्या मामले में अपर न्यायायुक्त की कोर्ट ने जेएमएम के पूर्व विधायक पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को दोषी करार दिया है. इनकी सजा के बिंदु पर 10 अप्रैल को सुनवाई होगी. मामले में ट्रायल फेस कर रहे चार अन्य लोगों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है. वारदात वर्ष 2013 की है. दो लोगों भूषण सिंह और राम गोविंद की हत्या नक्सली संगठन के लोगों ने पुलिस की मुखबिरी करने के आरोप में कर दी थी. इन दोनों को उनके घर के पास चबूतरे पर खड़ा करके गोली मारी गई थी.

### नदी में नहाने गये पांच बच्चे डूबे, दो भाईयों की मौत

**बाराबंकी :** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जनपद की घाघरा नदी में शनिवार दोपहर को नहाने के दौरान पांच बच्चे डूब गये। इनमें दो बच्चों की लाश को पुलिस ने गोताखोरों की मदद से खोज निकाला। शेष डूबे बच्चों की तलाश की जा रही है। मृतक सगे भाई हैं। चिर्रा गांव निवासी पांच बच्चे नूर आलम पुत्र अब्दुल हेई, अहम रजा पुत्र मो. शकील, हमजा पुत्र मो. शकील, शाफ अहमद पुत्र महमूद आलम, उसका भाई अमान घाघरा में नहाने गए थे। नहाने के दौरान कुछ बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्हें डूबते देख अन्य बच्चों ने शोर मचाया। डूब बच्चों का बचाने के लिए साथी बच्चे आगे बढ़े तो वे खुद भी डूबने लगे।

### हाई कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर लगाया 1.25 लाख रुपये का जुर्माना

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने दायर याचिका में बिना त्रुटि दूर किए मामले को सुनवाई के लिए मेंशन करने पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर 1 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।दरअसल हाई कोर्ट अर्जुन मुंडा द्वारा 11 अप्रैल 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान पाया कि याचिका में त्रुटि अब तक दूर नहीं की गई है। इसके बाद भी मामले को कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन किया गया।कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किए बिना इस याचिका को कोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए मेंशन करने को गंभीरता से लेते हुए अर्जुन मुंडा पर 1 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

### खाई में पलटी जवानों से भरी बस, 3 की मौत; 26 जवान घायल

**सिवनी :** मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां विशेष सशस्त्र बल के जवानों को ले जा रही एक बस और एक कार के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि 26 जवान घायल हो गए हैं। पुलिस ने इस बात की जानकारी दी।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 35° |
| न्युनतम | 20° |

# पार्टी कार्यालय में पहली बार पहुंची कल्पना सोरेन, की बैठक

*** 21 अप्रैल को होनेवाली उलगुलान महारैली लोकतंत्र बचाने की लड़ाई का हिस्सा है : कल्पना**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** कल्पना सोरेन पहली बार झामुमो पार्टी कार्यलय पहुंची। बताया जा रहा है कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर हुए ईडी की कार्रवाई और केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा की 21 अप्रैल को होने वाली उलगुलान महारैली को सफल बनाने की कमान खुद कल्पना सोरेन ने संभाल ली है। उन्होंने नौ जिलों के झामुमो जिलाध्यक्ष, जिला सचिव और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

महारैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। कल्पना सोरेन के साथ बैठक में पार्टी के केंद्रीय महासचिव और कोषाध्यक्ष विनोद पांडेय भी शामिल हुए। पांच अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास पर हुई झामुमो विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया था कि मुंबई और दिल्ली में हुए इंडिया ब्लॉक की महारैली की तरह रांची में भी केंद्र सरकार के खिलाफ महारैली आयोजित की जाएगी। झामुमो ने इस महारैली का नाम उलगुलान महारैली का नाम दिया है। इस महारैली में देश भर के इंडिया ब्लॉक के बड़े नेताओं को शामिल होने का न्योता दिया जाएगा।

सिमडेगा से आये झामुमो के जिला सचिव सफीक अंसारी ने कहा कि कल्पना सोरेन ने जड़ मजबूत तब सब मजबूत की बात कहते हुए अपने अपने जिलों में जन-जन तक यह संदेश पहुंचाने का आह्वान किया है। बैठक के बाद कल्पना सोरेन ने कहा कि 21 अप्रैल को होनेवाली उलगुलान महारैली लोकतंत्र बचाने की लड़ाई का हिस्सा है।

### हेमंत सोरेन के सपने को बाधित करने की कोशिश की गई है

जिला समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन के सपने को बाधित करने की कोशिश की गई है। केंद्र लगातार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करती है। झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठे मामले में गिरफ्तार किया गया है। 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में केंद्र की तानाशाही रवैया और संविधान को कुचलने की कोशिश के खिलाफ झारखंड की जनता उलगुलान करेगी। कल्पना सोरेन ने कहा कि अपनी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के उत्साह देख कर वह भी उत्साहित हैं। राज्य की जनता कह रही है कि झारखंड झुकेगा नहीं, देश झुकेगा नहीं। गांडेय विधानसभा उपचुनाव पर उन्होंने कहा कि जब तक इसकी पार्टी स्तर पर घोषणा नहीं हो जाती तब तक वह कुछ नहीं कहेंगी। कल्पना सोरेन के कार्यक्रम के दौरान हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद पिंटू भी कुछ देर के लिये पार्टी कार्यालय आये लेकिन उन्होंने मीडिया से बात नहीं की।

**21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में केंद्र की तानाशाही रवैया और संविधान को कुचलने की कोशिश के खिलाफ झारखंड की जनता उलगुलान करेगी।**

**कई जिलों की बैठक आज**

झामुमो के रांची जिला महासचिव डॉ हेमलाल मेहता के अनुसार 07 अप्रैल को भी कल्पना सोरेन केंद्रीय कार्यालय में हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो, गढ़वा, पलामू, कोडरमा, गिरिडीह, प. सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला महासचिव और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

**सिमडेगा से आये झामुमो के जिला सचिव सफीक अंसारी ने कहा कि कल्पना सोरेन ने जड़ मजबूत तब सब मजबूत की बात कहते हुए अपने अपने जिलों में जन-जन तक यह संदेश पहुंचाने का आह्वान किया है। बैठक के बाद कल्पना सोरेन ने कहा कि 21 अप्रैल को होनेवाली उलगुलान महारैली लोकतंत्र बचाने की लड़ाई का हिस्सा है।**

# नए भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा : पीएम मोदी

**2024 का चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है. बरसों तक गठबंधन की मजबूरियों की सरकारें चलीं. कांग्रेस राज के समय किसान, मजदूर, महिला और युवाओं का जीना मुश्किल हो गया था. उन्होंने कहा जहां कांग्रेस है वहां विकास नहीं हो सकता.**



**एजेंसी**

**अजमेर :** बीजेपी के स्थापना दिवस पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की ऐतिहासिक तीर्थनगरी पुष्कर की पवित्र धरा से कहा कि बीजेपी नए भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने जगत पिता ब्रह्मा, भक्त शिरोमणि मीरा बाई और वीर तेजाजी समेत अन्य स्थानीय लोक देवताओं को याद करते हुए कहा कि पुष्कर से कमल का सदियों पुराना संबंध है. आज ही के दिन बीजेपी की स्थापना हुई थी और इसका चिन्ह भी कमल है.

पुष्कर में पीएम मोदी ने अपना पूरा भाषण महिलाओं और बेटियों पर केन्द्रीत रखा. प्रधानमंत्री ने पीएम उज्जवला योजना से लेकर जन धन खातों तक महिलाओं से जुड़ी सभी योजनाओं का लेखाजोखा सभा में रखा. उन्होंने महिलाओं को बार-बार नमन करते हुए बेटियों के सफलताओं को गिनाया. उन्होंने नारी कल्याण के लिए किए गए सभी कार्यों को एक-एक करके जनता के सामने रखा लोकसभा चुनाव के लिए फिर से आशीर्वाद मांगा.उन्होंने फिर इस बात को दोहराया कि यह तो केवल ट्रेलर है. हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है. 2024 का चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है. बरसों तक गठबंधन की मजबूरियों की सरकारें चलीं. कांग्रेस राज के समय किसान, मजदूर, महिला और युवाओं का जीना मुश्किल हो गया था. उन्होंने कहा जहां कांग्रेस है वहां विकास नहीं हो सकता.

### प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा गाजियाबाद

गाजियाबाद : दिल्ली से सटे गाजियाबाद के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा। यहां पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो 5 बजकर 40 मिनट पर मालीवाड़ा चौक से शुरू हुआ।

इस दौरान रोड शो का अद्भुत नजारा दिखाई दिया। रोड शो चौधरी मोड़ पर जाकर समाप्त होगा। इस दौरान पूरे रोड पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। जैसे ही रोड शो शुरू हुआ, वैसे ही लोगों ने जय श्री राम के उद्घोष से पूरा इलाका गूंज उठा। रोड शो में मोदी के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ तथा भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग भी मोदी के साथ वाहन पर सवार थे। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री योगी व प्रत्याशी अतुल गर्ग ने चुनाव चिह्न कमल का फूल भी ले रखा था। प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए लोग खासे उत्साहित दिन रहे थे। मोदी,योगी के नारे भी लगा रहे थे।

कई भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी का मुखौटा भी पहने हुए हैं। जिस रथ पर मोदी, योगी और प्रत्याशी अतुल गर्ग सवार थे, वह भगवा रंग में रंगी हुई थी। उनके साथ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और मौजूदा सांसद जनरल वीके सिंह भी हैं। रोड शो के मद्देनजर गाजियाबाद में पुलिस ने कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था की गई है। कई मार्गों को बंद कर दिया गया है। पीएम मोदी के गाजियाबाद आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता और पीएम मोदी के प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। जगह-जगह बक्से बनाये गए थे, जिनमें लोग मोदी के झलक पाने के लिए आतुर थे। मोदी जी उनका अभिवादन स्वीकार कर रहे थे।

# पलामू : स्कार्पियो से 15 लाख कैश बरामद



**एजेंसी**

**चैनपुर (पलामू) :** शनिवार को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर-गढ़वा मार्ग पर मंगरदाहा घाटी में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक स्कार्पियो (जेएच 03 एएम 5720) से 15 लाख रूपए नगद बरामद किया।

एफएसटी टीम रूपए को बरामद करने के बाद उसे जब्त कर ट्रेजरी में जमा करा दी है। इस संबंध में आयकर विभाग को जानकारी दी गयी है। चैनपुर के प्रभारी थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने जानकारी दी है कि शाहपुर से दो तीन किलोमीटर आगे गढ़वा रोड के मंगरदाहा घाटी में जांच के दौरान एफएसटी टीम ने स्कार्पियो से 15 लाख रूपए बरामद किया है। बरामदगी के दौरान टीम द्वारा वीडियोग्राफी-फोटोग्राफी सहित अन्य तकनीकी कार्रवाई की है, ताकि पुख्ता प्रमाण रह सके।

### कार से 40 लाख की हेरोइन जब्त

**मीरजापुर :** अहरौरा थाना क्षेत्रांर्गत वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर अस्थायी टोल प्लाजा के पास शुक्रवार की देर रात चेकिंग के दौरान एक कार से हेरोइन की 320 ग्राम की पैकेट बरामद हुई। इसकी अनुमानित कीमत लगभग चालीस लाख रुपये है। पुलिस ने कार सवार युवक को भी हिरासत में ले लिया जबकि अन्य तीन युवक अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए।

# लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे प्रधानमंत्री : सोनिया गांधी



राजस्थान के जयपुर में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि घोषणा पत्र को हमने न्याय पत्र का नाम दिया है ताकि ये स्पष्ट हो कि ये सिर्फ घोषणाओं की एक सूची नहीं है जिन्हें हम चुनाव के बाद भूल जाएंगे। ये एक संघर्ष की आवाज है, इस देश की आवाज है जो आज न्याय मांग रही है।

**एजेंसी**

**जयपुर :** राजस्थान के जयपुर में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। सोनिया गांधी ने कहा कि पीएम मोदी खुद को महान मान कर, देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं को भाजपा में शामिल होने की धमकी दी जा रही है।

आज लोकतंत्र खत्म हो गया है। हमारा देश खतरे में है। हमारे संविधान को बदलने की साजिशें की जा रही हैं।सोनिया गांधी ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि हम लोग तानाशाही से डटकर मुकाबला करेंगे। आज देश में खाने-पीने से लेकर सभी चीजें महंगी हो गई है। कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देने की अपील करते हुए जनता से कई वादे भी किए। उन्होंने कहा कि इंडिया गंठबंधन की सरकार बनने पर कांग्रेस ने घोषणा पत्र में जो वादे किए हैं उसे पूरा लागू किया जाएगा।

# तरनतारन में 55 साल की महिला को अर्धनग्न परेड की घटना पर एनसीडब्लू ने लिया संज्ञान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** पंजाब के तरन तारन के वल्टोहा गांव में 55-वर्षीया एक महिला के साथ उसके बेटे के ससुराल वालों ने कथित तौर पर मारपीट की और उसे अर्धनग्न करके घुमाया। इस घटना पर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यु) ने संज्ञान लिया है। शनिवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने एक्स प्लेटफार्म पर कहा कि पंजाब के तरनतारन के वल्टोहा गांव में हुई भयावह घटना से अत्यंत व्यथित हूं। 55 वर्षीय महिला के साथ मारपीट और अर्धनग्न परेड भयावह है।

रेखा शर्मा ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया है और पंजाब के पुलिस महानिदेशक को त्वरित कार्रवाई करने, दोषियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इसके साथ महिला का वायरल वीडियो को सोशल मीडिया से हटाने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि पंजाब के तरन तारन के वल्टोहा गांव में 55-वर्षीया एक महिला के साथ उसके बेटे के ससुराल वालों ने कथित तौर पर मारपीट की और उसे अर्धनग्न करके घुमाया। पुलिस ने बताया कि यह घटना 31 मार्च को हुई। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार जब वह अपने घर पर अकेली थी तब उसके बेटे के ससुराल वालों ने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट और अभद्रता की। पीड़ित महिला के बेटे ने युवती के परिजनों की इच्छा के खिलाफ शादी की थी।



### हुसैनाबाद में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया

## भाजपा आम कार्यकर्ताओं की पार्टी है : कर्नल संजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय में शनिवार को भाजपा का स्थापना दिवस भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कर्नल संजय सिंह द्वारा भाजपा का झंडोतोलन एवं जनसंघ के संस्थापक पंडित दिन दयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर तमाम कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया. सभी ने आगामी लोक सभा चुनाव में पलामू संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी श्री विष्णु दयाल राम को भारी मतों से जीताने तथा



देश भर में एनडीए गठबंधन को 400 पार पहुंचाने का प्रण लिया. कर्नल संजय सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि देश में व्यापक जनहित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किए जा रहे प्रयासों को पूर्ण सहयोग देकर समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभांवित किया जा रहा है। भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा ने भाजपा के राष्ट्रीय विचारधारा के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग जारी रखने के लिए पार्टी के सदस्यों से अपील किया। उपस्थितकार्यकर्ताओं के साथ रविवार को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी के हुसैनाबाद विधानसभा दौरा व हैदरनगर होने वाले जनसभा को लेकर चर्चा व रणनीति बनाई। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रवेश सिंह मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता संतोष सिंह सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता श्रवण अग्रवाल सुबोध कश्यप अशोक सिंह विजय प्रजापति अजय सिंह पप्पू सिंह डबल सिंह सत्यनारायण यादव आदि मौजूद थे।

## ईदगाह कमिटी हुसैनाबाद ने की बैठक ईद की नमाज के लिए समय निर्धारित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद में ईद-उल फितर की नमाज के समय निर्धारण के लिए शहर के वार्ड-स्थित गुलाम मोहम्मद अमीन अली खान के आवास पर ईदगाह कमिटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने की जबकि संचालन पूर्व वार्ड पार्षद सुहैल आलम ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से एक निर्णय लिया गया की ईदुल फितर की नमाज इर्द का चांद देखने की पुष्टि के बाद हुसैनाबाद ईदगाह में बगैर किसी इंतजार के दिन के 7:45 बजे अदा की जाएगी। साथ ही नूरी मस्जिद चिकटोली एवम जमा मस्जिद राजटोली 8:00 बजे सुबह व इमामुनब्बी मस्जिद इश्लामगंज में 8:15 समय निर्धारित किया गया। ईदगाह कमिटी के लोगों ने नमाज़ अदा करने वालों से गुजारिश है की निर्धारित समय पर पहुंच कर नमाज अदा करें। बैठक के बाद गुलाम मोहम्मद अमीन अली खान साहब की ओर से एक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। बैठक में कमिटी के सदस्यों के अलावा एजाज हुसैन, फैज कादरी, गुलाम मोहम्मद, अमीन अली खान, डॉक्टर नादिर रिज़वी, मसरूर अहमद, जुबैरआलम, सैयद फिरोज, तकी रिज़वी अब्बास कादरी, सद्दाम कादरी, मसरूर अहमद, समीम अहमद, फैज कादरी कादरी, शहादत हुसैन रेयाजुद्दीन खान उर्फ पुन्नू खान, परवेज अंसारी, जहीर अंसारी, मुहम्मद शमशेर उर्फ शेट्टी, सैफ गजल, क्याममुद्दीन अंसारी, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी दीगर समेत कई लोग शामिल थे।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से निकाला गया मतदाता जागरूकता रैली



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी गढ़वा के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाला गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से मतदाता जागरूकता रथ व रैली को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली निकाला गया है।उन्होंने कहा कि मतदाता निर्भिक होकर अपना मतदान करें। मतदाता जागरूकता रैली में प्रखंड कर्मी तथा जेएसएलपीएस कर्मी शामिल थे। जागरूकता रैली प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से निकल कर ब्लॉक मोड़, कचहरी, भवनाथपुर मोड़,हेंहो मोड़ होते हुये मुख्य बाजार में जा कर समाप्त हुआ।रैली में शामिल लोग बनो देश के भाग विधाता-अब जागो प्यारे मतदाता, घर-घर संदेश दो- वोट दो वोट दो, छोड़ो अपने सारे काम-पहले चलो करें मतदान, मतदान करने जाना है-अपना फर्ज निभाना है, जन-जन की यही पुकार- मतदान करना हमारा अधिकार, जो करेगा राष्ट्र का उत्थान-उसी को करेंगे अपना मतदान, युवा शक्ति के हैं तीन काम- शिक्षा सेवा और मतदान, सही चुनाव कर मतदान करें-मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करें सहित अन्य नारे लगा रहे थे।रैली में कार्यालय सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजदीप कुमार, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, सहायक अभियंता उज्जवल कुमार, अशोक कुमार, पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता, सरौती कुमारी, रोजगार सेवक आनंद विश्वकर्मा, जेएसएलपीएस के बीपीएम सत्य प्रिय तिवारी, सीसी अभय सिंह, मनोज कुमार, एफटीसी अनुज कुमार सिंह, डीओ नीरज कुमार, एडमिन धर्मेंद्र कुमार, आईपीआरपी जाबिर अंसारी, प्रमोद कुमार, जेंडर सीआरपी वाजदा खातून, दीपशिखा, कमला कुमारी, सुनीता देवी, पूनम कुमारी सहित प्रखंड एवम जेएसएलपीएस कर्मी उपस्थित थे।

## मुखिया पंचायत सेवक के मिली भगत से 15 वें वित्त से 12.72 लाख रुपए अवैध राशि की कर ली गई निकाशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखंड में 15 वे वित्त से 12.72 लाख रुपए अवैध तरीके से निकासी का मामला प्रकाश में आया है। अवैध निकासी में मुखिया, पंचायत सचिव के मिलि भगत से किया गया है। कैलान, सिंदुरिया, पंडरिया पंचायत में पंचायत सचिव सतिश कुमार सिंह का प्रभार था।जनवरी 24 में करीब 22 जनवरी को सतिश कुमार सिंह के सड़क दुर्घटना में पैर टुट गया जिसके बाद से वे लगातार मेडिकल छुट्टी पर है। पंचायत सचिव के छुट्टी पर रहने के बाद भी बीडीओ, मुखिया, 15 वे वित्त समन्वयक की मिलि भगत से तीनों पंचायत से 15 वे वित्त का 12.72 लाख रुपए अवैध तरीके से निकासी कर संबंधित एजेंसी या मुखिया के चहेते को दे दिया गया है। अवैध तरीके से निकासी के मामले में कैलान पंचायत से 12.06 लाख रुपए है जबकि सिंदुरिया पंचायत से 30 हजार, पंडरिया पंचायत से 36 हजार रुपए निकासी किया गया है। पंचायत सचिव सतिश कुमार सिंह जनवरी में सड़क दुघर्टना के बाद छुट्टी पर है तो उनके डोंगल से भुगतान कैसे किया जा रहा है। कैलान पंचायत में 15 वे वित्त से पंचायत सचिव सतिश कुमार सिंह के डोंगल से 5 फरवरी 25 से लेकर 2 मार्च 24 तक 12.06 लाख निकासी किया गया है। फरवरी में 7.25 लाख, मार्च में 4.81 लाख रुपए निकासी किया गया है। जबकि पंडरिया पंचायत में भी 15 वे वित्त से 14 मार्च 24 को 30 हजार रुपए, सिंदुरिया पंचायत में 2 मार्च 24 को 36 हजार रुपए निकासी किया गया है।

**15 वे वित्त से पैसा कैसे निकासी होता है**

संबंधित पंचायत के मुखिया तथा पंचायत सचिव के डोंगल से ओटीपी प्राप्त होने पर 15 वे वित्त समन्वयक के द्वारा संबंधित एजेंसी को या ग्राम सभा समिति के सचिव, अध्यक्ष को चेक के माध्यम से या खाता में भुगतान किया जाता है। लेकिन भवनाथपुर में पंचायत सचिव दुर्घटनाग्रस्त होकर छुट्टी पर है फिर भी उनके डोंगल से 15 वे वित्त समन्वयक अशोक कुमार यादव 12.72 लाख का भुगतान कर दिया। इस संबंध में समन्वयक अशोक कुमार यादव ने बताया कि छुट्टी पर है तो क्या हुआ मुखिया हस्ताक्षर करा कर लाते हैं तो हम उनका डोंगल से डिजिटल हस्ताक्षर छोड़ते हैं, ओटीपी आने पर भुगतान किया गया है, जबकि पंचायत सचिव सतिश कुमार सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया साथ ही व्हाट्सएप मैसेज भी किया जबाब नहीं मिला। बीडीओ नंद जी राम ने कहा छुट्टी पर है और उनके डोंगल से भुगतान किया गया है यह अवैध है. जानकारी नहीं था, जांच कर कार्रवाई किया जाएगा।

## ईद को लेकर बाजार हुआ गुलजार, देर रात तक लोग कर रहे खरीदारी





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रमजान समाप्ति की ओर है। मुसलिम धर्मावलंबियों का पर्व ईद करीब पहुंच चुका है। ईद पर्व को लेकर मेदिनीनगर के छोटी मसजिद रोड में बाजार सज गया है। ईद की बाजार में सेवई लच्छा के अलावा इत्र, टोपी,जूता-चप्पल आदि की दुकाने लगायी गयी है. ईद के अवसर पर समानों की खरीददारी करने में लोग जुटे हैं. शहर के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों से भी आने वाले लोग ईद की बाजार में समान खरीदते देखे गये. समान खरीदने के लिए लोगों की भीड देखी गयी. बाजार में वाराणसी, गया, पटना का बना हुआ सेवई के अलावे हल्दीराम व दुधफेनी सेवई की बिक्री खुब हो रही है। दुकानदार ने बताया कि हल्दीराम का सेवई 240 रुपये तथा दुधफेनी सेवई 140 रूपये बिक रहा है. बाजार में दुधफेनी सेवई की मांग सबसे अधिक है. वैसे लोग अपनी पसंद व जरूरत के अनुसार सेवई की खरीददारी कर रहे हैं। 60 रूपये से लेकर 240 रूपये किलो तक सेवई बाजार में उपलब्ध है. गुडू जेनरल स्टोर के मालिक ने बताया कि 30 रूपये से 300 रूपये तक का इत्र व पांच रूपये से 50 रूपये तक का टोपी बाजार में उपलब्ध है। मैगनेट, मजमुआ, फिरदौस, मुसकंभर, आशीष, शमामा, व्हाईट मुश्क आदि इत्र की मांग अधिक है। रमजान अपने आखिरी पड़ाव पर है। कुछ ही दिन रोजा के बचे हैं। ऐसे में ईद को लेकर जिले में जमकर खरीदारी हो रही है। ईद की तैयारियां पूरी करने में लोग जुट गए हैं। बाजारों में खासी रौनक देखी जा रही है।कपड़े की दुकान हो या फिर मिठाईयों की लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। ईद का उत्साह लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बच्चे टोपी तो महिलाएं रंग-बिरंगी चूड़ियां खरीदने मे जुटीं हैं। वहीं ईद पर मुंह मीठा करने के लिए लोग सेवइयां खरीदने में जुटे हैं। हर किसी को ईद का इंतजार है।

## पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**धुरकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस ने गुरुवार को रात्रि में अभियान के दौरान कई वर्षो से फरार चल रहे तीन वारंटी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर छापामारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र अंतर्गत सगमा गांव निवासी रियाज अंसारी, व शारदा गांव निवासी प्रेमचंद बैठा, तथा कटहर कला गांव निवासी राजमनी यादव को विधिवत इनके घर से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि जो भी अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से भाग रहें है वो अविलंब आत्मसमर्पण करें। क्षेत्र में कोई भी वारंटी हो या अपराधी उन्हें बख्शा नहीं जायेगा पुलिस निश्चित रूप से करवाई करेगी।

## उपायुक्त व एसपी ने अति नक्सल प्रभावित गांवों का किया भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, गढ़वा एवं पुलिस अधीक्षक, गढ़वा द्वारा सुदूरवर्ती अति नक्सल प्रभावित बूढ़ा पहाड़ (झालूडेरा) एवम हेसातु गाँव का आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर शनिवार को भ्रमण किया। इसी क्रम में नवयुवक एवं नवयुवतियों से जो इस लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, उन सभी से अपील किया गया कि वे मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। इसके साथ ही बुजुर्गो की भी हिस्सेदारी के लिए अपील की गई है। बूढ़ा पहाड़ पर सिस्टेमैटिक वोटर्स एड्युकेशन एवं इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन कोषांग, गढ़वा के द्वारा मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों के बीच कार्यक्रम चलाया गया। इसके अतिरिक्त बूढ़ा पहाड़ (झालूडेरा) एवं हेसातु कैंप में तैनात सीआरपीएफ के पदाधिकारियों एवं जवानों से वार्ता की गई एवं उनके मनोबल को बढ़ाया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए एवं निवारण हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएँगे। बूढ़ा पहाड़ में शिक्षा ले रहे बच्चो से भी मुलाकात किया गया तथा उनके बेहतर शिक्षा हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## भाजपा द्वारा किए जा रहे झूठे वादों से सभी को कराएंगे अवगत : रविन्द्र मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** प्रखंड क्षेत्र के कुशवाहा बहुल ओरिया गांव में नीलांबर पीतांबर बुद्धिजीवी विचार मंच के बैनर तले दर्जनों गांव के लोगों ने एक विचार गोष्ठी आयोजित किया। विचार गोष्ठी में सभी ने अपना मंतव्य दिया कि इस बार चतरा लोकसभा सीट से भाजपा को समर्थन नहीं देना है बल्कि लोकसभा क्षेत्र के सभी गांव में जा -जा कर बीजेपी के तानाशाही रवैया के संदर्भ में जागरूकता अभियान चलाना है। नीलांबर पीतांबर बुद्धिजीवी एकता मंच के अध्यक्ष रविंद्र कुमार मेहता ने कहा कि बीजेपी देश के सबसे तानाशाह पार्टी है जो भाजपा का समर्थन नहीं करता है उसे सीधे जेल भेजवाने का का कार्य किया जा रहा है हाल के दिनों में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल भेजा गया है इसलिए लोगों में आक्रोश व्याप्त है। भाजपा के सांसद पिछले 10 वर्षो से लगातार चतरा में प्रतिनिधित्व करने का काम किया।




लेकिन यहां का कोई भी मतदाता अपने सांसद का आज तक चेहरा नहीं देखा क्षेत्र में कोई भी सार्थक काम नहीं करवाया गया। जिससे कि क्षेत्र के किसी भी लोगों का कोई भला हो सके या रोजगार मिल सके। भारतीय जनता पार्टी के नेता बोलते थे कि अब पलामू और चतरा के लोगों को सोन का पानी घर घर पहुंचेगा लेकिन अभी तक सोन नदी का पानी नहीं पहुंचा। यहां तक की प्रधानमंत्री ने मंडल डैम का शिलान्यास किया लेकिन अभी तक उसमें काम तक शुरू नहीं हो सका। बुद्धिजीवी में विचार मंच के सभी लोग चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को हारने के लिए आटा सतू बांध कर तैयार है। भाजपा हराओ अभियान को लेकर चतरा संसदीय क्षेत्र के सभी प्रखंडों और गांवो का दौरा करेंगे और भाजपा द्वारा किए जा रहे झूठे वादों से सभी को अवगत कराएंगे। इस मंच से विरोध करने वाले में अंगद कुमार मेहता, सच्चिदानंद मेहता, धीरज कुमार मेहता, प्रदीप कुमार मेहता, दिवली मेहता, विनोद मेहता, ठाकुर दयाल महतो, उदन मेहता, राजदेव मेहता, गोकुल महतो, दिनेश मेहता, संत कुमार, रितेश कुमार, नागेंद्र कुमार, धनंजय मेहता, संदीप पासवान, गुलाबचंद राम, आलोक कुमार आदि शामिल है।

## दो बहनों को विदाई सामग्री देकर कन्या विवाह विकास सोसायटी ने दी विदाई



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के गरीब की बेटियों के लिए कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी सहारा बनकर आगे आ रहा है। सोसाइटी की ओर से शनिवार को जिला मुख्यालय के जोबरइया मोहल्ला गांव में जरूरतमंद सुनील कुमार बिंद की पुत्री व उंचरी मोहल्ला निवासी रामजी राम की पुत्री को विवाह सामग्री दिया गया। सोसाइटी के जिला प्रबंधक बबन उर्फ अयूब खान ने बताया कि बाल विवाह को रोकने के लिए संस्था की ओर से लड़कियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विवाह सामग्री का वितरण किया जाता है। संस्था की ओर से बर्तन सेट, बेडशीट, तकिया, रजाई तोशक, बक्सा वर वधू के कपड़े और श्रृंगार का सामान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी झारखंड बिहार में हजारों लड़कियों को शादी में सहयोग कर चुका है। अब यह संस्था छत्तीसगढ़ व महानगर मुंबई में भी जागरूक करने का कार्य शुरू कर दी है। बहुत जल्द महानगर के मुंबई में भी सामुहिक विवाह कराकर अपने गरीब बहनों का डोली सजाने का कार्य करेगा। उन्होने कहा की गढ़वा जिला में संस्था की ओर से सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रम लगातार किए जा रहे हैं। संस्था गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग गरीबों के बीच कंबल, बच्चो के बीच किताब, खाद्य सामग्री का वितरण और बाल विवाह भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अब तक दर्जनों गरीब लड़कियों की शादी में विदाई सामग्री देने में सहयोग किया है। इस अवसर पर शहर ऑफिस इंचार्ज बबन खान, टिंकू तिवारी, प्रतिमा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय टीम ने शनिवार को अम्बा लाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय की जांच की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक के निर्देश पर राज्य स्तरीय टीम ने शनिवार को अम्बा लाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय की जांच कर प्रधानाध्यापिका को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। राज्य स्तरीय टीम में शामिल कामेश्वर सिंह (जेसीईआरटी सलाहकार), सीमा प्रसाद राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, अजित कुमार तकनीकि सहायक, पीएमयू ने विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से जांच किया. राज्य स्तरीय टीम के सदस्य अलग अलग होकर विद्यालय में होने वाले गतिविधियों की जांच किया. कामेश्वर सिंह ने सभी वर्ग कक्षों का अवलोकन कर शिक्षक तथा बच्चों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया.प्रयोगशाला जांच करते हुये श्री सिंह ने लैब शिक्षक पंकज कुमार चन्द्रवंशी पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि आप अपना काम नियम के अनुसार करें।



उन्होंने प्रधानाध्यापिका से विद्यालय में शैक्षणिक प्रबंधन एंव गुणात्मक शिक्षा, प्रोजेक्ट इंपैक्ट, ट्रांजिशन, प्रयास, खेल, पुस्तकालय, साफ सफाई आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया तथा विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर राज्य स्तरीय टीम के सदस्यों ने ग्रेडिंग किया। टीम का नेतृत्व कर रहे कामेश्वर सिंह ने कहा कि इच्छा शक्ति मजबूत हो तो सीमित संशाधनों में भी बेहतर कार्य किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि आप अपने विद्यालय में सभी शिक्षकों से समन्वय स्थापित करते हुये कार्य करें, निश्चित ही बच्चों में गुणात्मक विकास होगा। उन्होंने कहा अगले कार्यक्रम में आपके विद्यालय में आये तो निश्चित रूप से सुधार दिखना चाहिये। जांच टीम के साथ क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, एपीओ राकेश पांडेय, शिक्षा विभाग सहायक अभियंता राजीव रंजन, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना प्रवीण, बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह, शोभा पांडेय, एमडीएम प्रभारी अमित कुमार विश्कर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### अच्छे काम को करने के लिए उम्र और अमीर होना आवश्यक नही, आवश्यक है जज्बे का होना

## बीएचयू के छात्र विशुनपुरा निवासी चंदन मेहता ने मिथ्या को तोड़ते हुए मुहिम चलाकर कैंसर पीड़ित की किया मदद, मंत्री ने लिया संज्ञान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विशुनपुरा :** कहते है न की किसी कार्य को करने का अगर आप मे जज्बा है तो पैसा और उम्र कार्य के आड़े नही आ सकता। इस बात को सच साबित कर दिया है विशुनपुरा प्रखंड निवासी तथा बीएचयू के छात्र चंदन मेहता ने।उसने कैंसर पीड़ित की मदद के लिए ऑनलाइन मुहिम चला कर लाखो रुपये की मदद इकठ्ठा किया।जिससे पीड़ित स्वास्थ्य लाभ ले रही है। झारखंड के गढ़वा की निवासी काजल कुमारी वर्तमान में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी से भूगोल से एमए कर रही हैं। पैसे के अभाव में ये बचपन से ही अपनी बुआ के साथ रहती हैं। बुआ उनके लिए मां जैसी ही हैं। बीते दिनों स्वास्थ्य ख़राब होने पर बुआ को अस्पताल ले गई टेस्ट वगैरह में पता चला कि बुआ को कैंसर है।उन्हें प्रत्येक 21 दिन के अंतराल पर कुल 3-4 कीमोथेरेपी होनी है कीमोथेरेपी की हॉस्पिटल



फ़ीस के अतिरिक्त प्रति थेरेपी का 20000 रुपये चार्ज हैं। काजल ने अपने स्कॉलरशिप के पैसों से अब तक इलाज़ और जांच वगैरह कराया था। लेकिन विपत्ति की इस घड़ी में वह बिलकुल अकेली पड़ गई। तो उनके मित्र गढ़वा जिला के विशुनपुरा निवासी चंदन मेहता ने अपने परिचितों के बीच पीड़ित की मदद के लिए ऑनलाइन मुहिम चलाई। सभी से अपनी क्षमतानुसार सहयोग करने का अनुरोध किया। इसके बाद हर तरफ़ से मदद का हाथ बढ़ाया गया। विशुनपुरा, गढ़वा, बीएचयू वाराणसी, बिहार के अलावा भी कई जगहों से लोगों ने वित्तीय मदद की। कुछ ही घंटों में इलाज़ के लगभग 50 हज़ार रुपए जमा हुए। रांची के बड़े पत्रकार सन्नी शरद ने ट्विटर(एक्स) पर इसके बारे में मदद मांगी। जवाब में बीबीसी के लिए काम कर चुके रवि प्रकाश ने अपने कैंसर वाले कैमरे की तस्वीर नीलामी में बेचकर फ़ौरन इलाज़ कराने के लिए आगे आए। इसी कड़ी में माननीय मंत्री श्री मिथिलेश ठाकुर ने संज्ञान लिया और काजल कुमारी को उनके बुआ के इलाज़ के लिए अपने वेतन निधि से तत्काल 50000 रुपए देने की घोषणा किया। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ऑनलाइन सोशल मीडिया इंग्लुएंसर्स ने असहाय की मदद करके मिशाल पेश की है। चंदन और काजल ने सभी लोगों के के प्रति आभार प्रकट किया। वो दोनों भावुक हुए कि आज भी ऐसे लोग समाज में उपस्थित हैं।

## सरहूल व ईद को लेकर कैरो थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 06 शनिवार शनिवार को आगामी सरहुल व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसमें दोनों त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा चुनावी अचार संहिता को देखते हुए सरहुल जुलूस के लिए एसडीओ से स्वीकृति अवश्य लें। थाना प्रभारी ने प्रखंड के सभी ईदगाह का जानकारी लिया जहां ईद की नमाज अदा की जाती है। उपस्थित लोगों ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को आश्वासन दिया कि किसी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं देंगे। इस मौके पर प्रमुख श्रीराम उरांव, बीडीओ छंदा भटाचार्य, पंचायत समिति सदस्य मधुलिका रानी, बीससूत्री सदस्य बुधवा उरांव, मुखिया सुमित्रा उरांव, सुमन उरांव, परमेश्वर भगत, दिलीप सिंह, लखन उरांव, विशेश्वर प्रसाद दीन, नजीर आलम खान, विवेक प्रजापति, मोजाहिर अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

### संक्षिप्त खबरें

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज मेडिकल कैंप का आयोजन किया जायेगा

रांची। अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल रविवार को अपराह्न 3 बजे से रांची के मोरहाबादी में टीआरआई के नजदीक फुटबॉल ग्राउंड में चिकित्सा शिविर सह जागरूकता का आयोजन किया गया है।इस संदर्भ में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की सचिव अनुपमा प्रसाद ने बताया कि इस शिविर में अनेक चिकित्सक न केवल लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण करेंगे बल्कि वे सभी लोगों के साथ ही विशेष रूप से छात्र-छात्राओं और युवाओं को बीमारियों से बचाव के संदर्भ में जागरूक भी करेंगे।

## भाजपा प्रवक्ता रांची पहुंचे तो ऐसा लगा मानो कोई विद्वान आ गया हो : सुप्रियो

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक द्वारा संवाददाता सम्मेलन में दिए गए वक्तव्य का विराध किया। कहा कि भारतीय जनता पार्टी के आयातित प्रवक्ता का रांची आगमन हुआ। ऐसा लगा कि मानो कोई विद्वान आ गया हो। झारखंड मुक्ति मोर्चा के विषय पर उन्होंने (अजय आलोक) जिस प्रकार से बयानबाजी की है, वो निंदनीय है। क्योंकि झारखंड मुक्ति मोर्चा संघर्ष की बनी हुई पार्टी है। सुप्रियो ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा झारखंडी हित के लिए हमेशा संघर्ष करने के लिए कटिबद्ध रहा है। जिस प्रकार से भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सपना दिखाने का कार्य कर रहे हैं, हमारे पार्टी की ओर से यह उनके लिए राय होगी कि उनके लुभावनी बातों में ना आए।

# भाजपा ने झारखंड को अलग राज्य बनाया, भाजपा ही गढ़ेगी: आलोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अजय आलोक ने कही। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड अलग राज्य बनाया और मोदी जी गढ़ेंगे। उन्होने कहा कि हमने बनाया और हम ही गढेंगे।उन्होने कहा कि झारखंड और छत्तीसगढ़ दो राज्य एक साथ भाजपा ने बनाया और छत्तीसगढ़ में 15 साल लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही, छत्तीसगढ़ एक विकसित प्रदेश बन गया पर 5 साल की कांग्रेस की सरकार ने 36 वार किये छत्तीसगढ़ पर और निचोड़कर फेंक दिया। उन्होने कहा कि फिर से एक वर्ष से भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ को गढने का काम कर रही है। आगे उन्होने कहा कि जेएमएम का सही अर्थ जमीन मारो मोर्चा है और इनकी सरकार के पूर्व मुखिया आज जेल में बंद हैं और इनको उम्मीद है कि इनको सहानुभूति मिलेगी लेकिन भ्रष्टाचार से जनित किसी नेता को इस देश ने सहानुभूति नही दी है। अजय आलोक ने कहा कि क्या दोष है झारखंड की जनता का यहाँ की जनता ने एक आदिवासी मुख्यमंत्री को चुना और वही मुख्यमंत्री आदिवासियों की 8.5 एकड़ जमीन को कब्जा करके बैठे हुए है।उन्होने कहा कि यह सिर्फ एक मामला है, झारखंड में ऐसा न जाने कितने मामले होंगें? आगे उन्होने कहा कि झारखंड राज्य को बनाने के लिए बहुत सारे लोगो ने कुर्बानियां दी है लेकिन इस राज्य को न बनने देंने के लिए भी जमीन मारो मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन ने सौदा किया और अलग राज्य के संस्थापना में लालू प्रसाद जी के साथ मिलकर देर किया। उन्होने कहा कि 1992 में कैश फॉर वोट वाला घूस का पैसा इनलोगों ने अपने खाता में लिया। उन्होने कहा कि राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने तो यहां तक कह दिया था कि झारखंड मेरी लाश पर बनेगा। आज ये दोनों दल कांग्रेस के साथ सरकार चला रहे हैं। उन्होने कहा कि यदि अटल बिहारी वाजपेयी नहीं होते तो झारखंड अलग राज्य नही बनता।आगे उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमने बनाया है, हम ही गढ़ेंगे। उन्होने कहा कि हम गढ़ते हैं इसलिए हम जनता के दिल मे बसते हैं। प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार उपस्थित थे।




# ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के रातू स्थित नवासोसो में पुलिस ने 22 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम रंजन यादव है। वह गोंदा थाना क्षेत्र के गांधी नगर का रहने वाला है। उसके पास से एक वाहन और 22 पुड़िया ब्राउन शुगर (486 ग्राम) बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सफेद रंग के स्कार्पियो वाहन से ब्राउन शुगर की तस्करी की जा रही है। सूचना के बाद टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम नवासोसो स्थित लिची बगीचा पहुंची। इसी दौरान स्कार्पियो वाहन 15 मिनट बाद पहुंचा। पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो वाहन में सवार व्यक्ति भागने लगा। टीम ने खदेड़कर उसे पकड़ लिया। जांच करने पर उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया।



**टांगी से मारकर वृद्ध महिला की हत्या, पोती गंभीर**

रांची : रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र के कुम्भा टोली में एक बुजुर्ग महिला की टांगी से मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना में मृत महिला की पोती भी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला दृष्टि मुंडा (65) का अपने पड़ोसी सूरज से काफी दिनों से विवाद चल रहा था।

विवाद इतना बढ़ गया कि सूरज ने बुजुर्ग महिला पर टांगी से हमला कर दिया। इससे बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। बताया गया कि घटना के दौरान जब बुजुर्ग महिला की पोती अपनी दादी को बचाने गई तो सूरज ने उस पर भी हमला कर दिया। इस हमले में बुजुर्ग महिला की 16 साल की पोती भी घायल हो गई। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि कुंभा टोली में एक बुजुर्ग महिला की टांगी से हत्या कर दी गयी।

इस हमले में बुजुर्ग महिला की पोती भी घायल हो गई। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## फुटपाथ दुकानदार संघ ने इफ्तार पार्टी का आयोजन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रमजान के पावन महीने पर झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ और झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता के द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था।

इस इफ्तार पार्टी में फुटपाथ दुकानदार के लगभग सभी लोग उपस्थित हुए। सभी ने इफ्तार के बाद राज्य की खुशहाली के लिए दुआ किया गया।

इस इफ्तार पार्टी में मुख्य रुप से फुटपाथ दुकानदार से बब्लू, इम्तियाज, पप्पू, मोहम्मद फैयाज, अजीत नायक और कई दुकानदार शामिल हुए।

# रांची में पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से रांची में पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा सात अप्रैल को आयोजित होगा। परीक्षा पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न एक बजे तक नौ परीक्षा केन्द्रों पर होना है। इनमें विवेकानन्द विद्या मंदिर, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मनन विद्या मंदिर, संत जॉन हाई स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, संत पॉल कॉलेज, संत अलोईस इंटरमिडिएट कॉलेज, संत अन्ना इंटरमिडिएट कॉलेज और संत अन्ना गर्ल्स हाई स्कूल शामिल है। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने और विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक के जरिये पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में शामिल छात्र, उनके अभिभावक और असामाजिक तत्व के जरिये परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा की आशंका को देखते हुए एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार ने धारा-144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गयी है। यह निषेधाज्ञा सात अप्रैल के प्रातः 06:30 बजे से अपराह्न चार बजे तक प्रभावी रहेगा। निषेधाज्ञा में पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने पर पाबंदी होगी। साथ ही किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर चलने और किसी प्रकार की बैठक एवं आमसभा का आयोजन करने पर रोक रहेगी।



## रामनवमी के दौरान विभिन्न चौराहों पर व्यवस्था संभालने वालों की सूची जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रामनवमी पर्व को लेकर विभिन्न चौक चौराहों पर व्यवस्था संभालने के लिए एक सूची जारी कर दी गई है। उनके नाम इस प्रकार हैं सांसद संजय सेठ , पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय , पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, सुप्रिया भट्टाचार्य ,रविंदर वर्मा, राम सिंह ,विक्रम सिंह ,जय सिंह यादव, विजय बर्मन ,राजीव रंजन मिश्रा, पंडित ललित नारायण ओझा, सुनील यादव मामा , निशांत डॉ राजेश गुप्ता, ज्योति माथुर संजू , कामाख्या सिंह, चंचल चटर्जी, रमेश सिंह ,वेद प्रकाश सिंह, प्रवीन झा ,निरंजन शर्मा, अशोक पुरोहित ,संजय पांडे पवन शर्मा , किशोर मंत्री , प्रकाश साहू, कमलेश यादव , सुरेश प्रसाद साहू, ललित पोद्दार , अशोक यादव , संजय पोद्दार , मुरली लाल शर्मा , राजेश सिंह, राजेश लाल ,राजेश महतो, शशि प्रकाश वर्मा , नंद तिवारी ,रुद्र नारायण महतो, गोपाल पारीक, निरंजन कुमार, शंकर सिंह ,मुनचुन राय ,राकेश सिन्हा, नंदकिशोर सिंह चंदेल ,वरुण कुमार साहू ,सतीश यादव ,मयंक गिरी , निशांत उर्फ निशु , सर्वोच्च सलाहकार समिति में डॉक्टर यदुनाथ पांडे, हीरालाल साहू ,रामधन बर्मन ,डॉक्टर वीरेंद्र साहू और जयप्रकाश गुप्ता को निर्वाचित किया गया यह जानकारी प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा ने दी।



## बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता घर से कर सकते हैं मतदान, आयोग करेगा टीम का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** 85 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति डाक मतपत्र का ऑप्शन चुन सकते हैं और अपना वोट घर से ही डाल सकते हैं। साथ ही 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग नागरिक भी घर से वोट डालने के लिए डाक मतपत्र का विकल्प चुन सकते हैं। चुनाव आयोग ने दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक को यह सुविधा प्रदान की है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि इसके लिए एक फार्म भरना होगा। यह फार्म चुनाव आयोग (ईसीआई) की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। घर से मतदान का विकल्प चुनने वाले दिव्यांग मतदाताओं के पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना चाहिए। 85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को बीएलओ के पास मौजूद फॉर्म 12डी भरकर देना होगा या फिर इस फार्म को निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में स्थित मतपत्र कोषांग से भी प्राप्त किया जा सकता है।

फॉर्म को भरकर अपने बीएलओके पास जमा करा दें। फार्म में वोटर कार्ड में दर्ज एपिक नंबर जरूर भर दें। दिव्यांग नागरिक अपने फार्म के साथ 40 प्रतिशत से अधिक का दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी संलग्न करें। इसे बीएलओ के पास जमा करें या सीधे निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) मुख्य मतदान के दिन से पहले घरेलू मतदान के लिए दिन तय करते हैं। मतदाताओं को घर पर ही डाक मतपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। वे इस पर अपनी पसंद के उम्मीदवार को चिह्नित करेंगे। घर पर मतदान करने के लिए चार से पांच लोगों की टीम गठित होगी, जिनमें चुनाव अधिकारी, एक वीडियोग्राफर और पुलिस शामिल रहेंगे। टीम घर पर मतदाता के मतपत्र को मतपेटी में डालने को कहेगी। मतदान की प्राइवेसी के लिए वहां एक पार्टिशन किया जाएगा।मतदान की वीडियोग्राफी भी की जानी है। इस तरह बुजुर्ग मतदाता और दिव्यांग अपने घर बैठे ही वोट डाल पाएंगे। अपनी सेवाएं दे रहे वॉलिंटियर्स इसमें सहायता करेंगे।

## श्री महावीर मंडल रांची ने डीआइजी रांची से शिष्टाचार मुलाकात की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** श्री महावीर मंडल राँची कें अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू के नेतृत्व में श्री महावीर मंडल राँची कें सभी नवनिर्वाचीत पदाधिकारीगण, राँची जोन के डीआईजी अनूप बिरथरे से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बुके एवं चुनरी देकर उन्हें रामनवमी के उपलक्छ में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीआईजी ने सभी पदाधिकारियों को निर्वाचित होने का बधाई दिए।सम्मनित करने के उपरांत ऐतिहासिक रामनमवी महोत्सव कि विस्तृत जानकारी भी दी गयी!



प्रतिनिधिमंडल मे श्री महावीर मंडल राँची कें अध्यक्ष शरवि कुमार पिंकू मंत्री -दीपक ओझा, प्रचार मंत्री -मुन्ना शर्मा सहित अन्य रामभक्त उपस्थित थे।इस अवसर पर श्री महावीर मंडल राँची के अध्यक्ष एवं अन्य सभी पदाधिकारियों के बातों को सुनने के बाद डीआईजी ने आश्वस्त किया की इस मंगलवारी से लेकर पुरे रामनवमी के आयोजन तक जिस तरह का सहयोग जिला प्रशासन के द्वारा प्रत्येक वर्ष मिलते आया है । आचार सहिंता को देखते हुए इस वर्ष भी अधिक से अधिक साधन ओर सहयोग समितियों ओर रामभक्तो को उपलब्ध कराया जायेगा। डीआईजी ने यह भी कहा की इस वर्ष रामनवमी मे आखाड़ों एवं जुलूसों में सुरक्षा व्यवस्था के साथ - साथ रामनवमी के समस्त आयोजन हेतु पूर्व की तरह ही समयानुसार वाहन उपलब्ध करा दिया जायेगा।

# आईसीटी अनुदेशकों को तकनीकी कौशल में सुधार लाने का निर्देश दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से राज्य में कार्यरत आईसीटी अनुदेशकों के लिए मूल्यांकन सत्र का आयोजन किया जा रहा है। ये सत्र 21 अप्रैल तक कुल 18 बैच में चलेगा। शनिवार को सत्र के दौरान उन्हें निर्देशित करते हुए प्रतिदिन टाइम स्टांप के साथ चार क्लासेस रिपोर्ट करने को कहा गया है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सचिन कुमार ने आईसीटी अनुदेशकों को अपने तकनीकी कौशल में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के मासिक टेस्ट और क्विज को देखते हुए अनुदेशक बच्चों को सिलेबस आधारित तैयारी कराएं। इन प्रशिक्षकों के मूल्यांकन के बाद इन्हें विभिन्न आईसीटी योजनाओं, पहलुओं से उन्मुख किया जाएगा। इन आईसीटी प्रशिक्षकों का नियमित कंप्यूटर कक्षाएं आयोजित करने से लेकर केंद्रीय पोर्टल के माध्यम से उपयोगिता की रिपोर्ट (टाइम स्टांप फोटो के साथ) तैयार करने, जे-गुरूजी एप्लीकेशन के बारे में जागरूक करने के साथ ही ऑफलाइन ई-कंटेंट के इंस्टालेशन से संबंधित उन्मुखीकरण भी किया जाएगा।

**टाइम स्टांप के साथ उपयोगिता भेजना अनिवार्य:** मूल्यांकन सत्र के दौरान राज्य पदाधिकारियों ने आईसीटी अनुदेशकों को टाइम स्टांप के साथ उपयोगिता से संबंधित रिपोर्ट करने का निर्देश दिया। यदि कोई प्रशिक्षक प्रतिदिन चार कक्षाओं की रिपोर्ट टाइम स्टांप के साथ नहीं भेजता है तो उसपर कार्रवाई की जाएगी। राज्य शिक्षा परियोजना टीम ने आईसीटी अनुदेशकों से भी बातचीत की और योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए उनका फीडबैक लिया। इस मूल्यांकन सत्र के संचालन में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सचिन कुमार, अनिल दुबे, चंदन कुमार समेत राज्य शिक्षा परियोजना की आईसीटी टीम शामिल रही।

## राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर 16 को होगी सुनवाई

**रांची :** अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को आयकर रिटर्न नहीं भरने के एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 16 अप्रैल निर्धारित की है। राजेश कोड़ा की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि राजेश कोड़ा पर आयकर रिटर्न नहीं भरने का आरोप है।

# शांति समिति की बैठक में जिला प्रशासन ने कहा अगर कोई गुंडागर्दी हुई तो हर चुनाव में जायेगा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रमजान, ईद, सरहुल ,बैसाखी, रामनवमी पर्व सभी इसी महीने में है। विधि व्यवस्था बेहतर रहे इसको लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी । इस बैठक के अध्यक्षता रांची उपायुक्त राहुल सिन्हा ने किया । इस बैठक में उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसएसपी चंदन सिन्हा, एसडीएम उत्कर्ष कुमार, विधि व्यवस्था राजेश्वर आलोक, सीबीआर डीएसपी समद राम सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों के डीएसपी, थानेदार और शांति समिति के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। सभी ने अपने अपने क्षेत्रों में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर उपायुक्त राहुल सी ने कहा कि रमजान महीना अब खत्म के होने को है एक साथ है इसके बाद भाई साहब और रामनवमी पर्व है जो इसी महीने में किसी तरह से कोई भी शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करेगी तो उस पर तुरंत कार्रवाई होगी और जेल भेजा जायेगा। कोई एसपी चंदन सी ने कहा की कोई भी बदमाश क्रिमिनल अपराधी या ऐसे व्यक्ति जो मोहल्ले में शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करती है उसे कहते हैं तो वह यह ना समझे कि पुलिस उसे नहीं जानती है या नहीं पहचानती है पुलिस को हर गतिविधियों की जानकारी होती है इसलिए सतर्क रहें। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि अगर कोई भी मोहल्ले में बस्ती में गुंडागर्दी करता है या विधि व्यवस्था भंग करता है तो वह सोच ले की चुनाव आयोग का सख्त निर्देश है वैसे बदमाश लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी । ऐसी कार्रवाई होगी कि जब जब चुनाव आएगा तो वह जेल में बंद रहेगा। इस बैठक में राजीव रंजन मिश्रा , जय सिंह यादव , अजय सिंह, अकीउर रहमान , जितेंद्र गुप्ता, असलम परवेज, अजय तिर्की, बबलू मुंडा सहित विभिन्न समुदायों एवं संगठनों के लोग शामिल थे।



# झारखंड में झुलसाने लगी गर्मी, कई जिलों में पारा पहुंचा 42 डिग्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मौसम के तेवर में हर बदलते दिन के साथ बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी झुलसाती गर्मी और उमस लोगों को महसूस होती है तो अगले ही पल बादल भी धूप के साथ लुकाछिपी खेलता हुआ दिख जाता है। अप्रैल महीने की शुरुआत होते ही बढ़ती गर्मी और हीट वेव को लेकर चेतावनी जारी की जा रही है। राज्य में कई जिलों में तापमान 41 डिग्री से अधिक हो गया है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार शनिवार को राज्य में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। सबसे अधिक तापमान सरायकेला-खरसावां जिले में दर्ज किया गया। यहां का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य के पूर्वी भागों में सात से आठ अप्रैल को कहीं-कहीं लू चलने की आशंका है। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ जिलों में पड़ने की संभावना है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार राज्य के पूर्वी हिस्से में कुछ जगहों पर उष्ण लहर की स्थिति देखी जा रही है। लेकिन, बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोन से लोगों को राहत मिलेगी। अगले तीन दिनों में गरज के साथ बारिश होगी, जिससे गर्मी से थोड़ी निजात मिलेगी। रविवार को तेज हवाएं चलेंगी, जिसकी रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर के बीच हो सकती है। नौ अप्रैल को राज्य के दक्षिणी हिस्से में कहीं-कहीं तेज हवाएं चलेंगी। गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। वज्रपात भी हो सकता है। राज्य में अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों के दौरान इसमें चार से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।



# रमजान के आखिरी अशरे में क्या होती है लैलत-अल-कद्र

**मोहम्मद आफताब आलम**

इसमें कोई शक नहीं है कि इस दुनिया में हम इंसानों से पहले भी कई कई उम्मतें रही हैं, जिनमें से सबसे अच्छी उम्मत है उम्मत-ए-मोहम्मदिया. उन्हें बेशुमार दौलत, नेमत और विशेषाधिकारों से नवाजा गया है. उन्हीं में से एक रमजान का पाक महीना भी है. इसलिए, अल्लाह ने इस माह के अखिरी असरे यानी 20 से 30वें रमजान के दौरान कुछ ऐसी रातों की इनायात अपने बंदों पर की है जिसकी एक रात एक हजार रातों से भी बेहतर मानी जाती हैं. अल्लाह ने इन्हीं रातों में पवित्र कुरान को उतारा जो जो पूरी इंसानियत के लिए हिदायत और मार्गदर्शन का काम करती है. इस रात को फरिश्ते अल्लाह के हुक्म से बंदों की नियति (साल भर की किस्मत) के साथ जमीन पर उतरते हैं. यह रात सभी आफतों से हिफाजत की रात है. दुआओं से भरी इस रात का सिलसिला सुबह सादिक तक जारी रहता है।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, रविवार, 7 अप्रैल 2024 | पेज 4


## पांच साल बाद फिर होगा हिन्दूगढ़ी चौक में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पांच साल के बाद इस वर्ष फिर से रामनवमी के पूर्व संध्या पर केडी हिन्दूगढ़ी चौक में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन होगा.इसे लेकर केडी बाजार में स्थानीय लोगों की एक बैठक हुयी. अध्यक्षता रमेश शर्मा ने किया. बैठक में चर्चा किया गया कि वर्ष 1991 से होता आ रहा यह आयोजन अंतिम बार वर्ष 2019 में हुआ था. इसके बाद कोरोना बीमारी के कारण प्रतियोगिता बंद करना पड़ा. केडी रोड के चौड़ीकरण के कारण हिन्दूगढ़ी चौक का भी पुनर्निर्माण करना पड़ा. हिन्दूगढ़ी चौक अपना आकार ले चुका है. पांच साल बाद इस साल फिर से प्रतियोगिता को लेकर स्थानीय लोग उत्साहित हैं.संचालन रतन मिश्रा ने किया. बैठक में आयोजन कमेटी का गठन किया गया. जिसमें रंजनसिंह बिट्टू को अध्यक्ष मनोनीत किया गया. वहीं बुकबुका के पंचायत समिति सदस्य धीरज बहादुर उर्फ मार्शल को महासचिव बनाया गया. उपाध्यक्ष भोला राम, प्रिंसराज सिंह, विनोद निषाद कारू व राजेश वर्मा, सहसचिव अश्विनी खां, मयंक सिंह, अरूण यादव व रवि सिंह, कोषाध्यक्ष रतन मिश्रा व मिथिलेश सिंह, संयोजक अरविन्द सिंह, संरक्षक सत्येन्द्र सिंह, राजनसिंह राजा, मिथिलेश सिंह, सुशील अग्रवाल, राजेशसिंह मिंटू, रमेश शर्मा, अमरभूषण सिंह, प्रवीण राठौर, विकास सिंह, सूर्यकांत सिंह, दिलीप पासवान, गिरिधर तिवारी, रंजन सिंह, कृष्णचंद्र, अवधेश यादव, राजेन्द्र चौहान, पंकज मिश्रा, धीरेन्द्र प्रसाद, घंटू पांडेय, कार्यकारिणी सदस्यों में विक्की सिंह, संतोष दूबे, राजेन्द्र प्रसाद, उदयभान सिंह, श्रीकान्त शर्मा, पवनराज सिंह बंटी, बलवंत सिंह, पवन चंद्रवंशी, नवीन ठाकुर, सुनील कश्यप, छोटू सिंह, हरेन्द्र सिंह, अनुप वर्मा, छोटू पांडेय, डंपू सिंह, कुमुद रंजन सिंह, रंजीत केशरी, अजीत सिंह, मोनू सिंह, सोनू सिंह, संजय कामत, कन्हैया झा, सूरज कुमार, दीपक कुमार, आदित्य सिंह, शिवम सिंह, भोला यादव, सागर राम, अशोक रावत, रंजीत केशरी, अमरदीप राय, सत्येन्द्र खरवार, बबलू सिंह आदि शामिल हैं.

## केंद्रीय पुलिस बल के लिए बनाए गए क्लस्टर का किया निरीक्षण

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार व अंचल अधिकारी प्रणव अम्बस्ट के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय पुलिस बल के लिए बनाए गए क्लस्टर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पुरानीराय का निरीक्षण किया गया. साथ ही मतदान केंद्र संख्या 56, 57 राजकीयकृत मध्य विद्यालय पुरनीराय ,मतदान केंद्र संख्या 58 राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय डून्डु , मतदान केंद्र संख्या 59,60 राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बमने का भी निरीक्षण किया .सभी विद्यालयों में आवश्यक बुनियादी सुविधा यथा रैंप,बिजली, पानी, शौचालय इत्यादि का निरीक्षण किया गया.इसके पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी के कक्ष में सभी सेक्टर पदाधिकारियों के साथ चुनाव से संबंधी तैयारियों की समीक्षा की गयी.सभी सेक्टर पदाधिकारियों से मतदान केंद्रों पर उपलब्ध आवश्यक सुविधा, रूट प्लान, मतदाता जागरूकता समूह , वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधा, पोस्टल बैलट, इत्यादि विषयों पर समीक्षा किया गया.

## उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल के शिक्षक प्रतिनिधि चुने गए मुकेश व रोजी

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में शिक्षकों की वार्षिक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में सर्वसम्मति से शिक्षक मुकेशकुमार सिंह व शिक्षिका रोज़ीमगदली टोप्पो का सत्र 2024-2025 के लिए शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में चयन किया गया.प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने इस दायित्व के लिए दोनों को बधाई दी. वहीं मुकेशकुमार सिंह व रोज़ीमग़दली टोप्पो ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में वे शिक्षकों के हित में काम करेंगे. वे शिक्षकों व स्कूल प्रबंधन के बीच एक मज़बूत कड़ी के रूप रहेंगे.इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

## ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ने एक विशेष डिस्प्ले सेंटर खोला

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरफेसिंग सॉल्यूशन के लिए दुनिया के शीर्ष 3 निर्माताओं में से एक ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ने हाल ही में पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर के सिटी सेंटर में स्वाति पॉलीग्रेनाइट में अपने डिस्प्ले सेंटर का उद्घाटन किया। इस डिस्प्ले में मिकासा फ्लोर और डेकोवुड विनियर की एक विशेष रेंज होगी, जो इस सेगमेंट में उत्पादों का इतना विविध संग्रह पेश करने वाला शहर का पहला स्टोर होगा।डेकोवुड विनियर 200 से अधिक प्रजातियों के लकड़ी के विनियर का एक विशाल संग्रह प्रदान करता है, जिसमें गहराई और परिष्कार के लिए टीडी तकनीक जैसी नवीन तकनीक शामिल है। उनके उच्च घनत्व वाले दृढ़ लकड़ी और प्लाईवुड स्थायित्व और स्थिरता प्रदान करते हैं। मिकासा फ्लोर इंजीनियर्ड वुड फ़्लोरिंग का एक व्यापक चयन प्रदान करता है, जिसमें ऐसी प्रजातियाँ, रंग और बनावट शामिल हैं जो असली लकड़ी की प्रामाणिक सुंदरता को दोहराती हैं।

## जेके सीमेंट ने ग्रे सीमेंट कारोबार की शुरुआत की

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सीमेंट उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी जेके सीमेंट ने बिहार में अपना ग्रे सीमेंट कारोबार शुरू करके आकर्षक पूर्वी भारतीय बाजार में प्रवेश की घोषणा की है। पटना के प्रतिष्ठित होटल मौर्य में धूमधाम से इसका अनावरण किया गया, जो देश भर में विकास के लिए जेके सीमेंट की प्रतिबद्धता और बिहार के बुनियादी ढांचे के विकास में इसके योगदान का प्रतीक है।जेके सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ऋहम राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के अपने मिशन के साथ बिहार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए रोमांचित हैं। बिहार की विकास क्षमता निर्विवाद है, और जेके सीमेंट अपने बेहतरीन उत्पादों और अभिनव समाधानों के साथ क्षेत्र की सीमेंट जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है।ऋशुरुआती चरण में जेके सीमेंट दक्षिणी बिहार के नौ जिलों को कवर करेगा, अपने प्रमुख उत्पाद, जेके सुपर सीमेंट को बिहार की बाजार मांगों के अनुरूप टिकाऊ और छेड़छाड़-प्रूफ एलपीपी पैकेजिंग में पेश करेगा।

## महागठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने खूंटी लोकसभा क्षेत्र का किया दौरा

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक विकास कुमार मुंडा इन दिनों तमाड़ विधानसभा क्षेत्र भ्रमण पर हैं। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और विधायक विकास कुमार मुंडा एक साथ दर्जनों गांवो में क्षेत्र भ्रमण करते हुये महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिये लोगो से अपील किये। महागठबंधन प्रत्याशी और विधायक ने मानकीडीह, लुंगटू, परासी,चयाडीह,चिरगलडीह,कोकाडीह, आदि गांवो में बैठक कर केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आम जनता से किये गये झूठे वादे को याद दिलाते हुये महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में वोट देकर भ्रष्ट भाजपा सरकार को जवाब देने की बात कही। महागठबंधन पूरी ताकत से इस चुनाव को लड़ रहे हैं। यह समय बीजेपी के दुष्प्रचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहकर संघर्ष करने का समय है। भाजपा प्रत्याशी का गांव-गांव में लोगो द्वारा विरोध देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच बीजेपी को बेनकाब करेंगे और जनहित के हर मुद्दे पर पार्टी की गारंटियों का प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा देश राहुल गांधी के साथ खड़ा है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार जनता से किए वादे पूरे नहीं कर पाई है। जनता मोदी सरकार के खिलाफ माहौल है। राहुल गांधी ने अपनी %भारत जोड़ो यात्रा% में जनता को न्याय की गारंटी दी है। भारत की जनता को न्याय के सिवा कुछ नहीं चाहिए। 2024 का यह चुनाव धनतंत्र और गरीब जनता के बीच का चुनाव है। कांग्रेस पार्टी जन तंत्र से लोकतंत्र को बचाना चाहती है। पिछले 10 वर्षो संसदीय क्षेत्र का विकास ठप- कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने वर्तमान सांसद अर्जुन मुंडा पर जमकर आरोप लगाए और कहा कि पिछले 10 वर्षों में संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। सेना में जाने वाले युवाओं के साथ विश्वासघात कर अग्निपथ योजना को लागू कर युवाओं का मनोबल तोड़ने का काम किया है। केंद्र सरकार ने ईडी, सीबीआई और आयकर जैसी जांच एजेंसियों पर नियंत्रण किया हुआ है।

# इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जेपी पटेल का बचरा में हुआ स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी व मांडु विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का शनिवार को पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक में जोरदार स्वागत किया गया।जानकारी के अनुसार बचरा चार नम्बर स्थित शहीद कृष्णा महतो चौक मे कांग्रेस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से जय प्रकाश भाई पटेल का बुके देकर माला व पहनाकर स्वागत किया,साथ ही अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और आगामी लोकसभा चुनाव पर विस्तार से चर्चा की।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में लग जाने और कांग्रेस पार्टी के उद्देश्य एवं सिद्धांत को घर-घर तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। जिसका आगामी लोकसभा चुनाव में देश की जनता जवाब देने का काम करेगा।हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इस बार इंडिया गठबंधन की ओर से उन्हें सांसद का उम्मीदवार बनाया गया है,जिस पर उन्होंने पार्टी नेताओं और गठबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी जीत का दावा किया।उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में आम जनता इंडिया गठबंधन के पक्ष में हैं और यहां से हम लोगों की जीत होगी।उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर तैयारी में लग जाने का आह्वान किया।इसके अलावे जल्द ही पिपरवार में इंडिया गठबंधन की एक बड़ी रैली करने का की घोषणा की।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आमलेशा, जोजोड़ीह जाराड़ीह व दिसीपीड़ी में जनसंपर्क किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के आमलेशा,जोजोड़ीह और जाराड़ीह गांव में वहीं अड़की प्रखंड क्षेत्र के दिसीपीड़ी गांव में शनिवार केंद्रीय जनजाति कार्य एवं कृषि मंत्री स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा ने नुक्कड़ बैठकें की इस दौरान जगह-जगह केंद्रीय मंत्री का ग्रामीणों के द्वारा स्वागत किया गया।मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बैठक में लोगों से सीधी बात करते हुए देश राज्य और गांव की वर्तमान परिदृश्य और आने वाले दिनों में वर्तमान केन्द्र सरकार के संकल्पों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में हरेक घर पर सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा के तहत बिजली पैदा की जाएगी 300 यूनिट तक सभी को बिजली मुफ्त मिलेगी और इससे अधिक बिजली पैदा होने पर उसे पावर ग्रिड में संरक्षित किया जाएगा और उसके बदले लाभुकों के जन-धन खाते में सीधे पैसा भेजा जाएगा जो वाकई में पुरे विश्व में एक अभूतपूर्व योजना होगी। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस पर उनकी जन्मभूमि से मस्तक पर पवित्र मिट्टी को तिलक लगाकर 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है जिसके लिए हम सबको उनका साथ देकर एक मजबूत देश की सरकार बनानी है।मौके पर कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, विनोद सिंह, लक्ष्मण सिंह मुंडा,हरीश चंद्र मुंडा, समरेंद्र मुखर्जी,महेश मछुवा, राधाकृष्ण मुंडा, योगेंद्र मुंडा, अनिता देवी, विष्णु पद महतो, विशाल गुप्ता, विनोद राय,मनोज पंडा, हरदीप स्वांशी, श्रीकांत अहीर,दिनेश साहू,अंगद महतो,उदय महतो,महावीर सोनी,विवेक गुप्ता, कृष्ण सिंह मुंडा, प्रकाश सिंह मुंडा,अनुप मुंडा,कन्हाई पातर, दामोदर सिंह मुंडा,तेज नारायण मुंडा आदि उपस्थित थे।

# विधायक विकास मुंडा व लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने एक साथ जनसंपर्क अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और झारखंड मुक्ति मोर्चा के तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा इन दिनों तमाड़ विधानसभा क्षेत्र भ्रमण पर हैं। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और विधायक विकास कुमार मुंडा एक साथ दर्जनों गांवो में क्षेत्र भ्रमण करते हुये महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिये लोगो से अपील किया। महागठबंधन प्रत्याशी और विधायक ने मानकीडीह, लुंगटू, परासी, चालाडीह, चायाडीह, चिरगालडीह, कोकाडीह आदि गांवो में ग्रामीणों के साथ बैठक किया। विकास मुंडा ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आम जनता से किये गये झूठे वादे को याद दिलाते हुये महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में वोट देकर भ्रष्ट भाजपा सरकार को जवाब देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी का गांव-गांव में लोगो द्वारा विरोध देखा जा रहा है। विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा की सेना में जाने वाले युवाओं के साथ विश्वासघात कर अग्निपथ योजना को लागू कर युवाओं का मनोबल तोड़ने का काम किया है। केंद्र सरकार ने ईडी, सीबीआई और आयकर जैसी जांच एजेंसियों पर नियंत्रण कर विपक्ष को डराना चाहती है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डट कर सामना किया। झारखंड झूकेगा नहीं। महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देना है। मौके पर अजय साहु, संजय सेठ, अरविंद कुमार, अमित सिन्हा, मुन्ना महतो, प्रदीप मुंडा, ब्राह्मनन्द सिंह मुंडा, विश्वनाथ मुंडा, जागरण सिंह मुंडा, उमेश महतो, आदि शामिल थे।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता गोल फॉर वोट के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता सह गोल फॉर वोट का आयोजन किया गया। इसके साथ ही इस दौरान उपस्थित बच्चों एवं युवाओं को जागरूक करने के क्रम में बताया गया कि मतदान एकमात्र ऐसा साधन है जिससे देश की जनता स्वयं अपने देश का विकास निर्धारित कर सकती है। बताया गया कि व्यक्ति का मत अनमोल है। इस दौरान जागरूक मतदाता के कर्तव्यों का पूर्ण पालन करने व सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार की महत्ता से अवगत कराने हेतु अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए खेल प्रतिभागियों ने इस चुनाव में एक भी मतदाता न छूटे का संदेश प्रेषित किया। बताया गया कि 18 वर्ष से ऊपर सभी अपना पंजीकरण कराएं, 15 अप्रैल तक प्रपत्र - 6 प्राप्त करें और जागरूक मतदाता बनें। हम सभी को अपने स्तर से मतदाता जागरूकता के इस महाभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। इसके साथ ही लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बिरसा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित ÷गोल फॉर वोट÷ खेल प्रतिगिताओं में Election Masscot "i-Bhai" ने मनोरंजक रूप से मतदाताओं को जागरूक किया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में नगर भवन, खूंटी में रामनवमी, ईद उल फितर एवं सरहुल का त्योहार सौहार्द और शांतिपूर्ण पूर्ण वातावरण में मनाने के निमित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आगामी त्योहारों के आयोजन में हर संभव मदद किया जाएगा। लेकिन, आदर्श आचार संहिता के आलोक में रात 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी त्योहारों पर समान रुप से एमसीसी लागू है। किसी तरह के जुलूस में राजनीतिक झंडा, नारे का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। एमसीसी का उल्लंघन कतई क्षम्य नहीं होगी। एमसीएसी का उल्लंघन करने पर आयोजकों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि सौहार्द और शांतिपूर्ण त्योहार मनाना सामुहिक जिम्मेवारी का कार्य है। शोभा यात्रा के दौरान प्रशासनिक दृष्टिकोण से उचित सभी व्यवस्थाएं कराई जाएंगी। विभिन्न रामनवमी समिति की मांग के आलोक में उन्होंने कहा कि एमसीसी के दौरान पर्व त्योहारों के अवसर पर कोई भी नया कार्यक्रम आयोजित करने हेतु अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी नये अखाड़ा दल के लिए झंडा का लाईसेंस निर्गत नहीं किया जाएगा। अखाड़ा दल अपने पुराने रुट का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि शोभा यात्रा के दौरान लोगों की गतिविधियों पर विडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक, खूंटी अमन कुमार ने जिला में सभी त्योहार साम्प्रदायिक सौहार्द के वातावरण में मनाया जाता रहा है। हमें अफवाहों पर हरगिज ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय में एक-दो असमाजिक तत्व निकल ही जाते हैं जो माहौल को खराब करने का प्रयास करते हैं। ऐसे तत्वों पर विशेष निगाह रखी जानी चाहिए। आपस में समन्वय बनाकर कार्य करना हमारी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि पूर्व की तरह इस शोभा यात्रा के दौरान झांकी वाले वाहनों के उपर छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियों को नहीं बैठाया जाना चाहिए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में भड़काऊ एवं राजनीति से संबंधित गाने नहीं बजाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शोभा यात्रा के दौरान सभी अखाड़ा दल अपने स्तर से पर्याप्त संख्या में एक विषिष्ट पहचान के साथ कार्यकर्ताओं की तैनाती करेंगे जो शोभा यात्रा आरंभ होने से अंत तक मुस्तैदी से क्रियाशील रहेंगे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, खूंटी अनिकेत सचान ने प्रखंडवार रामनवमी समिति के पदाधिकारियों से उनकी समस्याएं सुनी और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि रामनवमी के दिन जिले में शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। शोभा यात्रा के दौरान जिला अंतर्गत विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत द्वारा नगर क्षेत्र में शोभा यात्रा से संबंधित मार्गों की साफ-सफाई कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि कर्रा रोड,खूंटी में विधि-व्यवस्था संधारण के क्रम में बैरियर लगाया गया है। उन्होंने अखाड़ा दल को निर्देश दिया कि बैरियर से अधिक उंचाई की झांकी का निर्माण नहीं कराया जाना चाहिए। बैठक में जिला के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं केंद्रीय रामनवमी महासमिति, अंजुमन इस्लामिया खूंटी सहित विभिन्न प्रखंडों की रामनवमी समिति के पदाधिकारी शामिल थे।

## हिंडाल्को सी एस आर विभाग के द्वारा 25 टीवी मरीजों के बीच किट व मल्टीपल दवाइयां वितरित



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंडाल्को में सी एस आर विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत 25 टीवी मरीजों के बीच किट और मल्टीपल दवाइयां का वितरण किया गया है। इस मौके एचआर हेड अरुण कुमार राय ने टीवी मरीजों के आहार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए,और नशा न करने की अपील की है।वहीं सामुदायिक अस्पताल के डॉक्टर विवेक कुमार ने कहा कि समय से पोषण युक्त भोजन एवं दवाई का प्रयोग करें और पोषण युक्त किट का उपयोग कर स्वस्थ को मजबूत बनाएं।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सी एस आर हेड अनिल कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक कुमार अभिषेक प्रताप सिंह,भरत सिंह तथा सिल्ली स्वास्थ्य केंद्र से डाक्टर विवेक कुमार, रंजीत कुमार,नेन्सी कुमारी, दीपक कुमार ,कमल, नरेश,ब्रज किशोर, अनिता कुमारी का योगदान रहा।

## डीएवी बचरा में बीपीएल कार्डधारी बच्चों के बीच किया गया पुस्तक का वितरण




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को एक सादे समारोह आयोजित कर स्कूल में पिछले तीन वर्षो से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं बीपीएल कार्डधारी बच्चों के बीच निःशुल्क पुस्तक का वितरण किया गया।स्कूल के प्राचार्य आरबी प्रसाद सहित अन्य शिक्षकों ने सभी बच्चों को पुस्तक प्रदान कर बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।इस संबंध में प्राचार्य आरबी प्रसाद ने बताया कि स्कूल में बीपीएल कार्ड धारी के कुल 29 बच्चे पिछले तीन वर्ष से स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में स्कूल प्रबंधन बीपीएल कार्ड धारी बच्चों को हर सुविधा मुहैया करा रही है।उन्होंने सभी बच्चों से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने क्षेत्र स्कूल और अपने राज्य का नाम रोशन करने की अपील की।मौके पर स्कूल के प्राचार्य आरबी प्रसाद,शिक्षक एपी द्विवेदी,सीएस सिंह,आरआर दता,अशोक शर्मा, अंकाक्षा मिश्रा,एके लाल,सुदिसा डे,आभा खन्ना सहित स्कूल के कई शिक्षक मौजूद थे।

## किरिगड़ा में पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोहण



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र किरिगड़ा में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आगामी 19 अप्रैल से 23 अप्रैल तक होने वाले श्री श्री 1008 सह पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण किया गया।ध्वजारोहण कार्यक्रम को लेकर इलाहाबाद से आये हुए पंडित लक्ष्मी पुकांत पांडे के सानिध्य में झंडा पूजन का गांव के सीमाओं में परिभ्रमण किया गया।इस परिभ्रमण के दौरान गांव के चारों ओर श्री श्री रुद्र महायज्ञ का ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम को लेकर गाजे बाजे के साथ जय श्री राम का उद्घोष करते हुए श्रद्धालु भक्तजनों ने ध्वाजारोहण किया गया।इस दौरान गांव की महिलाएं बच्चे युवती सहित काफी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल हुए।इस संबंध में आचार्य लक्ष्मी नारायण पांडे ने बताया कि आगामी 19 अप्रैल से 23 अप्रैल तक शिव मंदिर के प्रांगण में श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ के प्रथम दिन कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।इसके पश्चात जलधिवास,अरणी मंथन,यज्ञ मंडप में प्रवेश, सभी देवी देवताओं को यज्ञ मंडप में प्रवेश कराकर यज्ञ मंडप परिक्रमा का शुभारंभ किया जाएगा।इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो,सचिव हीरा महतो,कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार महतो,संरक्षक जानकी महतो,काशीनाथ महतो, राजेश महतो,विनोद महतो, राजकुमार महतो,श्रवण महतो,कौशलेश महतो,बाल गोविंद महतो,अरुण कुमार, गणेश महतो,जगदीश महतो, अनिल नायक,कृष्णकांत महतो,विजय कुमार,नमिता देवी,रेणुका देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु भक्तजन मौजुद थे।

## पिपरवार के बिलारी गांव मे हुई रामनवमी व सरहुल पूजा महासमिति की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी शिव मंदिर के प्रांगण में रामनवमी व सरहुल पूजा महासमिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता नागेश्वर महतो और संचालन पंकज कुमार दास एंव अमर कुमार महतो ने संयुक्त रूप से किया।इस बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिलारी गांव मे रामनवमी एंव सरहुल पूजा धुमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में सर्वसम्मति से रामनवमी जुलुश व मेला का आयोजन करने एंव सरहुल पूजा शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया।बैठक में रामनवमी एंव सरहुल पूजा के सफल संचालन को लेकर पुरानी समिति को यथावत रखने का प्रस्ताव पारित किया गया।बैठक मे देवी मंडप से शोभायात्रा निकालने पर सहमति बनी।यह शोभा यात्रा इलाके का भ्रमण कर शिव मंदिर बिलारी पहुंचेगी, जहां अस्त्र-शस्त्र खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा,जिसमे विभिन्न गांवो की टीम शामिल होगी। प्रतियोगिता में शामिल टीमों को समिति के द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।बैठक में इसकी तैयारी को लेकर समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक में मुख्य रूप से रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विमल महतो,संरक्षक बसंत नारायण महतो,नागेश्वर महतो,जितेंद्र राम,धनेश्वर महतो,सरवन महतो,महावीर मुंडा,अमर कुमार महतो, पंकज कुमार दास, विजयलक्ष्मी देवी,सुनीता देवी,अनीता देवी,मलको देवी,बलिया देवी सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## विश्व स्वास्थ्य दिवस 2024: मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार के मुद्दों पर डॉ कल्याण कुमार का जोर

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया, जमशेदपुर के कंसलटेंट - जनरल मेडिसिन एंड डायबिटोलॉजी डॉ कल्याण कुमार का कहना हैं कि इस वर्ष के विश्व स्वास्थ्य दिवस 2024 की थीम ही इसके महत्व को स्पष्ट करती है। हर साल विश्व स्वास्थ्य दिवस की बदलती थीम जीवन के सर्वोच्च उत्साह स्वास्थ्य के प्रति हमारी भूमिका और भागीदारी को प्रबल बनाती है। शनिवार को जारी प्रेस विज्ञाप्ति में डॉ कल्याण कुमार ने कहा कि व्यक्ति को अपनी बीमारी और उसकी प्रगति के बारे में अच्छी तरह से सूचित और समान रूप से शिक्षित होना चाहिए। हर कोई गुणवत्तापूर्ण और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने का हकदार है। डॉ कल्याण के अनुसार इस वर्ष की थीम के अनुसार बीमारी और स्थितियों को प्राथमिकता देने की जरूरत है। जैसे टीकाकरण विशेषकर पेपिलोमा टीकाकरण के संबंध में जागरूकता, कैंसर से संबंधित नए स्क्रीनिंग कार्यक्रमों सहित सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल को प्राथमिकता देना। सूची में संक्रामक रोगों और इसकी रोकथाम से संबंधित विशेष ध्यान देना घोषणापत्र है। डॉ कल्याण के अनुसार जागरूकता, शिक्षा और रोकथाम - तीन स्तंभों को बहाल और मजबूत करना है। आपकी बीमारी और रोकथाम के तीन स्तरों के बारे में शिक्षा - प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक को रोकथाम के विभिन्न स्तरों पर हस्तक्षेप करने की जरूरत हैं। प्राथमिक रोकथाम पर ध्यान दें जहां आपके स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। साथ ही जोखिम कारकों से संबंधित विशिष्ट सुरक्षा पर भी ध्यान देने की जरूरत बताया।



## झामुमो नेता आस्तिक महतो ने किया बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र का दौरा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो नेता आस्तिक महतो ने शनिवार को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के माटियाबांधी, जांतकाटा, भंडारू आदि गांवों में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में उपस्थित होकर मंदिर में मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली हेतु मंगल कामना की। मौके पर उनके साथ पोटका क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य हिरणमय दास, माटियाबांधी पंचायत के उपमुखिया पिन्टु महतो, ग्राम प्रधान मनि महतो, पवन गिरी, अप्पू महतो, नकुल महतो, मनोज महतो, अजित महतो, समीर महतो, राजेश महतो, सावन हांसदा, अक्षय नायक, कुना महतो, दशरथ हांसदा, फूल्लाई मार्डी, प्रेमचांद मुर्मू, संतोष मंडल एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने वाला शिक्षक गिरफ्तार, गया जेल



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल के चौका पुलिस ने पोक्सो एक्ट के एक आरोपी भूतनाथ महतो को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। इस मामले पर 4 अप्रैल को चांडिल प्रखण्ड अन्तर्गत खुंटी गांव के नव प्राथमिक विद्यालय जाहिरडीह के प्रभार शिक्षक भूतनाथ महतो के नाम पर दो बालिकाओं के साथ अश्लील हरकत का मामला परिजनों ने चौका थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया था। पीड़िता के परिजनों के अनुसार शिक्षक ने दोनों बालिकाओं के साथ स्कूल में ही जबरन अश्लील काम करवाता था जिससे तंग होके दोनों बच्ची स्कूल जाना बंद कर दिया था। आवेदन पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पोक्सो एक्ट के आरोपी शिक्षक भूतनाथ महतो को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## आवासीय बालिका विद्यालय कुकड़ु में शिक्षिका नियुक्ति में लगा धांधली का आरोप, जांच की मांग




**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ु प्रखंड के झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में शिक्षिका नियुक्ति मामले में गड़बड़ी करने का आरोप मुख्यमंत्री, विधायक, उपायुक्त व जिला शिक्षा पदाधिकारी से किया गया है। आवासीय बालिका विद्यालय कुकड़ु में संविदा के आधार पर महिला अभ्यर्थियों से विज्ञापन संख्या 02/2023 दिनांक 06-10-2023 के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया था। विज्ञापन कंडिका 05 के अनुसार आवेदित अभ्यार्थियों का नियुक्ति मैरिट के आधार पर करना था। विभाग द्वारा मैरिट सूची बनाने के बाद इन्टरव्यू भी लिया गया और परीक्षाफल प्रकाशित किए बिना लोकसभा चुनाव 2024 के आदर्श आचार संहिता के बीच ही मनमानी ढंग से शिक्षिका के रूप में योगदान कराया गया। इस मामले में आवेदिका अनिता महतो, जुही कुमारी, सुनीता महतो एवं प्रमिला महतो ने गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई करते हुए नियुक्ति को रद्द करने का लिखित मांग मुख्यमंत्री, विधायक एवं आला अधिकारियों से किया है।

## भाजपा सोनारी मंडल ने मनाया स्थापना दिवस

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस शनिवार को भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार की अध्यक्षता में सोनारी राम मंदिर अटल चौक में मनाया गया। सर्व प्रथम पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पार्टी का झंडा फहराया,एवं आम जनमानस के बीच लड्डू वितरण किया गया। इसके साथ राम मंदिर अटल चौक कागल नगर होते हुए पद यात्रा निकाली पदयात्रा इस्ट लेआउट सबुज संघ सभागार तक गयी जहा पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता ने पार्टी संस्थापक को श्रद्धांजलि दी। सभागार में सर्वप्रथम देश वंदना किया एवं उसके उपरांत मंडल अध्यक्ष सह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मिडिया प्रभारी सोनु ठाकुर, जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह, पश्चिम विधानसभा के विस्तारक सोनू कुमार, नारायण प्रसाद, संजय रजक,राहुल तिवारी, कृष्णा यादव, दिपक घोष एवं पार्टी के सभी सम्मानीय वरिष्ठ एवं कनिष्ठ समर्पित देव तुल्य कार्यकर्ता शामिल थे।



डीसी व एसएसपी ने घाटशिला प्रखंड में चुनाव तैयारियों को लेकर की बैठक, कलस्टर का किया निरीक्षण

# पदाधिकारी को बगैर जीपीएस लगे वाहन में मूवमेंट नहीं करने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा प्रखंड मुख्यालयों में बैठक कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की जा रही है । इसी क्रम में जिले के वरीय पदाधिकारियों ने आज घाटशिला प्रखंड मुख्यालय में समीक्षात्मक बैठक किया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, डीटीओ धनंजय, एसडीएम घाटशिला, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, एसडीपीओ घाटशिला व सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।



बैठक में डिस्पैच सेंटर से कलस्टर एवं कलस्टर से बूथ की दूरी, रूट चार्ट, कम्यूनिकेशन प्लान, क्रिटिकल मतदान केन्द्र, कलस्टर निर्माण, व्यय को लेकर संवेदनशील पॉकेट, एएमएफ आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई । साथ ही कलस्टर में पोलिंग पार्टी व केंद्रीय सशत्र बल के आवासन, भोजन आदि मूलभूत सुविधाओं का आकलन कर पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश प्रखंड के पदाधिकारियों को दिया गया ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने, चेकनाका पर सघनता से वाहन जांच जारी रखने तथा पूरे निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, त्रुटिरहित, पारदर्शी तरीके से सम्पादित कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सेक्टर पदाधिकारी को बगैर जीपीएस लगे वाहन में मूवमेंट नहीं करने का निर्देश दिया गया ।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कलस्टर से बूथ तक पोलिंग पार्टी को पैदल जाना है । मतदान दिवस को सुबह में 5:30 बजे मॉक पोल होना है, ऐसे में कलस्टर से बूथ तक पैदल मार्च समय का पूर्व आकलन कर समय पर बूथ तक पहुंचने, सुरक्षा के दृष्टि से संवेदनशील पॉकेट आदि बिंदुओ पर जरूरी निर्देश दिये गए। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कलस्टर के रूप में चिन्हित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में उपलब्ध सुविधओं का जायजा लिया।

## खरसावां में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड मुख्यालय के सभागार में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के द्वारा उप विकास आयुक्त एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त नें आगामी 13 मई 2024 को खूटी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत खरसावां प्रखंड क्षेत्र में कदाचार मुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न कराने को लेकर की जा रही तैयारियों का बिंदुवार समीक्षा कर आगामी 15 अप्रैल तक सभी मतदान केन्द्रो में सुनिश्चित मुलभुत सुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा बीएलओ के माध्यम से घर-घर निरीक्षण कर बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सूची तैयार करते हुए (85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता) इच्छुक मतदाता जो पोस्टल बैलेट के प्रावधान के तहत मतदान करना चाहते है का सूची तैयार करने तथा सभी बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पर आवगमन हेतू वाहन की सुविधाएं समेत मतदान केंद्र पर दी जा रही सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी साझा कर मतदान के प्रति प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में उपायुक्त नें विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान क्षेत्र में माइक्रो प्लान तैयार कर स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियों, जागरूकता पोस्टर,बैनर आदि के माध्यम से लोगो को मतदान के प्रति प्रेरित करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से बैठक में उपायुक्त के साथ मुख्य रुप से उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बारतियार,एडीसी संजय दास, प्रशिक्षक डीएसपी पूजा कुमारी एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहें।



# जमशेदपुर महानगर के कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया भाजपा का 45वां स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को अपना 45वां स्थापना दिवस मनाया। दिल्ली से लेकर रांची एवं जमशेदपुर महानगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाकर एवं विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी का स्थापना दिवस मनाया और जनसेवा का संकल्प लिया। साकची स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर पार्टी के स्थापना दिवस को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी राज्यसभा के सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर महानगर जिला प्रभारी एवं कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक नंदजी प्रसाद, सह संयोजक एवं पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत पार्टी के वरीय नेताओं के संग सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन जिला महामंत्री राकेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री अनिल मोदी ने किया। वहीं स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान जनसंघ काल से पार्टी को अपने त्याग, समर्पण और परिश्रम से सींचकर भाजपा के रूप में विशाल वटवृक्ष बनाने वाले दर्जनों कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया।



# गम्हरिया डीवीसी मोड़ के समीप अचानक आग लगने से मची अफरा तफरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग से सटे गम्हरिया डीवीसी मोड़ के समीप स्थित मोक्ष अपार्टमेंट जाने के रास्ते मे बने एक चाहरदीवारी के अंदर शनिवार की दोपहर अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी भयंकर थी कि आसपास के लोग तथा मोक्ष अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों में अफरा तफरी मच गई और वे काफी भयभीत हो उठे। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना आदित्यपुर पुलिस, विद्युत विभाग एवं झारखंड अग्निशमन विभाग को दी गई। इस बीच विद्युत विभाग द्वारा उंक्त इलाके की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम दमकल के साथ मौके पर पहुंची और उंक्त भीषण आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। इसके बाद आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त भूमि सरकारी है जिस पर किसी व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर चाहरदीवारी का निर्माण कराया गया है। चाहरदीवारी के अंदर झाड़ी व जंगल है। सम्भवतः किसी शरारती तत्वों द्वारा उसमे आग लगा दी गई है। विदित है कि जहां आग लगी थी, उसके ऊपर से बिजली की तारें दौड़ रही थी जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। किन्तु, समय रहते बिजली काटकर उंक्त आग पर काबू पा लिया गया।



## उपायुक्त एवं एसएसपी ने केन्द्रीय शांति समिति व रामनवमी अखाड़ा समिति के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा टाउन हॉल में जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने केन्द्रीय शांति समिति एवं रामनवमी अखाड़ा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर आगामी पर्व त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था, शांति व्यवस्था एवं जनसुविधाओं तथा सुगम यातायात व्यवस्था के संदर्भ में चर्चा कर सबसे सहयोग की अपील की । उपायुक्त ने कहा कि पर्व-त्योहार खुशियां मनाने और बांटने का अवसर होता है, ऐसा वातावरण बनायें कि लोग परिवार के साथ आपकी खुशियों में शामिल हो सकें । पूरे देश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू है, अतः आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप आयोजन समिति के लोग इस बात का ध्यान रखें। शांति समिति सदस्यों से अपील है कि जुलूस में चलते समय शराब या किसी अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर के कोई व्यक्ति शामिल नहीं हो इसका ध्यान रखेंगे। जुलूस के साथ गाड़ियों में शराब इत्यादि न रखें। डीजे का लाउडस्पीकर या ध्वनि उत्सर्जित करने वाले अन्य उपकरण का उपयोग मानक के अनुसार करें। जुलूस में ऐसे गाने नहीं बजने दें, जो अश्लील हो या धार्मिक उन्माद फैलाये, जिससे शांति का माहौल खराब हो । जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी रखेगी, सावधानी से सोशल मीडिया का उपयोग करें, किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, भ्रामक एवं अपुष्ट खबरों का सत्यापन प्रशासन से जरूर करा लें । किसी भी प्रकार से जुलूस के पुराने रूट चार्ट में विचलन की अनुमति नहीं दी जाएगी। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जुलूस में भारी वाहनों के उपयोग से परहेज करें, जितना छोटा वाहन हो उतना बेहतर । लाठी, तलवार या अन्य प्रकार की कलाबाजी जुलूस में वे लोग ही करें, जिन्हें कलाबाजी ठीक तरीके से आती है। आग या कांच से कलाबाजी दिखाने से युवा परहेज करें। सभी अखाड़ा समिति अपने वॉलंटियर की सूची थाना में उपलब्ध करा दें ताकि समन्वय बनाकर कार्य किया जा सके। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी ।



## पटमदा के चुड़ुबुड़ूपहाड़ में मिली लाश की हुई पहचान

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के चुड़ुबुड़ूपहाड़ में पिछले 27 मार्च को मिली लाश की हुई पहचान पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला अंतर्गत बांदोवान थाना क्षेत्र के कुंचिया गांव निवासी के रूप में हुई है। शनिवार को पटमदा थाना पहुंचे मृतक की पत्नी, बड़े भाई समेत अन्य परिजनों ने पुलिस की ओर से दिखाई गई तस्वीर, कपड़े व जूतों के आधार पर शक्तिपद सिंह (42 वर्ष) के रूप में की गई। मृतक की पत्नी बासंती सिंह ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से पशु चिकित्सक था और पटमदा थाना क्षेत्र के ही गोबरघुसी, जोड़सा, लावा, लच्छीपुर पंचायतों के अलावा गालूडीह थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घूम घूम कर पशुओं की चिकित्सा करता था। वह बताती हैं कि 23 मार्च शनिवार को वह अपने घर से दोपहर करीब 3 बजे उनसे 200 रुपये लेकर क्षेत्र में जाने की बात कहकर निकला था। लेकिन उसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा था और वह लापता हो गया था। अपने स्तर से करीब 10-12 दिनों तक रिश्तेदारों के यहां खोजबीन करने के बावजूद जब कहीं कोई पता नहीं चला तो थक हारकर शुक्रवार को बांदोवान थाना पहुंची और वहां जब गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराना चाहा तो वहां की पुलिस ने पटमदा थाना से संपर्क करने की सलाह दी। इस संबंध में पटमदा थाना में अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।



## महामंत्री अजय मिश्रा के पार्थिव शरीर को जिला कांग्रेस कार्यालय में दी गई सलामी

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अजय मिश्रा का आकस्मिक निधन हो जाने पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने गहरा शोक प्रकट करते हुए शोक संतृप्त परिवार के लिए संवेदना प्रकट किया। अजय मिश्रा का निधन 5 अप्रैल को रात्रि 11:00 बजे हार्ट अटैक के शिकायत के बाद हो गया था। इस खबर को कांग्रेसजनों में फैलते ही शोक की लहर दौड़ पड़ी। सुबह से ही कांग्रेसजनों का तांता बागबेड़ा 5 नंबर रोड निवास पर होना प्रारंभ हो गया। उनके पिता श्री उदय नारायण मिश्र बागबेड़ा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रहे। स्वः अजय मिश्रा अपने पीछे दो पुत्री और एक पुत्र को छोड़कर गए हैं। संध्या समय उनका पार्थिव शरीर बागबेड़ा निवास से प्रस्थान कर कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय पहुंचा, जहां पर विधि विधान से कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर कांग्रेस पार्टी का झंडा एवं पुष्प अर्पित कर सलामी दिया। इससे पहले बागबेड़ा निवास पर ही बागबेड़ा मंडल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राज नारायण यादव, संजय यादव, वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी का झंडा प्रदान कर सलामी दिया। स्वः अजय मिश्रा का अंतिम संस्कार पार्वती घाट में बागबेड़ा निवासियों, कांग्रेसजनों के उपस्थिति में संपन्न हुआ।



## शनिदेव भक्त समिति के राजू चौधरी अध्यक्ष व महेंद्र प्रसाद महासचिव बने

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिदेव भक्त समिति की आम सभा गम्हरिया स्थित पारस गार्डेन में राजू चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर शनि मंदिर का पुनर्निर्माण कराने, समिति का बैंक खाता खोलने तथा इस वर्ष स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल भंडारा तथा संध्या में भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान समिति की पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का पुनर्गठन किया गया। नई कमेटी में सर्वसम्मति से राजू चौधरी को अध्यक्ष, संजय वर्मा, गोविंद शर्मा, अमरेश गोस्वामी, बृजेश सिंह, बुबई दास व शैलेश तिवारी को उपाध्यक्ष, महेंद्र प्रसाद को महासचिव, जगन्नाथ महतो, दिनेश गोराई, सुरेंद्र चौधरी, तारक गोस्वामी व कमल घोष को सहसचिव, तरुण कुमार तिवारी को कोषाध्यक्ष तथा गौरव तिवारी व शुभम वर्मा को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी समिति में 26 सदस्यों को रखा गया है। बैठक में गायत्री चौधरी, मीरा तिवारी, मधु वर्मा, सुमित्रा पांडा, पंकज कुमार, सिद्धार्थ चौधरी, गौतम ठाकुर, अभिषेक कुमार समेत काफी संख्या में सदस्य व स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## सेक्टर पदाधिकारियों व पुलिस के प्रशिक्षण कार्यशाला का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित करने हेतु जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्र के लिए प्रति नियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का एक दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला एन आर जमा दो उच्च विद्यालय सरायकेला में आयोजित किया गया। जिसमें लोक सभा आम चुनाव को लेकर आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों, नियमों एवं परिपत्रों की जानकारी दिए जाने के अतिरिक्त उनकी शंकाओं का मौके पर समाधान किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रविशंकर शुक्ला निरीक्षण के क्रम में मौके पर कहा कि लोकसभा आम चुनावों के लिए नियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी आपस में समन्वय रखते हुए टीम भावना के साथ सौंपे गए दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। ईवीएम के मॉक पोल से लेकर उसकी पूरी प्रक्रिया के लिए विद्यालय परिसर में लगे प्रायोगिक शिविर में विस्तार से जानकारी लेने को कहा ताकि किसी भी स्थिति में यह अतिरिक्त ज्ञान काम आ सके। सेक्टर मजिस्ट्रेटों से उन्होंने कहा कि वे अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी प्रकार की घटना पर पूर्ण निगरानी रखें तथा आवश्यकता अनुसार उच्च अधिकारियों व पुलिस प्रशासन को तत्काल सूचित करें।



## कपाली में पत्थर से कुचलकर हत्या मामले में दो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस ने कपाली ओपी क्षेत्र के शाहिद बगान में कल 04 अप्रैल 2024 की शाम को मोहम्मद दिलनवाज़ नामक युवक को पत्थर से कुचलकर हत्या करने के मामले का खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त में मोहम्मद हसनेन और नबाव आरज़ू हैं। गिरफ्तार अभियुक्त कपाली ओपी क्षेत्र के डांगोडीह के निवासी हैं। इनके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कांक्रीट का पत्थर, एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल औऱ एक मोबाइल का जला हुआ अवशेष बरामद किया है। इस संबंध में चांडिल अनुमंडल कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए चांडिल अनुमंडल के एसडीपीओ सुनील कुमार रजवार ने बताया की हत्याकांड के बाद एसपी के निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया था। जिसका नेतृत्व चांडिल एसडीपीओ स्वयं कर रहें थे। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया है।

## ईचागढ़ क्षेत्र में हाथियों का उत्पात जारी, फिर एक वृद्ध महिला को पटककर किया घायल

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हाथियों द्वारा घरों, अनाजों व जान माल की क्षति पहुंचाया जा रहा है। शाम होते ही ग्रामीण अपने घरों में दुबकने के लिए मजबूर है। हाथी प्रभावित गांवों में सुबह 6 बजे से पहले घर से निकलना खतरे से खाली नही है। वन विभाग के लाख कोशिशों के बावजूद भी हाथीयों को क्षेत्र से भगाने में असफल है। पिलीद, रघुनाथपुर, कुटाम आदि जंगलों में हाथियों का आगमन होते ही गांवों में विचरण करने लगा है। अब तो दिन के उजाले में भी हाथी गांवों में देखने को मिल रहा है। वहीं पिलीद गांव में शनिवार की अहले सुबह करीब 5 बजे गांव में टहलने के दौरान झुंड से बिछड़े एक हाथी ने 62 वर्षीय सखी देवी को सुंड़ से उठाकर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने तत्काल उसे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ ले गया ।

विचार मंथन

संपादकीय

# दाग का राग

**पिछले** साढ़े सात दशक के भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक पराभव के अक्स गाहे-बगाहे उजागर होते रहते हैं। सत्ता के खेल जो विद्रूप न दिखा दें वो कम ही है। सत्ता केंद्रित राजनीति ने भ्रष्टाचार और पाक-साफ होने की अपनी-अपनी परिभाषा गढ़ ली है। कल तक विपक्ष में जो नेता दागदार होते थे, सतारूढ़ दल में शामिल होने के बाद कहा जाता है कि ये दाग अच्छे हैं। सफाई की इस कार्रवाई में निगरानी करने वाली संवैधानिक एजेंसियों की खामोशी भी विचलित करती है। ऐसे तमाम सवाल इस देश के नागरिकों को उद्वेलित करते रहते हैं कि आखिर ऐसा क्या हो जाता है कि दागी नेता सत्ता की धारा में डुबकी लगाकर दूध का धुला घोषित हो जाता है। विपक्षी नेता आरोप लगाते रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल को दाग धोने वाली वॉशिंग मशीन बना लिया गया है। जिसके चलते नियामक संस्थाओं से ड्राइक्लीनिंग की चिट हासिल हो जाती है। विपक्ष के ऐसे तमाम आरोपों की तार्किकता हाल में आई एक रिपोर्ट दर्शाती है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2014 के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का सामना कर रहे 25 विपक्षी नेताओं के सत्तारूढ़ दल में शामिल होने के बाद उनमें से 23 को राहत मिल गई है। इनमें से तीन मामले बंद हो गए हैं और बीस की जांच रुकी हुई है। दलील दी जा रही है कि जांच बंद नहीं हुई है, आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई की जाएगी। यूं तो जब ये नेता विपक्ष में होते हैं और जांच एजेंसियां उन पर कार्रवाई करती हैं तो सत्तारूढ़ दल की दलील होती है कि कानून अपना काम करता है। जबकि विपक्षी नेताओं का आरोप रहता है कि यह प्रक्रिया तभी तक चलती है जब तक यह राजनीति से प्रेरित न हो। उल्लेखनीय है कि भाजपा में जो पच्चीस राजनेता शामिल हुए हैं उनमें सभी राजनीतिक दलों के नेता हैं। जिसमें कांग्रेस, राकांपा, शिवसेना, टीएमसी, टीडीपी, एसपी और वाईएसआर कांग्रेस के नेता शामिल हैं। विडंबना है कि राजनीतिक निष्ठा बदलना इन नेताओं के लिये राहतकारी साबित हुआ है। वजह यह कि इन नेताओं से जुड़े बीस मामले ठंडे बस्ते में डाल दिये गए हैं। दलील यह दी जाती है कि मामले बंद नहीं हुए हैं, जरूरत पड़ी तो जांच और कार्रवाई भी होगी। जो विपक्ष के उन आरोपों की पुष्टि करते हैं कि यह कार्रवाई राजनीतिक दुराग्रह के रूप में की जाती रही है। यही वजह है कि दल बदलने का फैसला राहत का रास्ता मान लिया जाता है। ऐसे में आम आदमी के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है कि अचानक जांच एजेंसियां निष्क्रिय क्यों हो जाती हैं? क्यों किसी एजेंसी को लेकर अदालत को कहना पड़ता है कि फलां एजेंसी पिंजरे में बंद तोता है और मालिक की बोली बोलता है। विपक्ष तो आरोप लगाता रहता है कि केंद्र में सत्ता परिवर्तन के बाद से ईडी और सीबीआई ने मुख्यतः बड़े राजनेताओं के खिलाफ ही कार्रवाई की है। यही वजह है कि विपक्ष सत्ता पक्ष को ऐसी वॉशिंग मशीन की संज्ञा देता है जिसमें कथित दागों की धुलाई हो जाती है। तब उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ता। ऐसा भी नहीं है कि तमाम ऐसी कार्रवाई सिर्फ केंद्र में राजग सरकार के दौरान ही हुई हो। यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में सपा-बसपा के साथ संबंध सुधरने के बाद सीबीआई ने इन दलों के नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के मामलों में रुख बदल लिया था। इतना ही नहीं, विगत में सरकार बनाने और बहुमत जुटाने के लिये जो निष्ठा बदलने का खेल हुआ, उसके निहितार्थों में एजेंसियों की छाया महसूस होने की बात विपक्ष करता रहा है। यहां तक कि कई दलों के विभाजन के मूल में एजेंसियों की कार्रवाई के भय की भूमिका बतायी जाती रही है। दल-बदल के बाद उन पर चल रहे मामले या तो बंद हो गए या फिर ठंडे बस्ते में डाल दिए गए। वहीं कई ऐसे मामले भी होते हैं जो खुले तो रहते हैं लेकिन उनमें कार्रवाई होती नजर नहीं आती। निश्चिय ही यह स्थिति किसी लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये शुभ नहीं कही जा सकती।

> सत्ता केंद्रित राजनीति ने भ्रष्टाचार और पाक-साफ होने की अपनी-अपनी परिभाषा गढ़ ली है। कल तक विपक्ष में जो नेता दागदार होते थे, सतारूढ़ दल में शामिल होने के बाद कहा जाता है कि ये दाग अच्छे हैं। सफाई की इस कार्रवाई में निगरानी करने वाली संवैधानिक एजेंसियों की खामोशी भी विचलित करती है। ऐसे तमाम सवाल इस देश के नागरिकों को उद्वेलित करते रहते हैं कि आखिर ऐसा क्या हो जाता है कि दागी नेता सत्ता की धारा में डुबकी लगाकर दूध का धुला घोषित हो जाता है। विपक्षी नेता आरोप लगाते रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल को दाग धोने वाली वॉशिंग मशीन बना लिया गया है। जिसके चलते नियामक संस्थाओं से ड्राइक्लीनिंग की चिट हासिल हो जाती है। विपक्ष के ऐसे तमाम आरोपों की तार्किकता हाल में आई एक रिपोर्ट दर्शाती है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2014 के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का सामना कर रहे 25 विपक्षी नेताओं के सत्तारूढ़ दल में शामिल होने के बाद उनमें से 23 को राहत मिल गई है। इनमें से तीन मामले बंद हो गए हैं और बीस की जांच रुकी हुई है।

### भारतीय नागरिकता को उनकी इच्छा के बिना छीन लिए जाने से दुखी थे

# नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर राजनैतिक हंगामा

कुलदीप चन्द अग्निहोत्री

> इंग्लैंड ने 1947 में अपनी संसद में एक अधिनियम पारित करके मजहब के आधार पर भारत के कुछ हिस्सों को पाकिस्तान के नाम से अलग देश घोषित कर दिया था। लेकिन इंग्लैंड की संसद द्वारा यह अधिनियम पारित करने से पहले कांग्रेस ने दिल्ली में भारत को विभाजित करने का प्रस्ताव पारित किया। उसी प्रस्ताव के आधार पर इंग्लैंड की संसद ने पाकिस्तान बनाने का अधिनियम पारित किया था।

**भारत** की संसद ने 1947 में हुए भारत विभाजन के कष्टकारी नतीजों को ध्यान में रखते हुए 2019 में अपने नागरिकता अधिनियम को संशोधित करते हुए उसमें प्रावधान किया था कि भारत के उस हिस्से से जिसे। इंग्लैंड ने 1947 में अपनी संसद में एक अधिनियम पारित करके मजहब के आधार पर भारत के कुछ हिस्सों को पाकिस्तान के नाम से अलग देश घोषित कर दिया था। लेकिन इंग्लैंड की संसद द्वारा यह अधिनियम पारित करने से पहले कांग्रेस ने दिल्ली में भारत को विभाजित करने का प्रस्ताव पारित किया। उसी प्रस्ताव के आधार पर इंग्लैंड की संसद ने पाकिस्तान बनाने का अधिनियम पारित किया था। जाहिर था कांग्रेस के प्रस्ताव और इंग्लैंड की संसद के अधिनियम का संयुक्त परिणाम यह हुआ कि करोड़ों भारतीय नागरिकों की भारतीय नागरिकता अपने आप समाप्त हो गई और वे रातों रात पाकिस्तान के नागरिक घोषित कर दिए गए। उनमें बहुत से नागरिक तो ऐसे थे जो नए देश पाकिस्तान के नागरिक बन कर ख़ुश थे। लेकिन करोड़ों लोग ऐसे भी थे जो उनकी भारतीय नागरिकता को उनकी इच्छा के बिना छीन लिए जाने से दुखी थे। इसी तरह शेष बचे भारत में भी बहुत से भारतीय नागरिक ऐसे थे जो अपनी भारतीय नागरिकता छोड़कर नए देश पाकिस्तान की नागरिकता लेना चाहते थे। लेकिन कांग्रेस ने भारत के विभाजन को लेकर तो प्रस्ताव पारित कर दिया लेकिन उस प्रस्ताव में नागरिकता को लेकर पैदा होने वाले इस संकट पर या तो ध्यान नहीं दिया या फिर वह ज़मीनी हालात से इतना कट चुकी थी कि उसे इसका अन्दाज़ा ही नहीं हुआ। यहाँ तक इंग्लैंड का प्रश्न था उसे इस स्थिति पर विचार करने की जरुरत ही नहीं थी। लेकिन डा० भीमराव रामजी आम्बेडकर, जो बाद में भारतीय संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष भी बने, नागरिकता को लेकर उत्पन्न इस गम्भीर संकट को पहचान गए थे। उन्होंने कहा था कि देश के बहुत से मुसलमान अपने लिए पाकिस्तान के नाम से एक अलग देश की माँग कर रहे थे। इसका अर्थ था कि वे भारतीय नागरिकता त्यागना चाहते थे। अब जब पाकिस्तान बन गया है तो ऐसे मुसलमानों को पाकिस्तान में ही चले जाना चाहिए। इसी प्रकार देश के जिस हिस्से को पाकिस्तान बनाया जा रहा था, उस हिस्से में रह रहे लाखों हिन्दु-सिख पाकिस्तान बनाने का विरोध कर रहे थे और वे भारतीय



नागरिकता ही रखना चाहते थे। आम्बेडकर का प्रस्ताव था कि पाकिस्तान बनने पर इस प्रकार की आबादी की अगला बदली की व्यवस्था भी करनी चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक का भी मोटे तौर पर यही मत था। सरदार पटेल ने तो असम में जाकर अपने सार्वजनिक भाषण में भी यह बात कही थी कि अब पाकिस्तान बन गया है इसलिए जो मुसलमान भारतीय नागरिकता रहने से दुखी हैं वे पाकिस्तान जा सकते हैं। लेकिन नेहरु ने तुरन्त इसका विरोध किया। उधर पाकिस्तान में जो हिन्दु-सिख भारत की नागरिकता रखना चाहते थे, पाकिस्तान की नई सरकार उनको बलपूर्वक भारत नहीं आने दे रही थी। आम्बेडकर ने इस पर नेहरु को एक पत्र भी लिखा कि वे पाकिस्तान की सरकार पर दबाव डालें कि वह ऐसे हिन्दु-सिखों को भारत में आने से न रोकें। लेकिन भारत सरकार की इस क्रूर नीति के बावजूद लाखों हिन्दु-सिख अपनी भारतीय नागरिकता बचाने के लिए पाकिस्तान से चल पड़े। लाखों इस चाहत में ही मारे गए और लाखों सब कुछ लुटाकर ही भारत पहुँचने में कामयाब हो सके। लेकिन बहुत से लोग पाकिस्तान के दूर दराज के इलाक़ों में रहते थे वे भारत नहीं आ सके। कांग्रेस के नेता उन दिनों पाकिस्तान में रह रहे हिन्दु-सिख-बौद्धों से अपील कर रहे थे कि वे वहीं बने रहें। कुछ हिन्दु-सिख-बौद्धों ने कांग्रेस नेताओं की उस अपील को यथार्थ मान कर उस पर विश्वास कर लिया और पाकिस्तान में बने रहे। पाकिस्तान का निर्माण करवाने में इंग्लैंड की सहायता करने वाले मोहम्मद अली जिन्ना ने अपने पहले ही भाषण में कहा कि पाकिस्तान में रहने वाले हिन्दु-सिख-बौद्ध को डरने की जरुरत नहीं है। उनको अपने मजहब को मानने की पूरी आजादी होगी। कुछ हिन्दु-सिख-बौद्ध जिन्ना के इस धोखे में भी आ गए। लेकिन इस सभी से यह तो स्पष्ट हो गया था कि भारत सरकार को अपने नागरिकता अधिनियम को विभाजन के उपरान्त उत्पन्न हालात के अनुसार संशोधित करना जरुरी था क्योंकि इस कृत्रिम विभाजन के परिणाम दशकों तक ही नहीं बल्कि शताब्दियों तक आते रहेंगे। परिणाम तो विभाजन के तुरन्त बाद ही आने शुरु हो गए। पूर्वी बंगाल (पहले पूर्वी पाकिस्तान और अब बंगला देश) से जल्दी ही हिन्दु-सिख-बौद्ध वहाँ से भाग कर भारत आने लगे। वहाँ उनका रहना मुश्किल हो गया। इस्लाम में मतान्तरित होने के लिए वे तैयार नहीं थे। पाकिस्तान के विधि मंत्री जोगेन्द्र नाथ मंडल को भी पाकिस्तान से भाग कर भारत आना पड़ा। हालत यहाँ तक गड़बड़ा गए कि पश्चिमी पाकिस्तान से हिन्दु-सिख भाग कर अफ़ग़ानिस्तान में चले गए। लेकिन इस प्रकार के हालत में भारत सरकार को अपने नागरिकता अधिनियम में संशोधन करना चाहिए था ताकि जो लोग अपने पर बलपूर्वक थोपी गई पाकिस्तान नागरिकता को लेने को तैयार नहीं थे बल्कि अपनी भारतीय नागरिकता को ही प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील थे। लेकिन भारत सरकार अपने इस राष्ट्रीय दायित्व का पालन करने से बचती रही और लाखों हिन्दु-सिख-बौद्ध कष्टकारी जीवन व्यतीत करने के लिए अभिषप्त होते रहे। बंगला देश बनने के बाद इसके विपरीत एक अजीब दौर प्रारम्भ हो गया। बंगला देश से लाखों की संख्या में मुसलमान अवैध तरीक़े से भारत में घुसने लगे। ये वे लोग हैं जिन्होंने ब्रिटिश काल में मुसलिम लीग व ब्रिटिश सरकार के सहयोग से चलाए जा रहे 'भारत तोड़ो अभियान' में भाग लिया था जिसके परिणाम स्वरूप 1947 में भारत का विभाजन हो गया और इन्हें इनकी माँगी हुई पाकिस्तानी नागरिकता मिल गई। इनके भारत में आने का कारण क्या है ? क्या वहाँ का सरकार (पाकिस्तानी या बांग्लादेशी) इन्हें इस्लाम मजहब के कारण तंग कर रही है ? ऐसा तो सम्भव ही नहीं है क्योंकि पाकिस्तान और बंगला देश दोनों ही सांविधानिक लिहाज़ से भी इस्लामी देश है। तब ये भारत में क्यों आ रहे हैं ? क्या भारत में काम काज की तलाश में आते हैं ? यदि ऐसा है दो इन्हें बाक़ायदा विधि के अनुसार भारत का वीज़ा व वर्क परमिट लेकर आना चाहिंए। लेकिन ये बिना वीज़ा के आते हैं।

दृष्टि कोण

# लोकसभा चुनाव, राजग तैयार, इंडिया गठबंधन में रार

**मोदी** को सीधे चुनौती देने के लिए विपक्ष के पास कोई कद्दावर नेता का विकल्प नहीं दिखता है। दरअसल लोकसभा चुनाव मोदी बनाम बाकी की जद में अटक गया है। राजग के उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतर रहे हैं लेकिन हर कोई अपना वोट मोदी के नाम और काम पर मांग रहा है। लोकसभा चुनाव, राजग तैयार, इंडिया गठबंधन में रार लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान तेज होने लगा है। भारतीय जनता पाटा की अगुवाई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के चुनाव प्रचार की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभाल ली है। राजग में उम्मीदवार तय करने से लेकर जनसंपर्व और प्रचार अभियान मतदाता को रिझाने पर वेंद्रित हो गया है। नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिह और जे पी नड्डा की अगुवाई में हर प्रदेश में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता चुनावी मैदान में जीत का परचम लहराने के लिए जुट गये है। उनके हौसले बुलंद हैं और वे मोदी तीसरी बार, अबकी बार 400 पार के असाधारण लक्ष्य को हासिल करने के लिये चुनावी रण की ओर निकल पड़े हैं। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल की शराब घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता के आरोप में गिरफ्तारी के विरोध में एकजुट दिखने की कोशिश में लगा है। इस ाम में पहली बार दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के नेता एकत्र हुये और भ्रष्टाचार के खिलाफ नरेन्द्र मोदी की मुहिम को राजनीति से प्रेरित करार दिया। उन्होंने केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर एकजुटता दर्शाई और मोदी सरकार पर संविधान को बदलने की साजिश रचने का आरोप लगाया। इन नेताओं ने वेंद्रीय जांच एजेंसियों प्रवर्तन निदेशालय और वेंद्रीय जांच ब्यूरो पर भ्रष्टाचार की आड में विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। लाल किले से स्वाधीनता दिवस पर भ्रष्टाचार के खिलाफ लडाई तेज करने का संकल्प व्यत्त कर चुके प्रधानमंत्री मोदी ने अब कहा है कि चुनाव के बाद उनके तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर प्रहार और तेज होगा। उत्तराखंड में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री ने रुद्रपुर में 'विजय शंखनाद' रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा। यह गारंटी मैं आपको देने आया हूं। मोदी ने कहा, ''भ्रष्टाचार से हर गरीब का हक छिनता है, हर मध्यम वर्ग का हक छिनता है और मैं किसी का हक किसी को छीनने नहीं दूंगा। मोदी ने कहा कि आने वाले पांच साल अभूतपूर्व काम और बड़े पैसलों के लिए होंगे लेकिन उसके लिए जनता को उन्हें और मजबूत करना होगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडी' ने अपने इरादे साफ कर दिए हैं। कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे राहुल गांधी ने ऐलान किया है कि अगर देश ने तीसरी बार भाजपा सरकार को चुना तो आग लग जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 60 साल तक देश पर राज करने वाले 10 साल सत्ता से बाहर रहते ही देश में आग लगाने की बात कर रहे हैं। देश में इमरजेंसी लगाने वाली कांग्रेस का लोकतंत्र पर भरोसा नहीं बचा है और इसलिए वह जनादेश के विरूद्ध लोगों को भड़काने में जुट गयी है। वास्तव में कांग्रेस देश को अस्थिरता की तरफ ले जाना चाहती है और अराजकता में झोंकना चाहती है। इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई को उन्हें पीडित करने की कार्रवाई अर्थात विक्टिम कार्ड खेलकर सहानुभूति बटोरना चाहता है। चुनाव में ये मुद्दा किसके हक में जाता है और उसका कितना असर पडता है इसे लेकर पक्ष विपक्ष एक दूसरे के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। लेकिन इंडिया गठबंधन चुनावी तैयारियों को लेकर जमीनी स्तर पर काफी पीछे दिख रहा है। दरअसल जिस सोच के साथ यह गठबंधन बना था वह पहले ही तार तार हो चुका है। राजग के खिलाफ विपक्ष का संयुत्त उम्मीदवार खडा करने का इंडिया का मंतव्य पहले ही ध्वस्त हो चुका है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार में इंडिया गठबंधन के बीच वोट ट्रांसफर न केवल बड़ी चुनौती है बल्कि सही मायने में दुष्कर कार्य है। जिस तरह से बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर घमासान मचा हुआ है उससे इंडिया गठबंधन के नेताओं के दावे खोखले दिखाई दे रहे हैं। बाहुबली पप्पू यादव और लालू यादव का परिवार एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं। हालत यह हो गई है कि कांग्रेस पप्पू यादव से किनारा कर लालू यादव के परिवार का खुलकर पक्ष लेती दिख रही है। कांग्रेस लालू यादव के सामने बेबस दिखाई दे रही है और उसके लिए अपना वजूद बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है। महाराष्ट्र में भी कांग्रेस शिव सेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पाटा के सामने बेबस दिखाई दे रही है। उद्धव ठाकरे की शिव सेना के प्रवत्ताओं ने जिस तरह से कांग्रेस को खुलकर चुनौतियां दी उससे कांग्रेस की न केवल फजीहत हुई बल्कि उसकी साख को धक्का लगा है। तमिलनाडु में भी द्रमुक ने कांग्रेस को आइना दिखाया है। केरल में मार्क्सवादी पाटा का रवैया कांग्रेस के लिये नुकसानदेह साबित हो सकता है। राजग के लिये इंडिया गठबंधन चुनौती बन सकता था लेकिन जिस तरह से विपक्ष के बाकी दल कांग्रेस के अतीत और वर्तमान को लेकर बंटे हुये है उससे साफ है कि वे कांग्रेस के नेतृत्व को स्वीकार करने के लिये तैयार नहीं हैं। फिर मोदी सरकार ने पिछले दस साल में कामकाज के लिहाज से अपनी छवि बनाई है उससे भाजपा की स्थिति मजबूत बनी हुई है। खुद मोदी की छवि एक विश्व नेता और समर्पित कर्मठ नेता के रूप में उभरी है। आम धारणा बन गई है कि मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढा है और दुनिया में भारत एक ताकतवर देश बनकर उभरा है।

कुछ अलग

# छोटे दल कर सकते हैं बड़ा धमाका

**असम** में पहले चरण का मतदान हो गया है। बंगाल के चुनाव में बेशक शोरगुल भले ही सबसे अधिक हो, लेकिन असम का चुनाव भी कम अहमियत नहीं रखता। असम में मुकाबला त्रिकोणीय है, लेकिन हकीकत यह है कि असम में छोटे दल भी चुनाव परिणाम पर बड़ा असर डाल सकते हैं। असम में भाजपा नेतृत्व वाला गठबंधन कांग्रोस के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ सीधी टक्कर में दिख रहा है। एक तीसरा मोर्चा स्थानीय पार्टियों एजेपी और आरडी का भी है। इन गठबंधनों के साथ असम की छोटी क्षेत्रीय पार्टियों की मौजूदगी का असर इस पूवरेत्तर राज्य के चुनाव परिणाम पर देखने को मिल सकता है। सबसे पहले बात करते हैं कि कौन-सी क्षेत्रीय छोटी पाटा इस चुनाव में भाजपा का समर्थन कर रही हैं। इस पाटा का नाम है यूनाइटेड पीपुल्स पाटा लिबरल (यूपीपीएल)। यह असम के बोडोलैंड क्षेत्र की पाटा है और पिछले साल बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) में भाजपा के साथ इसने हाथ मिलाया था। पाटा के मुखिया ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष प्रामोद बोरो हैं जिन्हें वेंद्र और बोडो समूहों के बीच शांति समझौते में अहम भूमिका के लिए जाना जाता है। यूपीपीएल इस बार के चुनाव में भाजपा के साथ है और आठ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। रोचक बात यह है कि पाटा प्रादेश की तीन सीटों पर भाजपा के साथ दोस्ताना मुकाबला भी करेगी। असम में कांग्रोस गठबंधन की बात की जाए तो छोटी क्षेत्रीय पाटा के रूप में उसके पास बोडोलैंड पीपुल्स प्रांट यानि बीपीएफ का साथ है। बीपीएफ बोडोलैंड क्षेत्र की एक प्राभावशाली पाटा है और पूर्व में भाजपा की साझेदार रह चुकी है। इसके मुखिया हेगरामा मोहिलारी हैं, जिन्होंने इस बार कांग्रोस का हाथ थामने का पैसला किया है। कांग्रोस के खेमे में आंचलिक गण मोर्चा (एजीएम) भी एक ऐसी ही क्षेत्रीय पाटा है जो असम चुनाव पर असर डाल सकती है। राज्यसभा सांसद अजीत वुमार भूयन के नेतृत्व वाली एजीएम इस बार कांग्रोस गठबंधन की तरफ से दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है। असम की विधानसभा में बीपीएफ के पास 12 सीटें हैं। इस पाटा की अहमियत इसी बात से समझी जा सकती है कि पिछले साल दिसम्बर में बीटीएस में 40 सीटों पर हुए चुनाव में बीपीएफ ने सबसे अधिक 17 सीटें जीती थीं। इस चुनाव में दूसरे नम्बर पर यूपीपीएल थी जिसे 12 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा को नौ और कांग्रोस को एक सीट मिली थी। भाजपा और कांग्रोस के अलावा असम में एक तीसरा मोर्चा भी सव्रिय है। असम जातीय परिषद (एजेपी) और रायजोर दल (आरडी) ने मिलकर एक गठबंधन इस बार असम के चुनाव में बनाया है। यह दोनों ही पार्टियां सीएए विरोधी आंदोलन की देन है। एजेपी को असम के दो सबसे प्राभावशाली छात्र संगठनों ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन और असम जाति मतावादी युवा छात्र परिषद का समर्थन हासिल है। ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन के पूर्व महासचिव लुरिनज्योति गोगोई एजेपी का नेतृत्व कर रहे हैं। दूसरी तरफ रायजोर दल का गठन बीते साल वृषक मुक्ति संग्राम समिति (केएमएसएस) ने 70 अन्य संगठनों के साथ मिलकर स्थानीय समुदायों के प्रातिनिधित्व के लिए किया था। वुल मिलाकर असम में यह छोटे दल व गठबंधन दोनों भाजपा और कांग्रोस का खेल बिगाड़ सकते हैं। देखना यह है कि असम में कौन-सा गठबंधन ज्यादा हावी होता है।

देश दुनीया से

# धरती को बचाने इस हाथ दे उस हाथ ले

> बिगड़ते पर्यावरण, बढ़ते प्रदूषण को लेकर दुनियाभर में जहां-तहां भारी-भरकम बैठकों का दौर चलता रहता है परन्तु वहां पर जुटे हुक्मरानों और अफसरानों की मौजूदगी के मुकाबले कितना वुछ हासिल हुआ या होता है यह सामने है। सच तो यह है कि दुनिया के बड़े-बड़े शहरों में ग्लोबल लीडरशिप की मौजूदगी के बावजूद प्रवृति के बिगड़ते मिजाज को काबू में नहीं लाया जा सका। उल्टा हमेशा कहीं न कहीं से पर्यावरण के चलते होने वाले भारी-भरकम नुकसानों की तस्वीरें चिंता बढ़ाती रहती हैं। यदि वाकई बिगड़ते पर्यावरण या प्रवृति के रौद्र रूप को काबू में करना ही है तो शुरुआत हर एक घर से होनी चाहिए। धरती की सूखती कोख, आसमान का हांफता रूप बीती एक-दो पीढ़ियों ने ही देखा है।

**सवाल** वही कि बिगड़ते पर्यावरण और प्रवृति के मिजाज को वैसे दुरुस्त रखा जाए? इसके लिए शुरुआत गांव, मोहल्ले और एक-एक घर से करनी होगी। जल, जंगल और जमीन के महत्व को सबको समझना और समझाना होगा। इस हाथ ले उस हाथ दे के फॉर्मूले पर हर किसी को सख्ती से अमल करना होगा। दुनियाभर में प्रवृति और पर्यावरण को लेकर जितनी चिंता वैश्विक सगंठनों की बड़ी-बड़ी बैठकों में दिखती है, उतनी धरातल पर कभी उतरती दिखी नहीं। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि सामूहिक चिंतन और हर एक की चिंता से जागरुकता बढ़ती है। बिगड़ते पर्यावरण, बढ़ते प्रदूषण को लेकर दुनियाभर में जहां-तहां भारी- भरकम बैठकों का दौर चलता रहता है परन्तु वहां पर जुटे हुक्मरानों और अफसरानों की मौजूदगी के मुकाबले कितना वुछ हासिल हुआ या होता है यह सामने है। सच तो यह है कि दुनिया के बड़े-बड़े शहरों में ग्लोबल लीडरशिप की मौजूदगी के बावजूद प्रवृति के बिगड़ते मिजाज को काबू में नहीं लाया जा सका। उल्टा हमेशा कहीं न कहीं से पर्यावरण के चलते होने वाले भारी-भरकम नुकसानों की तस्वीरें चिंता बढ़ाती रहती हैं। यदि वाकई बिगड़ते पर्यावरण या प्रवृति के रौद्र रूप को काबू में करना ही है तो शुरुआत हर एक घर से होनी चाहिए। धरती की सूखती कोख, आसमान का हांफता रूप बीती एक-दो पीढ़ियों ने ही देखा है। इससे पहले हर गांव में वुंए, पोखर, तालाब शान हुआ करते थे। गमा की ऐसी झुलसन ज्यादा पुरानी नहीं है। वुछ बरसों पहले तक बिना पंखा, आंगन में आने वाली मीठी नींद भले ही अब यादों में ही है लेकिन ज्यादा पुरानी बात भी तो नहीं। बदलाव की चिंता सबको होनी चाहिए। सब से मतलब पठार से लेकर पहाड़ और बचे-खुचे जंगलों से लेकर वंव्रीट की बस्तियों की तपन तक इस पर विचार होना चाहिए। सब जगह प्रावृतिक स्वरूप तेजी से बदल रहा है। काफी वुछ बदल गया है, बहुत वुछ बदलता जा रहा है। हल वहीं मिलेगा जब चिंता उन्हीं बिन्दुओं पर हो जहां इन्हें महसूस किया जा रहा हो। लेकिन हो उल्टा रहा है। हजारों किमी दूर, सात-सात समंदर के पार सीमेंट की चट्टानों की अट्टालिकाओं के एयरवंडीशंड हॉल में इन समस्याओं पर चर्चा तो होती है परन्तु जिस पर चर्चा होती है वहां के हालात सुधरने के बजाय दिनोंदिन बिगड़ते ही जाते हैं। कहने की जरूरत नहीं कि ऐसे में ये ग्लोबल बैठवें कितनी असरकारक रहीं या होंगी? सब वुछ पूरी तरह साफ दिख रहा है। बढ़ती जनसंख्या, उसी अनुपात में आवश्यक्ताएं और त्वरित निदान के तौर पर मौजूद प्रावृतिक संसाधनों का बेतरतीब दोहन ही प्रवृति के साथ ज्यादती की असल वजह है। बजाय प्रावृतिक वातावरण को सहेजने के उसे लूटने, रौंदने और बर्बाद करने का काम ही आज तमाम योजनाओं के नाम पर हो रहा है! इन्हें बजाय रोकने और समझने की जगह महज बैठकों से हासिल करना औपचारिकता से ज्यादा वुछ नहीं है। भारतीय पर्यावरणीय स्थितियों को देखें तो पर्यावरण और प्रदूषण पर चिंता दिल्ली या राज्यों की राजधानी के बजाय हर गांव व मोहल्ले में होने चाहिए। इसके लिए सख्त कानूनों के साथ वैसी समझाइश दी जाए जो लोगों को आसानी से समझ आए। लोग जानें कि प्रवृति और हमारा संबंध पहले वैसा था और अब वैसा है। यह भले ही बहुत मामूली सी लगने वाली बात हो लेकिन कितनी महत्वपूर्ण है, समझना और समझाना होगा। वुछ बरस पहले एक विज्ञापन रेडियो पर खूब सुनाई देता था। बूंद-बूंद से सागर भरता है। बस उसके भावार्थ को आज साकार करना होगा। आज गांवगांव में वंव्रीट के निर्माण तापमान बढ़ा रहे हैं। साल भर पानी की जरूरतों को पूरा करने वाले वुंए बारिश बीतते ही 5-6 महीनों में सूखने लग जाते हैं। तालाब, पोखरों का भी यही हाल है। पानी वापस धरती में पहुंच ही नहीं रहा है। नदियों से पानी की बारहों महीने बहने वाली अविरल धारा सूख चुकी है। उल्टा रेत के पेर में बड़ी-बड़ी नदियां तक अपना अस्तित्व खोती जा रही हैं। सवाल वही कि बिगड़ते पर्यावरण और प्रवृति के मिजाज को वैसे दुरुस्त रखा जाए? इसके लिए शुरुआत गांव, मोहल्ले और एक-एक घर से करनी होगी। जल, जंगल और जमीन के महत्व को सबको समझना और समझाना होगा। इस हाथ ले उस हाथ दे के फॉर्मूले पर हर किसी को सख्ती से अमल करना होगा। धरती का पानी लेते हैं तो वापस उसे लौटाने की अनिवार्यता सब पर हो। जितना जंगल काटते हैं उतना ही वापस तैयार कर लौटाएं। गांव, नगर व शहरों के विकास के नाम पर सीमेंट के जंगल तो खड़े हो जाते हैं लेकिन उस अनुपात में बढ़ते तापमान को काबू रखने के लिए हरियाली पर सोचा नहीं जाता है।



आप का नजरीया

# कांग्रेस को टैक्स राहत

**किसी** भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करती है कि राष्ट्रीय चुनावों में विपक्षी दलों को मुकाबले में चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता के साथ कितने समान अवसर मिलते हैं। हाल के दिनों में पार्टी के बकाया कर मामले में कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि उसके खाते सील होने के चलते उसे चुनाव लड़ने में दिक्कत हो रही है। वह अपने प्रत्याशियों को हवाई टिकट नहीं दे पा रही है। यह भी कि वह बड़ी चुनावी रैलियां नहीं कर पा रही है। आरोपों की तार्किकता और देश में सबसे लंबे समय तक राज करने वाली पार्टी का वित्तीय प्रबंधन अपनी जगह है, लेकिन किसी भी मुकाबले का नैतिक नियम यही है कि चुनावी मुकाबले में हर राजनीतिक दल को बराबर का अवसर दिया जाए। बहरहाल, अब केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को वचन दिया है कि जुलाई तक आयकर विभाग कांग्रेस से बकाया तीन हजार पांच सौ करोड़ से अधिक के कर वसूलने के बाबत कोई भी कठोर कदम उठाने से परहेज करेगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में कुछ ही हफ्ते बाकी रह गये हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस को राहत देने के चलते यह प्रकरण कर मामलों के राजनीतीकरण के बाबत प्रासंगिक प्रश्न भी उठाता है। यही वजह है कि कांग्रेस समेत विपक्षी दल आरोप लगाते रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल 'कर आतंकवाद' के जरिये राजनीतिक लाभ उठाने के लिये राज्यतंत्र का दुरुपयोग कर रहा है। यह प्रकरण इन्हीं आरोपों की कड़ी को विस्तार देता है। निश्चित रूप से, बार-बार आयकर विभाग की चेतावनी और ठीक चुनाव से पहले कांग्रेस के फंड पर रोक कई सवालों को जन्म देती है। जो किसी भी स्वतंत्र लोकतंत्र की पारदर्शी व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाता है क्योंकि ऐन चुनाव के वक्त पार्टी फंड पर रोक लगाने से कोई भी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार अभियान में पंगु हो जाता है। जो किसी भी लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत कदापि नहीं कहा जा सकता। बहरहाल, चुनाव के कुछ समय बाद तक आयकर बकाया मामले में कांग्रेस के खिलाफ आयकर विभाग द्वारा कोई कार्रवाई न करने का वायदा निश्चित रूप से कांग्रेस को तात्कालिक वित्तीय दबाव से कुछ राहत जरूर देगा। लेकिन यह कदम कर कानून प्रवर्तन में निष्पक्षता और पारदर्शिता की अंतर्निहित चिंताओं का समाधान प्रदान नहीं करता है। निश्चित रूप से ऐसे मामलों में निष्पक्ष रूप से निर्णय लेने में न्यायपालिका की भूमिका कानून के शासन को स्थापित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो जाती है। इसी आरोप-प्रत्यारोप वाले राजनीतिक परिदृश्य में बीते रविवार को दिल्ली में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ रैली' हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों को देश के जनमानस के सामने रखती है। विपक्षी नेताओं का आरोप रहा है कि असहमति की आवाज को दबाने के लिये सत्तारूढ़ दल सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहा है। नेताओं ने विपक्षी नेता अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को राजनीतिक दुराग्रह से की गई कार्रवाई के रूप में दर्शाया है।

**संक्षिप्त खबरें**

## घर में रखे पुआल में आग लगने से 3 वर्षीय बच्ची की हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र के बरकुटे गांव निवासी विशेश्वर साव उर्फ काला साव की 3 वर्षीय पोती की आग में जलने से मौत हो गई। यह घटना शनिवार लगभग 4:00 बजे की है। घटना को लेकर पड़ोस के लोगों ने बताया कि दो तीन बच्चे आपस में अपने आंगन में खेल रहे थे। सामने ही अल्बेस्टर के रूम में पुआल रखा हुआ था जिसमे अचानक आग लग गया। आग लगते ही बाकी बच्चे बाहर भाग कर हल्ला मचाने लगे, बच्चों को हल्ला करता सुन के एवं घर से धुआं निकलता देख, अगल-बगल के लोग इकट्ठा हुए और आग को बुझने लगे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी, आशीष साव की 3 वर्षीय मासूम बच्ची पूरी तरह झुलस गई थी, जिस कारण उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना से बच्ची के माता-पिता सहित घर वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# 15.50 लाख रुपये के ब्राउन शुगर और अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**91 हजार 400 सौ नगद एवं दो मोटरसाइकिल बरामद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया अनुमण्डल क्षेत्र के पथलगड्डा थाना पुलिस ने 15. 50 लाख रुपये के ब्राउन शुगर और अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के सिंघानी मोड़ के समीप से की गई है। प्रेस वार्ता कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय केशरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि सिमरिया थाना क्षेत्र के ललकीमाटी की ओर से एक काले रंग के एक्सप्लेडर प्लस मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति अवैध अफीम लेकर पथलगड्डा सिंघानी की ओर जा रहा है। इसी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुवे एसडीपीओ के नेतृत्व में और पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन के साथ छापेमारी दल का गठन कर सिंघानी मोड़ पर उक्त रंग के मोटरसाइकिल को रोककर तलासी ली गई। तलासी के दौरान मोटरसाइकिल सवार कमलेश कुमार के पैकेट से 65 ग्राम ब्राउन शुगर और 91 हज़ार 400 रुपये नकद के साथ साथ उसके डिक्की से 2 किलो 718 ग्राम अफीम बरामद किया गया। पकड़े गए व्यक्ति के निशानदेही पर उसके घर की तलासी के दौरान एक अपाचे मोटरसाइकिल व उसके सीट के नीचे छुपाकर रखे गए अफीम साथ ही साथ घर के अन्य हिस्से में छुपाकर रखे गए अफीम के छोटे छोटे पैकेट व माप तौल का एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन बरामद किया गया। इस कांड में शामिल पकड़े गए कमलेश कुमार का भाई मिथलेश कुमार पुलिस को देख फरार हो गया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

# पूरे उत्साह से भाजपाइयों ने मनाया स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खधैया में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय और प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्त्ता सौभाग्यशाली हैं जो आज दुनिया के सबसे बड़े पार्टी के कार्यकर्त्ता हैं और जिसके नेता दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी हैं। भारतीय जनता पार्टी पहली बार दो सीट जीती थी और आज 400 पार करने की स्थिति में है। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने 400 पार और चतरा में 5 लाख पार का लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित हुए और इसके लिए सभी बूथों पर 90 प्रतिशत मत भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह के पक्ष में मतदान कराने के लिए संकल्पित हुए। मौके पर विशेष रूप में रामचंद्र गुप्ता, रामदास राणा, देवनाथ महतो, हरेन्द्र राणा, मुकेश राणा व अन्य उपस्थित थे।

## पत्थलगड़ा के कस्तूरबा बालिका विद्यालय में बनाए गए गड़वाल में बरती गई अनियमितता



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा बालिका विद्यालय के प्रांगण में बनाए गए गड़वाल में संवेदक के द्वारा घोर अनियमितता बरती गई है। बताया जा रहा है की गड़वाल में संवेदक के द्वारा मरा हुआ पत्थर के अलावे अन्य घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। अगर देखा जाए तो कस्तूरबा बालिका विद्यालय में छात्राओं की संख्या लगभग ढाई सौ से लेकर तीन सौ के आस-पास रहती है। घटिया किस्म के सामग्री से बनाए गए गड़वाल से कभी भी घटना घटने की संभावना बनी रहेगी। क्योंकि गड़वाल के आसपास बच्चियां खेलते रहती है। अगर समय रहते जांच नहीं किया गया तो बड़ी घटनाएं घटित हो सकती है। अब देखना यह मजे की बात होगी कि अधिकारियों के द्वारा जांच की जाती है या नहीं, अगर जांच हुई तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

## रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा इटखोरी के भद्रकाली कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन आठ अप्रैल को

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा 8 अप्रैल को इटखोरी प्रखंड के भद्रकाली कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी कॉलेज प्राचार्य डॉ दुलार ठाकुर ने दी। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव धर्मेंद्र पाठक ने बताया कि 8 अप्रैल को 10 बजे से ब्लड डोनेशन भान कॉलेज परिसर में पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि कॉलेज कर्मी, समाजसेवी, बुद्धिजीवी व छात्रों के द्वारा रक्तदान किया जाएगा। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के सभी स्वस्थ नागरिक और बुद्धिजीवियों से भी रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर आपके दिए गए रक्त से किसी की जान बच सकती है तो हमें उसकी जान जरूर बचानी चाहिए। क्योंकि रक्तदान महादान है। उन्होंने सभी इक्षुक रक्तदाताओं को निर्धारित समय पर कॉलेज पहुँच कर रक्तदान करने की अपील की।

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर बना डाली कच्ची सड़क, मुखिया ने किया आर्थिक सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** प्रखण्ड क्षेत्र के नवादा पंचायत अंतर्गत सिंदरी गाँव मे नीम पेड़ से जीतन गंझू के घर तक आधा किलोमीटर सड़क का निर्माण ग्रामीणों ने श्रमदान कर किया हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद से आज तक किसी ने इस सड़क को बनवाने का काम नही किया था। जबकि इस गांव में गंझू भोक्ता समाज के लोग ही लोग वास करते है। समाज के मंत्री विधायक होने के बाद भी किसी ने इस गांव के तरफ कोई ध्यान नही दिया। आज थक हार कर हम सभी ग्रामीणों ने मिल कर सड़क बनाएं है। वही नवादा मुखिया भरत यादव ने भी आर्थिक सहयोग किया हैं। और साथ रह कर सड़क बनवाने का काम किया हैं। इस सड़क निर्माण कार्य मे सहयोग करने में गोविंद गंझू, झरि गंझू, कामेश गंझू, युगेश गंझु रामदेव गंझू, विनोद गंझू, अखलेश गंझू समोद गंझू मौजूद थे।

# 20 मई को वोट करेगा चतरा

## स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित सेल्फी व हस्ताक्षर अभियान में उपायुक्त समेत जिले के अधिकारी और मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर लिया भाग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित चतरा कालेज में स्वीप कार्यक्रम के दौरान मतदाता को जागरूक करने के उद्देश्य से लगाए गए हस्ताक्षर बोर्ड व सेल्पी प्वाइंट के पास जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप एवं जिले के वरीय पदाधिकारी कार्यक्रम में पहुंच हस्ताक्षर बोर्ड पर अपना हस्ताक्षर बनाया तथा सेल्फी प्वाइंट पर पहूंच सेल्फी लिया। उपायुक्त संग उपस्थित सभी पदाधिकारी कर्मी ने अपना-अपना हस्ताक्षर बनाया एवं सेल्फी लिया। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त व जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से इलेक्शन मस्कट आई भाई को चतरा जिला में लांच किया गया। यह इलेक्शन मस्कट आई भाई जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करेगा।

## विकेएस की बैठक में चैती छठ और सरहुल पर्व पर हुई चर्चा



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय एम्बीशन सेंटर में विवेकानंद किशोर संस्थान की बैठक नरेश प्रसाद साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में चैत नवरात्र, सरहूल, चैती छठ एवं श्रीरामनवमी पर्व के मौके पर लोगों को सर्वसम्मति से सुविधाएं मुहैया कराने का निर्णय लिया गया। चैत नवरात्र से पूर्व परंपरा के अनुसार शहर में ध्वनी विस्तारक यंत्र लगाने, सरहूल के मौके पर जुलूस में शामिल लोगों को गुड़-चना, शरबत व पानी वितरण। चैती छठ को लेकर छठ व्रतियों को देवनद तट पर सुविधाएं को लेकर घाट और रास्ते की साफ सफाई कराने, लाइट व साउंड बाक्स की व्यवस्था करने, अस्थायी महिला स्नानागार आदि बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर संतोष साहू, राजेश चंद्र पाण्डेय, अरूण प्रसाद, प्रमोद साहू, राजेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, रमेश प्रसाद, सुरेश साहू, राजन विश्वकर्मा, रमन महतो, रवि कुमार, राकेश सिंह, राहुल कुमार, नितीश कुमार तिवारी, पप्पू सिंह, अमीत कुमार, नवीन सिंह, मोहिनीश कुमार, रूपेश कुमार, अमीत केशरी, सुनील कुमार, मनोज कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।इसी क्रम में शनिवार को महुआडांड प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर आमजन को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, उम्र 18 पूरी है वोट देना जरूरी है, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन के साथ विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में 20 मई को अपने घरों से निकलकर वोट करने की अपील की गई।

# चोरी के तीन बाईक के साथ एक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना क्षेत्र के नेमा गंझु उम्र पिता रामा गंझु ग्राम बनवार थाना बारियातू जिला लातेहार द्वारा एक लिखित आवेदन 4 अप्रैल को दिए थे की 3 अप्रैल को शाम करीब 6:30 बजे टोंटी बाजार से स्प्लेंडर प्लस मोटरसाईकिल रजि0 सख्या जेएच 02 बीडी 0745 किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया. वहाँ टोटी बाजार मे मोटरसाईकिल खोज बिन करने के क्रम मे पता चला की शिवकुमार टना भगत पिता जगदा टना भगत टूण्डाहुटु थाना बारियातू जिला लातेहार का भी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाईकिल रजि0 संख्या जेएच 1डीटी 9423 दिनांक 13 मार्च को टोटी बाजार से शाम लगभग 04:30 से 5:30 के बीच चोरी हो गया था.वहीं पिंटू कुमार भुइयाँ पिता मुन्ना भुइयाँ ग्राम टूण्डाहुटु थाना बारियातू जिला लातेहार को 6 मार्च को समय 05:30 से 6 बाजे के आसपास हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाईकिल रजि0 जेएच 19 बी 9183 भी चोरी हो गया था. इस सम्बन्ध मे बारियातू कांड संख्या 29/24 दिनांक 04/04/2024 धारा 379 भादवि के अंतर्गत अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया. तत्पश्चात अनुमंडल पुलिस पदधिकारी बालूमाथ आशुतोष कुमार सत्यम के निर्देशनुसार एक विशेष छपामारी दल का गठन किया गया। जिसमे थाना प्रभारी राजा दिलवार सअनि मिथलेश कुमार सिंह एवं आईआरबी जिला सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। उक्त विशेष छपामारी दल द्वारा पेशेवर तरीके से अनुसन्धान करते हुए मुकेश कुमार पिता टुकन महतो ग्राम कुठान थाना केरेडारी जिला हजारीबाग के पास से चोरी किए गए तीनो मोटर साईकिल को बरामद कर लिया गया। तथा मुकेश कुमार पिता टुकन महतो ग्राम कुठान थाना केरेडारी जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेह पर स्प्लेंडर प्लस मोटेसाईकिल रजि 0 संख्या जेएच 02 बीडी 0745, स्प्लेंडर प्लस मोटरसाईकिल चेचीस संख्या एमबीएलएचए डब्लू 084 केएचके 18648 ( पंजीयन सख्या. जेएच 01डीटी 9423) स्प्लेंडर प्लस मोटसाईकिल रजि.सं झूठ जेएच 19 बी 9183 बरामद किया गया। छपामारी दल मे शामिल पुलिस कर्मी का नाम. छापामारी दल मे थाना प्रभारी राजा दिलावर, सअनि मिथलेश कुमार सिंह आ 0/145 शंकर तीयू,आ 0/221 शशिभूषण सिंह ( आईआरबी - 04) आ0 /322 अमान अंसारी (द्धत्क्क 04) आ0 /304 अमरजीत राम (IRB 04) शामिल थे. पत्रकारों से बात के दौरान थाना प्रभारी दिलावर ने कहा की बाईक चोरी होने से नियंत्रण के लिए पुलिस हर पहलु पर काम कर रही है. ग्रामीणों से बाईक के चक्के वाली रिम मे लॉक लगाने की अपील की।

## महुआ चुनने के क्रम मे लगाई आग, टोटी पहाड़ मे कई पेंड़ पौधे जलकर खाक



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के टोटी पहाड़ के पास महुआ चुनने वाले द्वारा आग लगाए जाने से पहाड़ मे आग फ़ैल गई जिससे कई पेंड़ पौधे जलकर नस्ट हो गया। आग लगने की खबर वन सुरक्षा समिति के प्रमोद यादव ने वन विभाग को दिया। सूचना मिलते ही वनरक्षी संतोष उरांव व दिलीप उरांव टोटी पहाड़ पहुँचकर ग्रामीणों के सहयोग से बहुत ही मसकक्त से आग बुझाने मे सफल हुए। वहीं वनरक्षी द्वारा महुआ चुनने वाले से अपील करते हुए कहा की आग नहीं लगाएं। आग लगाते पकडे जाने पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी. साथ ही वन संरक्षण मे सहयोग करने की अपील किया।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एम एल ए महिला कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एम एल ए महिला कॉलेज लोहरदगा में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा ने देश और समाज की मजबूती और तरक्की के लिए सेहत को प्राथमिकता देने पर बल दिया। अच्छे खान-पान,योग व्यायाम और स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। कोविड हमें स्वच्छता की सीख देकर गया है। उन्होंने बतलाया कि लोकतंत्र के महापर्व चुनाव का आगाज हो गया है अपने एवं अपने परिवार के सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें,मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चैयरमैन डॉ गणेश प्रसाद ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पूरी दुनिया का एक रिमाइंडर है कि हम अपनी सेहत पर ध्यान दें। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार थीम रखा है। मगर हम स्वस्थ समाज बनाने के लिए अपने कर्तव्यों का भी ख्याल रखें,तभी हमें स्वस्थ रहने का अधिकार भी प्राप्त होगा। केवल सरकार नहीं बल्कि समुदाय और व्यक्तिगत प्रयास भी जरूरी है। नई पीढ़ी के युवाओं को नसीहत दी कि थोड़ी दूरियों के लिए गाड़ियों का कम इस्तेमाल करें, पैदल चलें। छोटी बीमारियों पर भी ध्यान दें, जागरूक रहें। कई रोगी जब आखिरी स्टेज पर आ जाते हैं तब इलाज करने पहुंचते हैं। समाज में बीमारियों को लेकर आज भी भ्रांतियां और अंधविश्वास है जिसे दूर करने की जरूरत है। स्वास्थ्य से जुड़े प्रश्नों का उत्तर देने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम, कालेज के प्रिंसिपल स्नेह कुमार, जगतपाल केसरी, प्रवीण कुमार, रंजीत साहू के अलावा कालेज के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी और छात्राएं मौजूद थीं।

# गांजा तस्कर गिरफतार, 6 किलो 895 ग्राम माल बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग ने चार डालडा के डब्बा में छिपा कर रखे छह किलो गांजा के साथ आरोपी उपेंद्र यादव पिता बिनोद यादव (27) वर्ष मनिकपुरा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं इस संबंध में शनिवार को लातेहार थाना में प्रेस वार्ता कर आबकारी निरीक्षक सोनू कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि पांडेपुरा पंचायत के मानिकपुरा ग्राम निवासी उपेंद्र यादव के घर में गांजा जमीन पर छिपा कर रखा हुआ है। जिसके आधार पर बीते शाम पांच बजे आबकारी निरीक्षक सोनू कुमार के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया।छापामारी के दौरान मानिकपुरा निवासी उपेंद्र यादव के घर के समीप बने गाय सेड में छानबीन की गई। जहां जमीन के अंदर चार डालडा के डब्बे में छुपा कर रखें छह किलो गांजा बरामद किया गया है। इसके बाद इसकी सूचना अंचल अधिकारी को दी गई। जिसके बाद अंचल अधिकारी देवाशीष टोप्पो कि उपस्थिति में माल को जब्त कर कानूनी कारवाई की गई ।आगे उन्होंने कहा कि गांजा का मार्केटिंग मूल्य 3:30 लाख का है पूछताछ के क्रम में उन्होंने बताया कि यह धंधा पिछ्ले एक साल से चल रहा है और वह पुड़िया बनाकर इसको बेचा करते थे।

# बगैर राशन दिए कार्ड में अंकित कर दिया राशन की मात्रा कार्डधारियों का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में जिप सदस्य कन्हाई सिंह के अगुवाई में आदिम जनजाति परिवार के सैंकड़ों कार्डधारियों ने दो महीने का राशन नहीं मिलने पर हंगामा खड़ा कर दिया। जहां कार्डधारियों ने प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद रवि को ज्ञापन देते हुए दो महीने का राशन वितरण कराने की मांग की। मांगपत्र के माध्यम से कार्डधारियों ने राशन वितरण करने वाले पर आरोप लगाया है कि फरवरी माह का राशन दिए बगैर राशनकार्ड में राशन की मात्रा चढ़ा दिया गया है और हम सबों से अंगुठे भी लगवा लिए हैं।हम पढ़े-लिखे नहीं होने का फायदा उठाकर हमें दिग्भ्रमित करते हस्ताक्षर व अंगुठे का निशान लिया गया, इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। वहीं राशन कार्डधारियों ने राशन वितरण करने वाले पर कार्रवाई करने और माह फरवरी का राशन दिलाने की मांग रखी है। वहीं मांग करने वालों में सविता देवी, रेखा देवी, सरिता देवी, मनोज कोरवा, फूलमतिया देवी, सुकनी देवी, सोहराई मसोमात, एतवरिया देवी, उर्मिला देवी मनीता देवी समेत कई कार्डधारी हैं। वहीं इस संबंध में प्रभारी एमओ ने कहा कि बोरा नहीं रहने के कारण राशन वितरण में देरी हुई है हालांकि शुक्रवार से ही राशन वितरण कार्य शुरू हो गया है। बताते चलें कि आदिम जनजाति परिवार के कुल 1155 कार्डधारी हैं जिसका प्रत्येक माह एमओ द्वारा पुरे कार्डधारियों के राशन आवंटन की पर्ची निकाल ली जाती है जबकि सुत्र बताते हैं कि दर्जनों कार्डधारी के नहीं रहने पर उनके हिस्से का खाद्यान्न वितरण करने वाले डीलर द्वारा हज़म कर लिया जाता है।

## भाजपाइयों ने मनाया स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया मंडल कमिटी ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में स्थापना दिवस मनाया गया। मंडल अध्यक्ष कैलासपति सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से डा श्याम प्रसाद मुखर्जी और पंडित दिन दयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर एमके पाठक, महामंत्री सह प्रमुख संतोष मंडल , महामंत्री उपेंद्र पांडेय,राजू यादव,महेश अग्रवाल ने भाजपा के इतिहास पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारतीय जनसंघ ,जनता पार्टी और फिर भाजपा के पूर्वजों के मेहनत का परिणाम है कि वर्तमान समय में हम उनके बोए फसल को काट रहें हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के क्रिया - कलापों ,इनके द्वारा विकास के कार्यो के बदौलत भाजपा आज शिखर पर है। देश और दुनिया में मोदी जी का डंका बज रहा है। विदेशों में भी हमारा मान -सम्मान बढ़ा है। उसे हमलोग और भी आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में राजेश यादव,अनिल प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद यादव, हिरामन यादव, प्रदीप सिंह, महेंद्र कुमार, बजरंगी साव, सुरेंद्र प्रसाद, अधिरचंद्र तिवारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## हजारीबाग पुलिस ने नशा कारोबारियों पर कानूनी कार्रवाई की, 28 किलो गांजा जब्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** एक बार फिर हजारीबाग पुलिस ने नशा कारोबारियों पर कानून का प्रहार कर करीब 28 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना मिली कि चौपारण थाना क्षेत्र दादपुर गांव में एक घर के अंदर अवैध गांजा छिपा कर रखा गया है। सूचना पर सत्यापन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन कर तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान उदय कुमार सिन्हा, अशोक दांगी एवं हीरामणि रजक के घरों से गांजा निकला जिसे विधिवत रूप से बरामद कर पकड़े गए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध चौपारण थाना में कांड संख्या 99/24 एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में मुख्य रूप से सुरजीत कुमार, अनु0पु0पदा0, बरही, हजारीबाग, पु0अ0नि0 दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी, चौपारण, पु0अ0नि0 दिव्य प्रकाश चौपारण थाना शामिल थे।

## विष्णुगढ़ के एक और प्रवासी मजदूर की मुम्बई में मौत



**विष्णुगढ़ :** झारखंड के प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। इस क्रम में हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के मजदूर की महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मौत होने की खबर आई। उसकी मौत शुक्रवार हो गयी। यह सूचना मिलते ही मृतक के घर में मातम छा गया।जानकारी के अनुसार हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत खरकी पंचायत के बेलवाटोंगरी निवासी जोधन अगरिया के 45 वर्षीय पुत्र जीतन अगरिया की शुक्रवार को कोल्हापुर में मौत हो गयी।मौत की वजह की अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।मृतक कोल्हापुर में बिल्डिंग लाइन में सेंट्रिंग का काम करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी दो बेटे हुलाश व रवि को छोड़ गया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हैं। वहीं गांव वाले भी शोक में हैं।इस घटना पर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने संवेदना प्रकट की। उन्?होंने कहा कि झारखंड के नौजवानों के मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।रोजी-रोटी की तलाश में परदेस गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके के प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है। प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिले से है।ऐसे में सरकार को रोजगार की ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि मजदूरों का पलायन रोका जा सके।उन्होंने कहा कि मृतक का शव कोल्हापुर से उनके पैतृक गांव लाने के लिए हरसंभव मदद करने का प्रयास किया जा रहा है।

## बरही पुलिस ने 400 किलोग्राम जावा महुवा किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत गोरियाकरमा पंचायत में अवैध शराब भट्ठियों के खिलाफ बरही पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि अवैध शराब निर्मित भट्ठियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान गोरियाकरमा पंचायत के बीचकिला गांव में छापामारी कर करीब 400 किलोग्राम जावा महुआ विनष्ट किया गया। वहीं उन्होंने बताया कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी, हालांकि मौके पर से किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई।

## युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के प्रयास से लगवाया गया ट्रांसफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदग प्रखंड के बेदी हरिजन टोला में पिछले एक महीना से ग्रामवासी अंधेरे से परेशान थे वहां का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा था। जब इस बात की जानकारी शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा को मिली को उन्होंने महज 48 घंटे के अंदर में गांव के लोगों को अंधेरा से दूर किया और नया ट्रांसफार्मर लगवा कर उनके चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास किया। हर्ष अजमेरा के सहयोगी जब ट्रांसफरमर लेकर गांव पहुंचे तो गांव वासियों में एक अलग खुशी देखने को मिली बच्चे गाड़ी के आगे दौड़ते नजर आए। जैन दुबे ने हर्ष अजमेरा का साधुवाद करते हुए कहा कि जो काम पिछले एक महीना से नहीं हुआ था, हर्ष के द्वारा 48 घंटे में उसे कर दिया गया आज हम सभी के घर में बिजली आ गई है बच्चे सुचारू रूप से अपना शिक्षा दीक्षा संपन्न कर सकेंगे। साथ ही कहा की पिछले 28 दिनों से किसी ने भी हमारे गांव की और देखा तक नहीं,आखिरी हमारे लिए वरदान साबित हुए हमारे भैया हर्ष भैया हम गांव वासी उनका हृदय से आभार प्रकट करते हैं। हर्ष अजमेरा ने गांव वासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जनता जनार्दन की सेवा ही हमारी सबसे बड़ी सेवा है। इसी दृष्टिकोण से सदैव सेवा की ओर अग्रेषित हूं, गांव की खुशी देखकर अत्यंत प्रसन्नता मिली, शहर से बाहर होने के कारण उन लोगों के बीच उपस्थित नहीं हो सका, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोगों से बात किया और उनका आशीष आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। मौके पर सुखी गंजू, सुखदेव पंडित जी, लालमणि गंजू, ज्ञानीगंजू, दीपक देवराज, अनीश सिंह, अनिल भोक्ता, संजय भोक्ता,आनंद, नेपाली द सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी मांडू विधानसभा के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का बड़कागांव मुख्य चौक पर कांग्रेसियों ने गर्म जोशी से स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो ने किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने बारी-बारी से जयप्रकाश भाई पटेल को माला पहनाकर स्वागत किया तथा चुनाव जीतने की शुभकामनाएं दी। मौके पर संजय महतो, पदुम साव, शमशेर आलम, दशरथ प्रसाद, छोटे खान, रमेश सिंह भोक्ता, बबलू साहू, पंकज गुप्ता, आनंद कुमार मेहता, मोहम्मद फजरूद्दीन, बालेश्वर महतो, रघुनंदन महतो, साइना खातून, रविंद्र गुप्ता, चंदन गुप्ता, मोहम्मद तसलीम, कामेश्वर सिंह, रघुनाथ कुमार राणा, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद महबुल्ला के अलावा कई कांग्रेसी मौजूद थे।

## खतियानी परिवार की बैठक में बोले हकीम, दलबदलु प्रत्याशियों से रहे सावधान



**हजारीबाग :** खतियाननी परिवार की एक बैठक धरना स्थल के समीप मो हकीम की अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे चिंता जताई गई की राजनीतिक पार्टीया जनता को मूर्ख बना रही हैं।विधायक पद पर रहते हुए लोकसभा चुनाव लडने की घोषणा हो जाती है।लोकसभा चुनाव लडने से पहले उम्मीद्दवारो को दुसरे के लिए विधायक पद छोड़ा जाना चाहिए।बैठक में जन प्रतिनिधियों से उन्हे अपने कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखने की मांग भी की गई। बैठक मे सईद अहमद, बाबु भाई विद्रोही, नन्द किशोर ठाकुर, महेश विश्व कर्मा,हनज़ला हाश्मी, सुरेश महतो, मो नसरूद्दीन, मो तनवीर, अनवर हुसैन, सुबोध भगत, मो साबिर, बिनोद कुमार मेहता समेत अन्य साथी उपस्थित थें।

## मां दुर्गा को अंतिम रूप देने में लगे मूर्तिकार



**टाटीझरिया.** प्रखंड क्षेत्र के झरपो का विख्यात रामनवमी पूजा को लेकर एक बैठक देवी मंडप प्रांगण में की गई. बैठक की अध्यक्षता प्रबील प्रसाद ने किया. इसमे मुख्य रूप से 17 अप्रैल नवमी को रात में आने वाले झांकी के विषय पर चर्चा की गई. झरपो में 1957 ईस्वी से हो रही है नवरात्रा .झरपो में रामनवमी का पर्व पिछले 67 वर्षो से धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है. यहां बसंती दुर्गा पूजा को दो दिवसीय नवमी और दशमी के दिन भव्य मेला का आयोजन किया जाता है. इस मेला में अनेक दुकानों का स्टाल लगाया जाता है. बच्चो के लिए झूला व ब्रेक डांस आकर्षण का केंद्र बना रहता है. नवमी के रात्रि में प्रखंड क्षेत्र के झरपो नारायणपुर, भराजो अमनारी, गोधिया, जरगा लोधी, और टटगांवा सहित अन्य गांवों से भव्य झांकी झरपो के दुर्गा मंडप के प्रांगण में आकर मिलती है. जिन क्लबों की झांकी अच्छी रहती है. उन्हें पूजा व्यवथापक बालेश्वर महतो, सरयू प्रसाद और राजेंद्र प्रसाद के द्वारा परितोषक उपहार स्वरूप प्रखंड के जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोगो की उपस्थिति में उस क्लब के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्यों को देकर सम्मानित किया जाता है. शुक्रवार शाम को हुई बैठक में पूजा व्यवस्थापक बालेश्वर महतो ने कहा की जिस गांव से और भी झांकी आने वाली है सूचना जरूर दे ताकि पूजा समिति के द्वारा व्यवस्था की जाए. इस दौरान सरकार के गाइड लाइन का पालन करते हुए रामनवमी पूजा मनाने की अपील है.

## सर्वसम्मति से रामनवमी महासमिति के नए अध्यक्ष चुने गए विनोद सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** रमुआ के राम मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को राम नवमी महा समिति के गठन को लेकर आम बैठक बुलाई गई।अध्यक्ष पद के कई दावेदारों के बीच आम सहमति से विनोद सिंह को महा समिति का अध्यक्ष चुन लिया गया।चुनावी मौसम में राजनीतिक दल अपने अपने समर्थकों को इस पद पर बैठना चाहते थे।दावेदारों में विनोद सिंह, अनुराग बर्मन, रवि कुमार पांडे और अनूप कुमार कसेरा के नाम शामिल थे। देर शाम तक काफी गहमा गहमी के बीच चली बैठक में के अंततः विनोद सिंह के नाम पर सहमति बन गई।पहले भी इन्हें यह दायित्व मिल चुका है और बखूबी इन्होंने सफलता पूर्वक इसका निर्वहन किया है।इनके ट्रेक रेकॉर्ड को देखते हुए एकबार फिर से इन्हें जिम्मेदारी दी गयी है।इनके अलावा रविन्द्र कुमार बरनवाल उर्फ दीपू भाई, रवि कुमार पांडे, प्रो ओमकारनाथ शर्मा और अनुराग बर्मन को उपाध्यक्ष चुना गया।प्रो ओमकार नाथ शर्मा को मीडिया प्रभारी का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है। संदीप कुमार कसेरा को सचिव तथा नीतीश कुमार बरनवाल को सह-सचिव बनाया गया। विनोद सिंह (इटवाटांड़) को कोषाध्यक्ष व रोहित राम को सह कोषाध्यक्ष नामित किया गया। कार्यकारिणी कमेटी में नवीन कुमार पांडेय, पप्पू मिश्रा, मुकेश विश्वकर्मा, दीपू अकेला, नरेश राम रवानी, अशोक सिंह, निरंजन सोनी, शंकर कुमार कसेरा, सुमित कुमार, पीयूष कुमार सिन्हा, कुन्दन मिश्रा, रामपवन कुमार वर्मा, रणधीर सोनी और संजय कसेरा को जगह दी गई है।रामनवमी महासमिति के संरक्षकों में महेश पाण्डेय, शशि लहकार, लखन प्रसाद, अजय प्रसाद साव व राजेश सोनी शरीक हैं। वहीं राजेन्द्र दुबे महा समिति के निदेशक नामजद किये गए हैं। बैठक में महासमिति के पूर्व अध्यक्ष वरुण कुमार, किशोर कुमार मंडल समेत सैकड़ो की संख्या में रामभक्त उपस्थित थे।

## लोकतंत्र का महासमर, टीवी कलाकारों ने की शत प्रतिशत मतदान की अपील




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव पर सब करो मिल कर वोट क्योंकि अगले पांच वर्ष तक नहीं मिलेगा डालने फिर से वोट, तो भैया मारो वोट सब मिलकर मारो वोट। भारतीय निर्वाचन आयोग के साथ राज्य एवं जिला निर्वाचन सह जिला प्रशासन , हजारीबाग के पहल पर आम जनता को विभिन्न प्रकार से मतदान देने के लिए जागरूक करने के साथ हजारीबाग के जनता एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से भी विभिन्न प्रकार से लोगो को जागरूक करने का अपील किया जा रहा है। इसी क्रम में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा हैं जिसमें हजारीबाग की सामाजिक सह सांस्कृतिक संस्था तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता के विशेष आग्रह पर पैनोरमा प्रोडक्शन हाउस द्वारा निर्मित एवं दंगल चैनल पर प्रसारित होने वाले मशहूर टीवी सीरियल मनसुंदर के सभी कलाकारो द्वारा बनाया गया वीडियो संदेश है । जिसमे सभी कलाकारों ने एक साथ इस चुनाव में हजारीबाग के लोगो से वोट के प्रतिशत को 80त्न से बढ़ाने का अपील किया है। इस विडियो संदेश में हजारीबाग निवासी सीरियल के मुख्य निर्देशक दीपक सागर के साथ मुख्य कलाकार देव आदित्य,नैंसी राय,अलीशा टुंडा, अनन्या समर्थ एवं शिखर शर्मा है। संस्था के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार कोई भी वोटर वोट करने से छूटे ना इसके लिए संस्था विभिन्न प्रकार से जागरूकता फैलाने का प्रयास कर रही है जिसके लिए संस्था को जिला प्रशासन के द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है।

## तलसवार रामनवमी पूजा समिति का गठन, अध्यक्ष बने देवनंदन राणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** रामनवमी पूजा 2024 के लिए तलसवार में ग्रामीणों की बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी पूजा धूमधाम एवं भव्य तरीके से मनाया जाएगा इसके लिए आने वाले मंगलवार को मंगला जुलूस, अष्टमी की रात नगर भ्रमण शोभायात्रा, नवमी की सुबह नयाटांड में पारंपरिक हथियारों एवं जुलूस के साथ झंडा मिलान एवं नवमी को ही दोपहर में हरली मेलाटांड़ में जीवंत झांकी प्रदर्शन, भव्य जुलूस एवं लाठी भाला प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने को लेकर पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष देवनंदन राणा, उपाध्यक्ष रामविलास महतो, सचिव कौलेश्वर महतो, उपसचिव सुभाष राणा, कोषाध्यक्ष अजय राणा, मीडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर, संयोजक संजय कुमार (मुखिया प्रतिनिधि), उपसंयोजक विशुन देव राणा, कार्यकारणी सदस्य संदीप कुमार (झांकी डायरेक्टर), राजेश साव, मनोज महतो, सुदर्शन कुमार, टुकेश्वर साव, नरेंद्र कुमार, उमेश साव, जितेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार (पिंटू), प्रकाश राणा, कृष्णा राम, दीपेंद्र राणा, चूरामन राणा, विकाश कुमार, तिलेश्वर कुमार, प्रदीप साव, आनंद राज, आशीष कुमार, रोहित महतो, बाबूलाल महतो को बनाया गया।

## सेवानिवृत्त मलेरिया विभाग के डॉक्टर पोखन नारायण कुशवाहा का आकस्मिक निधन



**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा तिलैया (झुमरा) निवासी के पिता सेवानिवृत्त डॉक्टर (मलेरिया विभाग) पोखन नारायण कुशवाहा 84 वर्ष का शनिवार रात्रि 1:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। इस दुःख की घड़ी में परिजनों और ग्रामीणों का पार्थिव शव के अंतिम दर्शन के लिए राजकुमार कुशवाहा के पैतृक आवास तिलैया पर हजारों की तादाद में लोग पहुंचे और शोकाकुल परिवार को शोक संवेदना व्यक्त किया।इस मौके पर कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी भी शोकाकुल परिवार से मिले और शोक संवेदना व्यक्त किया। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने और उनके शोक संतप्त परिवार को ईश्वर इस दुखद क्षण को सहने की शक्ति दे इसकी कामना की। शनिवार को दिन के 11 बजे तिलैया मुक्ति धाम में दाह संस्कार किया गया। पोखन नारायण कुशवाहा के निधन की खबर जैसे ही लोगों को हुई पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

## बोरवेल गाड़ी के टक्कर से ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, ट्रैक्टर चालक की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव हजारीबाग मुख्य मार्ग स्थित 13 माईल टीपी 4 के पास हजारीबाग से बड़कागांव आ रही बोरवेल गाड़ी ने ट्रैक्टर के पीछे, डाला को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर के कारण ट्रैक्टर का कारण संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे गड्ढे में ट्रैक्टर जा गिरा। टक्कर इतना तेज था के ट्रैक्टर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया और घटनास्थल पर चालक की मौत हो गई । मृतक की पहचान शिवाडीह गांव निवासी 40 वर्षीय कीर्तन प्रसाद (पिता तिलेश्वर महतो ) के रूप में हुई। ट्रैक्टर को धक्का मारने के बाद बोरवेल गाड़ी लगभग एक किलोमीटर दूर आगे बिजली खम्भे से टकराई गई तब जाकर गाड़ी रुक पाई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण ने तेरह माईल के पास सड़क जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे। घटना कि जानकारी मिलते ही बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति से अवगत हुए । जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति में बोरवेल मशीन गाड़ी के मालिक के बीच मुआवजा देने की बात पर सहमति बनी। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि बोरवेल मलिक के द्वारा मृतक के परिवार को ? 8 लाख राशि का चेक दिया गया है जिसके बाद सड़क जाम को हटाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। घटना से शिवाडीह गांव में मातम पसर गया है। कीर्तन के मौत से पूरा परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बच्चे ,माता-पिता व भरपुरा परिवार छोड़ गया । मौके पर पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिप सदस्य सुनीता देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, उपप्रमुख बड़कागांव बचनदेव कुमार, पंसस उपेन्द्र प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो, पूर्व पंसस बासमती देवी समेत मृतक के परिजन व ग्रामीण मौजूद थे।

## महागठबंधन की होगी करारी हार, रिकॉर्ड मतों के अंतर से जीतेंगे मनीष जायसवाल : विवेकानंद सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने शुक्रवार देर शाम एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष बनने के बाद उनकी प्राथमिकता संगठन को मजबूत बनाना है जिसके लिए भाजपा के पुराने एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं के अनुभव का लाभ हमें लेना है। कहा कि हजारीबाग लोकसभा भारतीय जनता पार्टी की परम्परागत सीट रही है,हम रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे।जनता जनार्दन मनीष को सांसद एवं नरेंद्र मोदी को देश का पुनःप्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है।उन्होंने आगे कहा कि महागठबंधन का भ्रष्टाचार और सनातन विरोधी चेहरा जनता के सामने है।अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर कांग्रेस के रुख से पूरा देश क्षुब्ध है। प्रेस वार्ता में भाजपा के जिला महामंत्री सुमन कुमार जिला उपाध्यक्ष सुनील मेहता, राजेश गुप्ता, टोनी जैन, जयनारायण प्रसाद, रौशन कुमार, विनोद झुनझुनवाला, विजय वर्मा, नंदन कुमार नंदू, अरविन्द कुमार सिकरवार, अरविन्द कुमार सिन्हा सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संजय मेहता का जनआशीर्वाद यात्रा पहुंचा बड़कागांव, जगह-जगह पर हुआ भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र के जेएलकेएम प्रत्याशी संजय मेहता का जनआशीर्वाद यात्रा सह जनसंपर्क अभियान शनिवार को बड़कागांव पहुंचा। इस दौरान उन्होंने बड़कागांव के विभिन्न पंचायतों का दौरा किया एवं माटी के बेटे के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों के बीच जनसंवाद किया। बड़कागांव पहुंचने पर जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा उन्हें विभिन्न स्थानों पर माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। कई जगहों पर उनकी आरती उतारी गई।संजय मेहता ने बताया कि लगातार चल दौरे से युवा, महिला एवं बुजुर्ग मतदाता काफी उत्साहित है साथ ही पूरा लोकसभा क्षेत्र अपने माटी पुत्र संजय मेहता के समर्थन में उतर चुका है। दौरे के दौरान हर जगह मिल रहे अपार जनसमर्थन से अभिभूत हैं।

दौरे के दौरान संजय मेहता बड़कागांव के गोन्देलपुरा पहुंचे जहां उन्होंने पिछले एक साल से अडानी के खिलाफ चल रहे आंदोलन को समर्थन किया एवं संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में झारखंड सबसे ज्यादा खनिज संपदा देने वाला राज्य है फिर भी यहाँ के लोगों के साथ बड़े बड़े पूंजीपतियों एवं कंपनियों के द्वारा लगातार शोषण किया जा रहा है। गोन्देलपुरा में पिछले एक साल से लोगों के द्वारा आंदोलन किया जा रहा है लेकिन यहाँ के सांसद, विधायक एवं मंत्रियों द्वारा कभी भी इनका सहयोग नही किया गया जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड के किसी भी जिले में जाएंगे तो हर जगह आपको इस तरह की समस्या और आंदोलन दिखाई पड़ेगा लेकिन फिर भी केंद्र और राज्य सरकार इनके समस्याओं का हल नहीं निकालती जिससे हमारा राज्य अत्यंत गरीब होते जा रहा है और स्थानीय लोगों के जमीनों का अतिक्रमण किया जा रहा है।

# प्रभात मंत्र

झारखण्ड

रांची, रविवार, 7 अप्रैल 2024 | पेज 9


## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय जनता पार्टी देश की युवाओं की पहली पसंद है : राजेश ठाकुर



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि आज ही के दिन विश्व के सबसे बड़ा राष्ट्रवादी संगठन भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय एवं लोकगीत के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र मैं अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए परंतु उसका इतिहास भारतीय जन संघ से जुड़ा हुआ है स्वतंत्रता प्राप्ति तथा देश विभाजन के साथ ही देश में एक नई राजनीतिक परिस्थितियों उत्पन्न हुई गांधी जी की हत्या के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाकर देश मैं एक नया राजनीतिक षड्यंत्र रचा जाने लगा देश में भाजपा नीति एनडीए शासन के दौरान राखी आज तीन दशक के बाद भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को पूर्ण बहुमत दिया है तथा भारी बहुमत से भाजपा नीत एनडीए सरकार केंद्र में विद्यमान है। श्री ठाकुर ने बताया भारतीय जनता पार्टी देश की युवाओं की पहली पसंद है नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में भारत की जय जयकार पूरे विश्व में हो रहा है और भारत विश्व गुरु की और बढ़ते कदम भारत को शक्तिशाली समृद्धि साली विश्व गुरु बनाएंगे आज भाजपा की कार्यकर्ता देश राष्ट्र समाज के लिए दिन रात चिंतन मंथन करते रहते हैं ।

### हेसला मनुवां अरगड्डा सिरका फुलसराय के मस्जिदों में ईद की नमाज का समय मुकर्रर किया गया

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के हेसला , अरगड्डा , सिरका , मनुवां फुलसराय आदि कई जगहों के मस्जिदों में ईद उल फितर का नमाज का समय मुकर्रर किया गया है नुरी मस्जिद हेसला में 8:45 में मौलाना आलम रजा के द्वारा नमाज पढ़ाई जायेगी , वही अरगड्डा में 8:30 बजे अरगड्डा ईदगाह में और अरगड्डा के इमाम ताकिउजमा के द्वारा नमाज पढ़ाई जाएगी , वही सिरका में ईद उल फितर की नमाज 8:30 बजे इमाम अब्दुल वहाब साहब के द्वारा पढ़ाई जाएगी, मदरसा अहले सुन्नत इस्लाहुल मुस्लिमीन मनुवां में 7:45 बजे जनाब कारी नसीम अख्तर, मनुवां ईदगाह में 8:00 बजे मौलाना अ. गफ्फार, मस्जिदे गौसुलवरा मनुवां में 8:45 में अब्दुल मुस्तफा मिस्बाही , मस्जिद बेलाल फुलसराई में 8:30 बजे मौलाना अबुहोरैरा मिस्बाही , जामा मस्जिद फुलसराय में 8:15 बजे मौलाना अब्दुल सत्तार , रजानगर कैलाटुंगरी में 7:30 बजे हाफिज अब्दुल हक के द्वारा नमाज पढ़ाई जाएगी।

### मतदान केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान निर्वाचन के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन तथा इस शत प्रतिशत मतदाताओं का अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर शनिवार को अपर समाहर्ता रामगढ़ गीतांजली कुमारी ने रामगढ़ जिला अंतर्गत परतातू प्रखंड के रोचाप, कटिया, सांकुल, सयाल, सौंदाडीह, जयनगर, भुरकुंडा, जवाहरनगर, चिकोर, भदानीनगर सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित बड़ी संख्या में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्र पर उपलब्ध आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर अपर समाहर्ता ने मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स आदि को उनके उनके क्षेत्र में प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित होना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सर्वे कर जिन व्यक्तियों का किसी कारणवश अब तक मतदाता पहचान पत्र नहीं बन पाया है उनसे तत्काल रूप से प्रारूप 6 भरवाने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के तहत आयोजित होने वाले0 कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा आम जनों की सहभागिता सुनिश्चित कराने व लोगों तक कार्यक्रमों की सूचना पहुंचाने का निर्देश दिया।

### बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स के साथ हुआ बैठक का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। रामगढ़ जिले में सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने हेतु शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में रामगढ़, गोला, दुलमी एवं चितरपुर पतरातू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा सबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन तथा इस दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में आप सभी की भूमिका बेहद अहम है जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मतदान केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर मतदान की तिथि के दिन सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाएं केंद्र पर सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने उनके उनके क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे हैं मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में भी सभी को हिस्सा लेकर ज्यादा से ज्यादा आम जनों को कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को मतदान के दिन उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित अन्य मतदाताओं का मतदान आसानी पूर्वक मतदान केंद्र पर सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गयी।

## रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिती की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी रामनवमी पर्व और ईद त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने हेतु रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिती की बैठक आहूत की गई है इस बैठक में रामगढ़ थाना क्षेत्र के सभी समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधी एवं प्रेस मिडीया के समक्ष प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पुलिस पक्षाधिकारी के साथ बैठक किया गया?। जिसमें रामनवमी पर्व एवं ईद पर्व 2024 शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु आवश्यक सुझाव दिये। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, अंचल अधिकारी सतेंद्र पासवान, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, रामगढ़ महिला थाना प्रभारी स्वेता कुमारी, जीप सदस्य धनेश्वर महतो, मुरामकला पंचायत मुखिया कलावती देवी, कुंदरुकला पंचायत मुखिया किसुन राम मुंडा, कमल बगड़िया, नईसराय सदर सलीम खान, पूर्व प्रत्याशी धनंजय कुमार पूटूस, आशिफ इकबाल, इंद्रपाल सिंह सैनी, अरविंद जैसवाल, विजय जायसवाल, अनमोल सिंह, ग्यास खान, अकमल, अफरीदी हुसैन, सुनील मालाकार आदि मौजूद थे।

## स्वेता हत्याकांड के उद्भेदन को लेकर व अनुसंधान में सयाल पहुचे पतरातू एसडीपीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** भुरकुंडा ओपी अंतर्गत सयाल आठ नवंबर कुम्हारगढ़ा में बीते शुक्रवार को विवाहित महिला स्वेता देवी हत्याकांड मामले को लेकर पतरातु एसडीपीओ विरेन्द्र राम, पतरातू इंस्पेक्टर योगिन्द्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार,एसआइ निर्भय कुमार व उनकी पुलिस टीम शनिवार शाम मृत स्वेता देवी के घर कि छानबीन कि एवं उनके पडोसी गोतनी के घर कि छानबीन की। वहीं शनिवार देर शाम मृत स्वेता देवी का शव घर पहुंचा। शव घर पहुंचते ही परिजनों के आशू थम नहीं रहे थे। स्वेता देवी के चार वर्ष के बेटा सौरव एवं दो वर्ष बेटा सौर्य अपनी मां को जगाने में लगा हुआ था। पर उन्हें क्या पता कि उनकी मां अब इस दुनिया में नहीं है। वहीं पति श्रवन कुमार प्रजापति का हाल भी बदहवास सी हो गई है।वहीं दूसरी ओर स्वेता देवी का अंतिम संस्कार सयाल दामोदर नदी तट पर किया गया। जिसमें सयाल के कई लोग शामिल हुए। पर सभी के जुबान पर एक ही बात थी कि स्वेता के साथ जरूर कुछ ग़लत हुआ है। सिंधी साधी व मृदुल स्वभाव कि लड़की थी। उसके साथ ऐसा कैसे हो सकता है। पर जिसने भी ऐसा किया उसे फांसी कि सजा मिलनी चाहिए। वहीं दुसरी ओर एक पुराने केस के सिलसिले में एसडीपीओ पतरातु व भुरकुंडा पुलिस के द्वारा सयाल नालापार खटाल से जुड़े मामले को लेकर छानबीन किया गया।

## गिट्टी लदा टर्बो की चपेट में आने से छह वर्षीय बालक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** थाना क्षेत्र के मगनपुर पंचायत स्थित जांगी गांव में गिट्टी लदा हुआ एक टर्बो की चपेट में आने से अनीश करमाली पिता महादेव करमाली उम्र 6 वर्ष की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि दोनों बाप बेटा अपने गांव की बस्ती से अपने घर लौट रहे थे।उक्त टर्बो वाहन गिट्टी लेकर इसी गांव में खाली करने जा रहा था। पिता आगे आगे चल रहा था वहीं बेटा उसके पिछे चल रहा था जिससे अचानक उसका पांव फिसल गई और वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घर वालों ने उससे इलाज के लिए गोला के एक अस्पताल में ले गया जहां चिकित्सक के द्वारा मृत घोषित किया गया।इधर घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए उक्त वाहन को थाना ले गया पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## चुटुपालू घाटी में भीषण सड़क दुर्घटना, एक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रांची पटना मार्ग पर रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चुटुपालू घाटी में शनिवार की पूर्वाह्न 10ः30 बजे तक तीन वाहनों के दुर्घटना में एक की मौत हो गई हैद्यजबकि दुर्घटना में दर्जन भर लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार रांची रामगढ़ फोरलेन पर चुटूपालू घाटी में सुबह 8ः00 बजे के लगभग एक क्रेटा और हाईवा में टक्कर हो गईद्य जिसमें हाईवे का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गयाद्य उसे रामगढ़ सदर अस्पताल में इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गयाद्य इसके उपरांत ठीक उसी स्थान पर पूर्वाहन 10ः30 बजे के लगभग एक ब्रेक फेल पाइप लदा एक एलपी ट्रक ने पांच वाहनों को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें एक साइन मोटर साइकिल पर सवार व्यक्ति की मौत हो गई हैद्य वही ब्रेक फेल ट्रक ने हेमकुंठ बस को भी अपने चपेट में ले लिया। बस में सवार लगभग आठ लोग घायल हो गए। इसके अलावा ब्रेक फेल ट्रक ने एक बुलेट मोटरसाइकिल,एक बोलेरो को अपने चपेट में लेते हुए चट्टान से जाकर टकरा गईद्य इन दुर्घटनाओं में लगभग एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार और रामगढ़ थाना के अधिकारी पहुंच गए । घायलों को तत्काल रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गयाद्य गंभीर रूप से घायल चार लोगों को रिम्स रेफर कर दिया गया है। वही दुर्घटना के बाद रांची रामगढ़ मार्ग जाम की स्थिति में पहुंच गई लंबी जाम के बाद रामगढ़ के प्रशिक्षु डीएसपी और ट्रैफिक इंस्पेक्टर भी घटनास्थल पर पहुंच गएद्य पुलिस अधिकारियों ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से किनारे कर यातायात व्यवस्था सुचारू कर दिया।

## डीएवी बरकाकाना में बाल मेला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना में शनिवार को नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के शुरू होने पर बाल मेला का आयोजन किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन डीएवी प्राचार्या डॉ उर्मिला सिंह ने फीता काटकर किया। संबोधित करते हुए कहा कि बाल मेला के आयोजन से बच्चों का बौद्धिक और प्रबंधन क्षमता का विकास होता है। आज का समय उद्यमिता अर्थात नए संगठन आरंभ करने की भावना जागृत होता है। बाल मेला में इडली, ढोकला, कटलेट और मिठाई, दही बड़ा, गोलगप्पा, समोसा चाट, बटाटा पूरी, झालमुढ़ी, फ्रूट सलाद, मेयो सेंविच, आइसक्रीम, बेकरी के आइटम्स शामिल थे। जिसका मूल्य 10 से 20 रुपए रखा गया है। इसके साथ ही मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने बाल मेला में जमकर लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

## रामगढ़ भाजपा जिला कार्यालय में 44 व स्थापना दिवस पर भाजपा का झंडा तोलन कर मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** भाजपा जिला कार्यालय में 44 व स्थापना दिवस पर भाजपा का झंडा तोलन कर मनाया गया । उसके पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के मित्र पर दीप प्रज्वलित पुष्प अर्जित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ने किया संचालन महामंत्री सुनील प्रसाद साहू ने किया धन्यवाद ज्ञापन विनोद प्रसाद ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता उपस्थित हुए उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रवादी विचारधारा के सिद्धांत को आत्मसात कर अंत्योदय और विकास मुखी राजनीति की मार्ग पर सदैव अवसर रहने वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी है डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पद चिन्ह चलने की आवश्यकता है इस कार्यक्रम में महामंत्री खिरोधर प्रसाद साहू छोटन सिंह रामगढ़ विधानसभा विस्तारक देवाशीष प्रधान मांडू विधानसभा विस्तारक राजा सिंधु महतो अरविंद सिंह मनोज सिंह रंजीत प्रसाद साहू प्रमोद यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## चोरी के दो मामलों को लेकर पुलिस ने किया उद्भेदन, तीन गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिलान्तर्गत माण्डु वेस्ट बोकारो थाना क्षेत्र स्थित टाटा डीएवी स्कूल ग्राउण्ड के चेंजिंग-सह-स्टोर रूम से लाखो रूपये के समान की चोरी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संदर्भ में माण्डु बेस्ट बोकारो कांड धारा-461/379 अंतर्गत अज्ञात चोरों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़, डॉ0 बिमल कुमार के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी किये गये समानों के बरामदगी एवं अज्ञात चोरों के विरूद्ध विधि सम्मत् कार्रवाई हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सत्त रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को मिले गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी दल के द्वारा सोम कुमार उर्फ बजरंगी,जाहिद खान उर्फ मुन्ना , मंजुर खान जिला-रामगढ़ को हिरासत में लिया गया। उक्त अभियुक्त से पुछताछ के क्रम में अभियुक्त के द्वारा उक्त काण्ड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया। तथा अभियुक्त के निशानदेही पर टाटा डी0ए0वी0 स्कूल ग्राउण्ड के चेंजिंग-सह-स्टोर से चोरी गयी सभी समान को बरामद किया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। वहीं दूसरी एक ओर आरोपी एयरटेल कम्पनी के चालक शशिकांत करमाली, अरूण कमार करमाली, सा0-भेल गडा, थाना- माण्डु वेस्ट बोकारो जिला-रामगढ़ को हिरासत में लिया गया। उक्त अभियुक्त से पुछताछ के क्रम में अभियुक्त के द्वारा उक्त काण्ड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया। तथा अभियुक्त के निशानदेही पर चोरी की गई समान को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## अरगड्डा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा का स्थापना दिवस मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** नगर परिषद क्षेत्र अरगड्डा में भाजपा स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर पूर्व अध्यक्ष दिवाकर सिंह की आवास में बैठक की गई । बैठक में सभी सम्मानित अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति हुये । उपस्थित सभी ने पंडित दीनदयाल एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र में फूल अर्पित किया और उनके बताए हुए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया गया। और पार्टी को आगे मजबूत करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में जितने भी सक्रिय कार्यकरता थे उनको झंडा और परमिशन पर्ची देकर बैठक की अगवाई की गई।इस बैठक में उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी पूर्व अध्यक्ष दिवाकर सिंह संचालक कर रहे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी सूरज पासवान सिक्की, भाजपा नेता संत राज पासवान ने किया सभी बूथ अध्यक्ष को झंडा बैनर और परमिशन फॉर्म दिया गया और सभी बूथ अध्यक्षों को स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर अपने-अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाने का निर्देश दिया गया।

## राज्य में सभी सीटों पर भारी बहुमत से जीतेगी एनडीए : रोशनलाल चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** आजसू पार्टी रामगढ़ जिला कमिटी की एक आवश्यक बैठक रामगढ़ जिला कार्यालय में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी एवम संचालन जिला सचिव लालचंद महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट रूप से केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केंदीय महासचिव विजय साहू, केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो, केंद्रीय सचिव मनोज महतो, केंद्रीय सचिव जलेश्वर महतो, केंद्रीय सचिव धनेश्वर महतो, केंद्रीय सचिव भोला तुरी, केंदीय सचिव तापेश्वर महतो, केंद्रीय सचिव सह जिप सरस्वती देवी* इत्यादि उपस्थित थे। ज्ञात हो की आजसू पार्टी ने हजारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम / पंचायत प्रभारी सम्मेलन को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी ने कहा की एनडीए गठबंधन की जीत के लिए सभी आजसू कार्यकर्ता कमर कस लें?। अबकी बार 400 पार के नारे को धरातल पर लाने के लिए सभी आजसू कार्यकर्ता पसीना बहाने को तैयार रहें। आजसू ने विकास की राजनीति को बढ़ावा दिया है एक - एक आजसू कार्यकर्ता अपने आप में अहम स्थान रखता है पुरे लोकसभा क्षेत्र में आजसू कार्यकर्ता घर - घर जाकर एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को मतदान करने की अपील करेंगे । देश के साथ साथ आगामी विधानसभा चुनाव में भी एनडीए बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनाएगी। डबल इंजन की सरकार को पुनः धरातल पर लाना है राज्य की जनता विपक्ष के झूठे वादे को बखूबी जान चुकी है इंडी गठबंधन ने राज्य की जनता के साथ धोखेबाजी करने का काम किया है। राज्य सरकार में शामिल दल भ्रष्टाचार के आकठ में डूबी हुई है इंडी गठबंधन में शामिल दलों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं मौजूदा लोकसभा चुनाव में पूरे राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है आगे उन्होंने कहा की आगामी 13 अप्रैल को हजारीबाग के चान्हो रोड स्थित सुभम बैंक्विट हाल में आयोजित लोकसभा स्तरीय ग्राम/ पंचायत प्रभारी सम्मेलन में लोकसभा क्षेत्र से लगभग 20 हजार कार्यकर्ता एकजुट होकर एनडीए प्रत्याशी के लिए जीत के नारे को बुलंद करेंगे्। पार्टी ने पिछले दिनों ग्राम / मोहल्ला स्तर पर प्रभारी बनाए हैं।

ज्ञात हो की हजारीबाग में प्रस्तावित सम्मेलन में मुख्य अतिथि पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो सहित विशिष्ट रूप से सम्मानित सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी , सम्मानित विधायक सुनीता चौधरी, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी , मांडू विस प्रभारी तिवारी महतो सहित कई केंद्रीय नेता शामिल होंगे। वहीं आमंत्रित अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल की उपस्थिति रहेगी। उक्त सम्मेलन में पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के आजसू पार्टी के ग्राम / पंचायत प्रभारी सहित प्रमुख नेताओं - कार्यकर्ताओं का जमावड़ा होगा। आजसू नेताओं ने कहा की यह सम्मेलन लोकसभा चुनाव के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। अबकी बार 400 पार के नारे को बुलंद करते हुए भारी मतों से जीत सुनिश्चित करने को लेकर कार्यकर्ता कमर कस चुके हैं। मौके पर दिनेश महतो, विमल बुधीया, रीना साह, हेमलाल महतो,किशुन महतो, किशुन मुंडा, अनुज तिवारी, हरीरतम साहू, धर्मेंद्र साव भोपाली, कुंजलाल प्रजापति, जलेश्वर महतो, राजेश महतो, देवा महतो, महेश करमाली, नरेश महतो, पंकज महतो, अरुण अग्रवाल, हरेश राय, कृष्णा कुशवाहा, नीरज मंडल, अनुपमा सिंह, ममता देवी, विश्वरंजन सिन्हा, छोटू पटेल, प्रदीप कुशवाहा, भुनेश्वर महतो, मुरारी शर्मा, मीरा देवी, कुंती देवी, नीलम देवी, कंचन देवी, अरुण अग्रवाल, रामभजन लाला महतो, खुशी लाल महतो, बीटी सिंह, कुंजलाल प्रजापति, नित्यानंद महतो, अंगद महतो, पंकज कुमार, दशरथ कुमार, सुबीन तिवारी, दिलीप कुमार महतो, अनुराग भारद्वाज, जय किशोर महतो, तेजनाथ महतो, पवन करमाली, मनोज महतो, सविता देवी, प्रतिबाला देवी, मंजू देवी, सुमन मिश्रा, यशोदा देवी, अब्दुल हकीम अंसारी, युगेश्वर महतो, रामबृक्ष महतो, दीपू गुप्ता, बालेश्वर महतो, मनोज साहू, राजेंद्र महतो, प्रकाश प्रभाकर, पंकज साहू, राजू कुमार महतो, कुलदीप वर्मा, सुरेंद्र कुमार दांगी, बबलू मोदी, विभन सिंह, हीरा गोप, मुन्ना प्रसाद, संतोष महतो, राकेश सिन्हा, राजकिशोर महतो, मनोज गोप, नरेश बेदिया, लेखराज महतो, कुंदन कुमार, राहुल कुशवाहा, दयासागर प्रसाद, गेंदलाल महतो, राहुल बेदिया, बृजलाल करमाली, नारायण बेदिया, कौलेश्वर महतो, राजकुमार करमाली, रवि कुमार, हेमलाल महतो, रूपलाल कुमार महतो, अनुज कुमार, बबलू करमाली, कुलदीप महतो, पोखलाल महतो, जीतू मिश्रा, मदन महतो, सुशीला देवी, ममता सोनी, पिंकी देवी, देवन्ति देवी, जलेश्वर महतो, किशुन राम मुंडा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नवजवान एकता फाउंडेशन ने किया वस्त्र वितरण



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नवजवान एकता फाउंडेशन द्वारा इंसानियत के पैगाम को बढ़ावा देते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झरिया स्थित अपने कार्यालय परिसर मे वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों ज़रूरतमंद लोगों को उपहार स्वरूप नये कपड़े भेंट किये गए ताकि वो भी ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मना सकें। मौके पर नौजवान एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं सचिव मोहम्मद शाहनवाज खान अपनी पुरी टीम के साथ मुख्य रूप से उपस्थित थे जिनकी देख रेख मे ये कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वहीं वस्त्र प्राप्ति के पश्चात लाभुकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सभी ने नवजवान एकता फाउंडेशन द्वारा सेवा के रूप मे किये जा रहे इन समाजिक कार्यों की प्रसंशा की और संस्था का आभार प्रकट किया।

## खंडोली में सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा : सुशील



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखंड के खंडोली में सरहुल पर्व धुम धाम से मनाया जायेगा । आदिवासी समाज के लोगो ने इसकी पूरी ब्यापक तैयारी कर ली है। आदिवासी समाज के सुशील हांसदा ने जानकारी देते हुए कहा खंडोली में सरहुल पर्व रविवार को बडे धुम धाम से मनाया जायेगा वहीं गिरिडीह जिले के अलावे कई जिलों से समाज के गणमान्य लोगों का आगमन होगा। सरहुल पर्व के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।

## ट्रस्ट ने धूमधाम से समाजसेवी दिनेश वर्मा का मनाया जन्मदिन



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत कर्णपूरा पंचायत के बिजलीबथान निवासी दिनेश वर्मा के जन्मदिन पर समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट के आफ़िस मे दिनेश वर्मा का जन्मदिन मनाया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित व केक काट के हर्षोल्लास के साथ सभी ने दिनेश वर्मा को हँसते मुस्कुराते लंबी उम्र की कामना करते हुए जन्म दिन मनाया दिनेश वर्मा के सामाजिक सोच को देखते हुए ट्रस्ट ने उन्हें सलाहाकार समिति मे स्थान दिया है। यह ट्रस्ट झारखंडी लोगों द्वारा गठित किया जो पिछले कई सालों से सूरत मे मानव कल्याण का कार्य कर रही हैं। दिनेश वर्मा एक ऐसे युवा है जिनसे लोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है इन्होने शून्य से शिखर तक का सफर बहुत कम समय में किया। एक वो व्क्त हुआ करता था जब लोग इनके घरवालो से बात करना तक पसंद नहीं करते थे और एक आज का समय है जब वो किसी पहचान का मोहताज नहीं हैं दिनेश सूट पेकिंग के नाम से सूरत मे जाने जाते हैं। जो व्यक्ति कभी वर्कर था आज उनके पास सैकड़ों से अधिक वर्कर काम करते हैं। । कहते हैं ना कब समय का पहिया किस और घूम जाए किसी को पता नहीं ऐसे में कभी कमजोर लोगों को हीनता से नहीं देखना चाहिए।

## स्कॉलर बीएड कॉलेज में मौखिक स्वच्छता सह दंत जांच शिविर का आयोजन




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को गिरिडीह ज़िले में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्कॉलर बीएड कॉलेज में मौखिक स्वच्छता सह दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सक डॉ शीतल गौरिसरिया के द्वारा कॉलेज के प्रशिक्षुओं और कर्मियों का दंत जांच किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ शालिनी खोवाला के नेतृत्व में चिकित्सक का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं शॉल दे कर किया गया। बताया गया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य दांतो की सही देखभाल और इसके प्रति जागरूकता लाना है। शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ आहार, पोषण और व्यायाम की महत्ता के बारे में प्रशिक्षुओं को जानकारी उपलब्ध कराई गई। बताया गया कि स्वस्थ दांत से ही स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है और स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मन का निर्माण होता है। शिविर में प्राचार्य डॉ शालिनी खोवाला ने ओरल हाइजीन के प्रति जागरूक करते हुए उनसे होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराया। वहीं डॉ शीतल ने प्रशिक्षुओं को सजग करते हुए कहा कि जाने अनजाने में हम कई तरह के पदार्थ का सेवन कर लेते हैं। जिनमें बहुत सी चीजें हमारे दांतो के लिए नुकसानदेह होता है। इसलिए हम सबको नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थो के सेवन से बचना चाहिए।उन्होंने प्रशिक्षुओं को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए दांतो की साफ सफाई एवं सही देखभाल के बारे में बताया। शिविर के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने आवश्यक जानकारी ली। मौके पर डीएलएड प्रभारी हरदीप कौर, एनएसएस प्रभारी सुधांशु शेखर, कार्यक्रम समन्वयक राजेन्द्र प्रसाद समेत कॉलेज के सभी व्याख्याता और शिक्षकोत्तर कर्मी उपस्थित थे।

## भाजपा का 44 वां स्थापना दिवस समाहरोह मनाया गया

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा का 44 वां स्थापना दिवस समाहरोह भागा मंडल अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में जामाडोबा स्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेंद्र यादव के निवास स्थान पर मनाया गया। श्री यादव ने अपने आवास पर पार्टी का झण्डा लगाया है। कार्यकर्ताओं ने जामाडोबा में संकल्प लिया है की पार्टी द्वारा बनाया गया धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी ढुलू महतो को अधिक से अधिक मतों से विजयी बना कर दिल्ली भेजा जायेगा। इस अवसर पर श्री यादव ने कार्यकताओ को आह्वान किया है की हर बूथ पर अभी से ही मेहनत करना शुरू कर दे ताकि अबकी बार हर बूथ पर 370 वोट अधिक भाजपा को मिले। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता महाबीर पासवान, बीरेंद्र बर्मा, अनिल शर्मा, जगरनाथ चक्रवर्ती, धर्मबीर पासवान, रजनीश सिंह, रीता चैधरी, दल गोबिंद महतो, गणेश साव आदि मौजुद थे।

# शिवम फैक्ट्री में 5 साल से काम कर रहे मजदूर का हुआ मौत, ग्रामीणों ने की फैक्ट्री में तालाबंदी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला अंतर्गत मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के उदनाबाद में संचालित शिवम फैक्ट्री में काम करने वाले फार्निस हेल्पर राजू वर्मा की मौत हो गई। जिससे गुस्साए ग्रामीणों और असंगठित मजदूर मोर्चा ने मिलकर शनिवार की सुबह फैक्ट्री गेट जाम कर दिया और फिर हंगामा करने लगा। ग्रामीण ने यहां मृतक राजू वर्मा के शव के साथ गेट जाम कर दिया। जानकारी मिलने के बाद मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर फैक्ट्री पहुंचा और आक्रोशित लोगों को किसी तरह समझा बुझाकर शांत करवाने का प्रयास किया और मामले की जांच पड़ताल में पुलिस जुट गई। हंगामा कर रहे ग्रामीणों और मोर्चा के कार्यकर्ता बगैर मुआवजा के गेट से हटने को तैयार नहीं दिखें। जानकारी के अनुसार मृतक उदनाबाद का रहने वाला 47 वर्षीय राजू वर्मा शिवम स्टील फैक्ट्री के फार्निश डिवीजन में पांच साल से कार्यरत था।

मृतक राजू वर्मा दो दिन पहले ही ड्यूटी के दौरान फार्निश के समीप काम करते हुए गिर गया था और उसके शरीर के अंदर में गहरी चोट लग गया था। लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन के घोर लापरवाही के वजह से उसे बेहतर इलाज के लिए डॉ. के पास तक नहीं भेजा। जब यह घटना की जानकारी परिजनों को मिली और वह आ कर इलाज के लिए दबाव डाला तब जा कर फैक्ट्री प्रबंधन ने इलाज के लिए उसे बाहर भिजवाया, जहां दो दिन के इलाज के दौरान राजू वर्मा की मौत शनिवार की सुबह को हुई। इसके बाद ग्रामीणों और मोर्चा ने फैक्ट्री गेट जाम कर दिया और उचित मुआवजा की मांग पर डट गया।

## प्रधानखंटा स्टेशन में मालगाड़ी हुआ बेपटरी

### हावड़ा-दिल्ली और सिंदरी-धनबाद रूट करीब 3 घंटे प्रभावित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत प्रधानखंटा स्टेशन पर शनिवार को मालगाड़ी पटरी से उतर गयी। जिस कारण कई ट्रेनों का करीब 3 घंटे तक परिचालन प्रभावित रहा। ट्रेनों को अलग अलग स्टेशनों में रोक दिया गया। जिसमें 12019 हावड़ा-रांची शताब्दी एक्सप्रेस प्रधानखंता में, 22387 हावड़ा-धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस आसनसोल में, 13503 बर्धमान-हटिया मेमू एक्सप्रेस बरकार में, 08677 विष्णुपुर - धनबाद मेमू पाथरडीह में रोक दी गई थी। इस घटना के कारण धनबाद-सिंदरी-टाटा रेल मार्ग के साथ हावड़ा-दिल्ली रेलमार्ग पर भी ट्रेनों के पहिए थम गए हैं। हावड़ा-रांची शताब्दी समेत कई ट्रेनें अलग अलग स्टेशन पर रोक दी गयी हैं। वही घटना की सूचना स्टेशन मास्टर के रेलवे कंट्रोल को देने के बाद धनबाद से दुर्घटना राहत यान भेजा गया। रेलवे की ओर से बताया गया कि खाली मालगाड़ी का रैक पाथरडीह भेजा गया था प्रधानखंता क्रॉसिंग के पास मालगाड़ी का एक डब्बा पटरी से उतर गया। घटना क्रॉसिंग के पर होने के कारण धनबाद-सिंदरी -टाटा रेल मार्ग के साथ साथ हावड़ा- दिल्ली रेल मार्ग के अप और डाउन दोनों लाइन पर रेल सेवा प्रभावित हो गयी। घटना के कारण का पता नहीं चला है। प्रारंभिक तौर पर पॉइंट में गड़बड़ी बताया गया है। इंजीनियरिंग, आपरेटिंग और सेफ्टी विभाग के अधिकारी को जांच का निर्देश दिया गया है।

## टीम खुर्शीद अंसारी ने किया दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टीम खुर्शीद अंसारी द्वारा एकता और भाईचारा के पैगाम को गति देते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी न्यू आज़ाद नगर, 4 नंबर इमामबड़ा के समीप दावत ए इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों लोगों ने सामुहिक रूप से एकत्रित होकर इफ्तार के स्वादिष्ट व्यंजनो का आनंद लिया। इस दौरान छोटे-बड़े एवं सभी धर्म व समुदाय के लोग इस कार्यक्रम मे शामिल हुए। सभी ने देश व दुनिया की भलाई, अमन, शांति, खुशहाली व सौहार्द के लिये रब से दुआएं की। दावत ए इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन वार्ड संख्या 17 के पार्षद पद के उम्मीदवार सह समाजसेवी मोहम्मद खुर्शीद अंसारी की देख रेख मे आयोजित हुआ जिसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने मे उनकी पुरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# गायत्री परिवार द्वारा 24 कुंडीय महायज्ञ को लेकर निकली विशाल कलश यात्रा

### विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह किया कलश यात्रा का स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** अखिल विश्व गायत्री परिवार कतरास के तत्वावधान में शनिवार को 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर विशाल कलश यात्रा निकाली गयी।

कलश यात्रा कतरास गुहीबांध हीरक कैंप से निकली जो गुहीबांध, कतरास थाना चौक होते हुए सूर्य मंदिर नदी किनारे कतरी नदी पहुंची। कतरी नदी में 501 महिलाओं ने पूरे विधि विधान के साथ कलश में जल भार कर नदी किनारे से पुनः कलश यात्रा लेकर निकाली जो शहर के प्रमुख मार्गो का परिभ्रमण करते हुए गुहीबांध हीरक कैंप स्थित गायत्री मंदिर पहुंची।

विशाल कलश यात्रा को मारवाड़ी समाज, महुरी समाज, संकट मोचन मंदिर समिति कतरास के अलावे विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया।

सामाजिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के लिए चाय शरबत पानी आदि की व्यवस्था की। कलश यात्रा में महिला, पुरुष व बच्चे भजन कीर्तन व धर्म का जय हो पाप का नाश हो आदि धार्मिक जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा में मुख्य रूप से हरिद्वार से आए विद्वान आचार्य राम तपस्या, सनातन संस्था के प्रमुख प्रदीप खेमका, डॉ डी पटेल, पवन, अर्पित, विभूति शरण, बाल गोविंद गुप्ता, सरस्वती देवी, लता जयसवाल, राजकुमारी शर्मा, कामता प्रसाद सिंह आदि शामिल थे।

# कार्मेल स्कूल में हुआ एएसआइएससी आंचलिक कराटे प्रतियोगिता 2024

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** बेटियों को शिक्षा के साथ साथ आत्मरक्षा के गुर सिखाना भी बहुत जरूरी है। इसी उद्देश्य से कार्मेल स्कूल डिगवाडीह के सभागार मे विश्व कराटे फेडरेशन के तत्वावधान में एएसआइएससी आंचलिक कराटे प्रतियोगिता 2024 आयोजित हुई। जिसमें छात्राओ ने बेहतरीन प्रदर्शन कर मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के विजेता व उप वेजता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया। कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ सर्वप्रथम ईश्वर का स्मरण, प्रार्थना व सांस्कृतिक




नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। वहीं मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबंधक सिस्टर मेरी प्रियल, प्रधानाचार्या सिस्टर सिल्वी, उप प्रधानाचार्या सिस्टर प्रिस्का, निर्णायक मंडली के प्रतिनिधि नरेंद्र सिन्हा व शशि पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कराटे प्रतियोगिता में कार्मेल स्कूल डिगवाडीह, कार्मेल स्कूल धनबाद, डिनोबली स्कूल सीएमआरआई धनबाद व डिनोबली स्कूल चंद्रपुरा के चयनित 31 छात्राओ ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को तीन श्रेणियों में बांटा गया था। जिसमे अंडर 14 में चौदह, अंडर 17 में दस व अंडर 19 में सात छात्राओ ने भाग लिया। मौके पर समन्वयक प्राथमिक खंड कार्मेल स्कूल डिगवाडीह सिस्टर सुशीला लकरा, प्रतियोगिता संचालिका मोम चक्रवर्ती व शर्मिष्ठा चक्रवर्ती के साथ सभी शिक्षकगण उपस्थित थे। अंडर 14 में कार्मेल स्कूल डिगवाडीह को बेस्ट टीम के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार**

**-: आवश्यक सूचना :-**

लातेहार जिला अंतर्गत **महुआडॉड़ थाना काण्ड संख्या 11/2023, दिनांक 09.02.2023, धारा 370(4)/34 भा0द0वि0** के अभियुक्त के विरूध विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार–प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | विरेन्द्र कुमार गुप्ता पे0 स्व0 बालदेव प्रसाद गुप्ता सा0 B-4/6 Frist floor model town, Delhi |

ह0/–
पुलिस अधीक्षक,
लातेहार

PR 323618 Police(24-25)#D

# उत्पाद विभाग ने बरामद की नकली शराब




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर उत्पाद विभाग लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले के अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चला रहा है। इस कड़ी में उत्पाद विभाग की टीम ने आज दामोदरपुर में एक घर पर छापेमारी कर 19 पेटी नकली विदेशी शराब बरामद की है। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि नीलकमल डे नामक एक व्यक्ति के घर में नकली शराब का कारोबार चल रहा रहा था। यहां से बरामद शराब एक या दो दिन पूर्व ही स्टॉक किया गया था। उन्होंने बताया कि मौके से 19 पेटी, लगभग 171 लीटर शराब, बरामद की गई है। इसकी अनुमानित बाजार मूल्य 80 हजार रूपए है।

**न्यायालय:- प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल**

**उपस्थिति सूचना**

वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में नीचे वर्णित अधिहरण वाद की सुनवाई दिनांक 10.04.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित है।

अतः जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य से संबंधित स्वामी/व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से) अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। इसे अंतिम अवसर समझें। अनुपस्थित रहने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

| क्र0 सं0 | केस संख्या | अधिहरण वाद संख्या | वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य | घटना स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | **C 1004/2023** | 06/2023 | (1) 407 पिकअप सफेद रंग, (2) महिन्द्रा ट्रैक्टर 275**DI,** ईंजन नंबर – **006505439C1,** चेचिस नंबर – **RDLW03795** (3)हिरो होण्डा मोटरसाईकल **JH03AH - 8385** (5) केन्दु पत्ती – 51 बोरी (6) साल बल्ली – 4 पीस। | नौका सुरक्षित वन। |
| 02 | **C 1008/2023** | 07/2023 | केन्दु पत्ती – 74 बोरी (अर्धभरित) | ग्राम कुरूण। |
| 03 | रंका थाना कांड सं0 – 72/2023 | 16/2023 | पिकअप – **JH03AH – 1582** एवं सखुआ बोटा – 12 पीस | चुतरू बाजार टॉड़ |
| 04 | रंका थाना कांड संख्या 130/2023 | 29/2023 | पिकअप **JH03AB - 1830** एवं 33 बोटा मोटा चौपहल | बान्दु सुरक्षित वन |
| 05 | **C 2469/2019** एवं रंका थाना कांड संख्या 235/2019 | 31/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर संख्या– **CG15A-1076** | अनहर सुरक्षित वन |

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 323615 Forest, Environment and Climate Changes (24-25)_D

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग**

**द्वारा आयोजित**

**चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशष लोक अदालत**

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची के निर्देश पर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग द्वारा दिनांक 21 अप्रैल, 2024 से 26 अप्रैल, 2024 तक व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग में चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए पक्षकारों के मध्य बातचीत हेतू प्री–लोक अदालत की बैठक आयोजित की जायेगी एवं इससे संबंधित वादों के निष्पादन हेतू एक "विशेष लोक अदालत" का आयोजन दि0 27.04.2024 सुबह 08.00 से व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग में किया जायेगा।

अतः, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित अपने मामले को विशेष लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग परिसर स्थित, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में संपर्क कर सकते है अथवा मोबाईल सं0– 9939201624 पर भी सम्पर्क कर सकते है।

पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग
उपायुक्त सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग
प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग

PR 323623 Law(24-25).D

**कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ................../ **आवश्यक सूचना** दिनांक ....................../

सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.02.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर बेन्दोरा, अनुमण्डल कार्यालय (नव निर्मित), चैनपुर में 07 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर (महिन्द्रा B275D1ECO), इंजन Sl No.-RJG2DBN9193 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर चैनपुर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 19.04.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR 323621 Forest, Environment and Climate Changes(24-25).D

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक......................../ **आम सूचना** दिनांक.......................

आम नागरिकों एवं सभी बोरबेल एजेंसियों को सूचित किया जाता है कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बिना अनुमति के बोरिंग करना या कराना झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के उप धारा 209 (1) के तहत् गैर कानूनी एवं दण्डणिय है। कोई नागरिक अपने आवासीय क्षेत्र/परिसर में बोरिंग कराना चाहते हैं तो बोरिंग कराने के पूर्व नगर निगम से मो०–3000/– (रूपए) का चालान लेने के पश्चात् ही बोरिंग कराना सुनिश्चित करेंगे। यदि कोई नागरिक बिना निगम से अनुमति के बोरिंग कराते हुए पकड़े जाते हैं तो उन पर मो०–3000/– रूपए शुल्क एवं 3000/– रूपए जुर्माना राशि के साथ कुल–6000/– रूपए का चालान कार्यालय में जमा करना होगा। साथ ही सभी बोरवेल एजेंसी को भी सूचना दी जाती है नगर निगम क्षेत्र में बोरिंग करने के पूर्व मेदिनीनगर नगर निगम से प्रति वाहन मो०–40,000/– (चालिस हजार रूपए) का रजिस्ट्रेशन शुल्क देना सुनिश्चित करेंगे। यह शुल्क एक वर्ष के लिए मान्य होगा।

सभी बोरवेल एजेंसी दिनांक 10.04.2024 से 30.04.2024 तक अपने सभी वाहनों का रजिस्ट्रेशन मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में करवाना सुनिश्चत करेंगे एवं पूर्व में निबंधित वाहन एजेंसी जिसकी अवधि समाप्त हो रही है वह भी अवधि समाप्ति के पूर्व पुनः रजिस्ट्रेशन करा लें। यदि कोई बोरवेल एजेंसी बिना रजिस्ट्रेशन के बोरिंग करते हुए पकड़े जाते हैं तो उनके वाहन को जब्त कर लिया जायेगा। वाहन का रजिस्ट्रेशन शुल्क 40,000/– रूपए एवं दण्ड शुल्क 40,000/– रूपए कुल–80,000/– (अस्सी हजार) रूपए निगम कार्यालय में जमा करने के पश्चात् ही वाहन को छोड़ा जायेगा।

ह0/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक,
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 323611 (District)24-25*D

## एकात्म मानववाद हमारा पार्टी का मूल दर्शन : ओम प्रकाश सिंह

# भारतीय जनता पार्टी की 45 वें स्थापना दिवस पर जनसंघ कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा बख्शिडिपा स्थित जिला कार्यालय में 45 वीं भाजपा स्थापना दिवस पर झंडोत्तोलन, महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन एवं जनसंघ कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोहरदगा विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक कमलेश उराँव उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सभी मण्डल अध्यक्ष अपने मण्डल मुख्यालय में एवं मण्डल के सभी बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथों पर भाजपा स्थापना दिवस का कार्यक्रम किया। इस अवसर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अपने अपने घरों में पार्टी का झण्डा लगाए। जिला कार्यालय में कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष



मनीर उराँव ने कहा कि हमारी विचारधारा भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार,जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला सूत्र है। भारत के सांस्कृतिक मूल्य,हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इन्हें प्राप्त करेंगे। पांचों निष्ठाओं की बात करते हैं तो अपने आसपास या देश में घटे कुछ ऐसे प्रसंग ध्यान में आते हैं,जिनसे लगता है कि हम हर स्तर पर पूरी तरह सभी निष्ठाओं का पालन करते हैं, यह नहीं कहा जा सकता। पर हम यह विश्वास से कह सकते हैं कि ये निष्ठाएं हमारे लिए प्रकाश-स्तम्भ की तरह हैं। हम सबको यह प्रयत्न करते रहना ज़रूरी है कि हम अपना जीवन और अपनी पार्टी को इन निष्ठाओं के आधार पर चलाएं। विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक कमलेश उराँव ने कहा कि भाजपा की विचारधारा को एक पंक्ति में कहना हो तो वह है भारत माता की जय भारत का अर्थ है अपना देश जो हिमालय से कन्याकुमारी तक फैला है और जिसे प्रकृति ने एक अखंड भूभाग के रूप में हमें दिया है। यह हमारी माता है और हम सभी भारतवासी उसकी संतान है। भारत माता कहने से एक भूमि और एक जन के साथ हमारी एक संस्कृति का भी ध्यान बना रहता है। इस माता की जय में हमारा संकल्प घोषित होता है और परम वैभव में है मां की सभी संतानों का सुख और अपनी संस्कृति के आधार पर विश्व में शांति व सौख्य की स्थापना। यही है भारत माता की जय है। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि एकात्म मानववाद हमारा पार्टी का मूल दर्शन है। यह दर्शन हमें मनुष्य के शरीर, मन, बृद्धि और आत्मा का एकात्म यानि समग्र विचार करना सिखाता है। ब्रजबिहारी प्रसाद ने कहा कि सश कि 6 अप्रेल 1980 का भारतीय जनता पार्टी की स्थापना इसी दिन हुई थी इसका लक्ष्य ही था भारत की मूल संस्कृति का विकास करना इसके लिए कई प्रकार के संघर्ष किए ।अंततः हम सभी सफल हुए और परिणाम स्वरूप गौरवशाली भारत की ताकत आज पूरे विश्व में देख रहा है। एकात्मकता और अंतोदय की सोंच ने दिया। मंच संचालन जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह ने की। कार्यक्रम में मदनमोहन पाठक, विनोद राय, राजेंद्र खत्री, मोहन साहू, नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत, मीना बाखला, नवीन कुमार टिंकू त्रिवेणी दास, ब्रजकिशोर साहू लाल ललित नाथ शाहदेव, उमेश कास्यकार, ओम सिंह, बलराम ओझा, शिव पूजन सिंह, लाल राधेश्याम नाथ शाहदेव, हीरालाल अग्रवाल, गोपाल गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## घर-घर तक चलाए लाभार्थी जनसंपर्क अभियान : संगठन महामंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा स्तरीय भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला कार्यालय एवं कोलेबिरा में हुई। बैठक में दोनो विधानसभा के संयोजक सह संयोजक लोकसभा सहसंयोजक कोर कमिटी प्रबंधन समिति संचालन समिति एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर जी ने कहा की लोकसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हो जाएं हर घर तक दस्तक दे कर लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाएं लोगों को मोदी जी का नमस्कार के हैं केंद्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाएं साथ ही राज्य सरकार की विफलताओं को भी बताने का कार्य करें। 2024 का लोकसभा चुनाव देश के लिए महत्वपूर्ण है तीसरी बार श्री नरेंद्र मोदी जी को भारत का प्रधानमंत्री बनाना अति आवश्यक है तभी देश सुरक्षित रहेगा आपसी गिले शिकवे भुला कर कार्यकर्ता एक दूसरे का सहयोग कर चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और भारी संख्या में यहां से जीत कर खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को एक कमल फूल के साथ दिल्ली भेजने



का कार्य करें इसके साथ ही संगठन महामंत्री ने कोर कमेटी मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति के बारे में बताया। मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़ समृद्धि एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्प है, भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में हुआ था अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपने सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। मौके पर सिमडेगा विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चुनावी तैयारी में जुट जाने का आवाहन किया और कहा कि ऐतिहासिक मतों से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी श्री अर्जुन मुंडा को जीतकर सिमडेगा की जनता दिल्ली भेजने का मन बना चुकी है बस कार्यकर्ता अपनी तैयारी में लग जाए इससे पूर्व अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की मौके पर लोकसभा सहसंयोजक ओमप्रकाश साहू सिमडेगा विधानसभा संयोजक विमला प्रधान सह संयोजक सुशील श्रीवास्तव अमरनाथ बामलिया श्रद्धानंद बेसरा दिपक पूरी सहित सभी कोर कमेटी के सदस्य सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष मंडल के मोर्चा अध्यक्ष मौजूद थे।

# हर गरीब घर के एक महिला को देगी कांग्रेस सालाना एक लाख : आलोक साहू

## युवाओं को 30 लाख नौकरी व एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाएगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा समन्वय कांग्रेस समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने कहा कि कल कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए जो घोषणा पत्र जारी किया है वह पांच न्याय और 25 गारंटी पर आधारित है। इस घोषणा पत्र में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। यह घोषणा पत्र गरीबों को समर्पित है। श्री साहू ने कहा कि नारी को न्याय देने के तहत देश के सभी गरीब परिवार में से एक महिला को सालाना ? एक लाख दिया जाएगा। केंद्र सरकार के सरकारी नौकरी में 50त्न महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा। भागीदारी न्याय के तहत देश में जाति जनगणना कराकर आबादी के अनुसार उन्हें आरक्षण दिया जाएगा। नौकरी में 50 प्रतिशत



आरक्षण सीमा को हटाया जाएगा। जनसंख्या हिस्सेदारी के अनुसार एसटी,एससी वर्ग के लिए उप बजट लाया जाएगा। किसानों को न्याय देने के तहत एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। किसानों को कर्ज माफी के लिए आयोग का गठन किया जाएगा ।फसल नुकसान होने पर 30 दिनों के अंदर किसानों के खातों में रुपया डाला जाएगा। युवा को न्याय देने के तहत केंद्र सरकार के खाली पड़े 30 लाख पदों का शीघ्र भर्ती कराया जाएगा। डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं को साथ 1 साल प्रशिक्षण और ? एक लाख स्टाइपन उन्हें दिया जाएगा। श्रमिकों को न्याय देने के तहत श्रमिकों को मुफ्त दवाई और इलाज के सुविधा देने का कानूनी अधिकार दिया जाएगा 400 न्यूनतम मजदूरों को दिया जाएगा सहित अनेक गारंटी दी गई है।कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर कांग्रेस के गारंटी को लोगों से अवगत कराएगी तथा कांग्रेस एवं गठबंधन के उम्मीदवार को जीताने का काम करेगी।

# चेक बाउंसिंग और बिजली संबंधित केसों के लिए विशेष लोक अदालत 27 अप्रैल को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची के निर्देशानुसार दिनांक 27 अप्रैल 2024 को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी बीच झालसा से प्राप्त निर्देशों के अनुसार उसी दिन चेक बाउंसिंग के केस एवं बिजली अधिनियम से संबंधित वादों के लिए भी स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इस संबंध में आज दिनांक 6 अप्रैल 2024 को प्रभारी पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष अखिलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में सभी न्यायिक अधिकारियों, बिजली विभाग के अधिकारियों, बिजली से संबंधित अधिवक्ताओं एवं चेक बाउंस से संबंधित प्रमुख अधिवक्ताओं के साथ-साथ मध्यस्थ आधिवक्ताओं को लेकर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें इस बात पर चर्चा की



गई की 27 अप्रैल 2024 को ज्यादा से ज्यादा बिजली के केस एवं चेक से संबंधित वादों का निपटारा लोक अदालत में हो । इसकी जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया की लोहरदगा में कुल 564 चेक बाउंस के केस लंबित हैं। जिसे पक्षकार मध्यस्थता के माध्यम से भी अपने विवाद को सुलझा सकते हैं। साथ ही साथ कंटीन्यूअस लोक अदालत में भी विवादों का निपटारा किया जा सकता है। बिजली से संबंधित कुल 87 वाद कोर्ट में लंबित हैं। जिसका निस्तारण बिजली विभाग के पदाधिकारी एवं पार्टी पक्षकार के बीच आपसी सहमति से फाइन जमा कर किया सकता है। मध्यस्थता या लोक अदालत में विवाद का निपटारा करने में कोई खर्च नहीं लगता और इसमें दोनों पक्षकार आपसी सहमति से विवादों का निपटारा करते हैं। अतः लोक अदालत एवं मध्यस्थता से विवाद सुलझाने के लिए लोगों को आगे आना चाहिए। विशेष लोक अदालत के लिए पक्षकारों को नोटिस पीएलवी के द्वारा निर्गत किया जा रहे हैं।

## उपायुक्त ने मतदाता जागरूकता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निकला मोटरसाइकिल रैली



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मतदाता जागरूकता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से आज दिनांक 06.04.2024 को लोहरदगा जिला में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मोटरसाईकिल रैली का आयोजन नगरपालिका क्षेत्र में किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली समाहरणालय परिसर लोहरदगा से प्रारंभ हुई जो कचहरी मोड़, ब्लॉक मोड़, साईडिंग, पावरगंज चौक, न्यू रोड, बरवाटोली चौक, मिशन चौक, महावीर चौक, बड़ा तालाब, पावरगंज चौक, लकोर्ट रोड, मैना बगीचा होते हुए पुनः समाहरणालय के पास संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान लोगों से लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत दिनांक 13 मई 2024 लोहरदगा जिला में होनेवाले मतदान में शामिल होकर मतदान करने की अपील की गई। आज के कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, शर्मा उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, स्वीप कोषांग को वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए।

## डीएवी में भारतीय रेलवे मंत्रालय द्वारा विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा परिसर में भारतीय रेलवे मंत्रालय द्वारा विद्यालय स्तर पर विकसित भारत विकसित रेलवे शीर्षक पर आधारित चित्रकला व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में अर्पण तिर्की ने प्रथम कुमारी पलक ने द्वितीय तथा पलक सिंह व तन्वी कुमारी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। निबंध प्रतियोगिता में मानसी रानी ने प्रथम ऋषभ पोद्दार व कनिका सिंह ने द्वितीय तथा आदित्य पंकज व तन्मय राज ने तृतीय स्थान अर्जित किया। रेलवे मंत्रालय की ओर से सभी विजित प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व शील्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में शितेश कुमार पाठक, पी के सिन्हा, परमित कुमार व पूनम सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# अविराम द्वारा निकाला गया मतदाता जागरुकता रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय से नोडल ऑफिसर शिव शंकर और राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा हरी झंडी दिखाकर गोद लिए गांव पंडरा हेतु रैली को आफताब, जंगबहादूर, शशि, चिनिबास, मनु, ममता, ऋतु, पंकज, पवन, अजॉय, रेणुका, प्रियंका, तबस्सुम, आदि की उपस्थिति में भेजा गया। प्रशिक्षुओं द्वारा जागरूकता स्लोगन और नारे लगाए गए, जागरूकता गीत तथा दीवाल लेखन द्वारा और ग्रामीणों को मतदान के विषय में जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपमुखिया मुमताज पवरिया, लाल गुड्डू नाथ शहदेव, दिनेश यादव, राम विजय महली, मुख्तार पंवरिया, आदि गणमान्य और ग्रामीण उपस्थित रहे, कुरू ब्लॉक वेलफेयर ऑफिसर को भी इस कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु सूचित किया गया था। मतदाता जागरूकता का यह कार्यक्रम कॉलेज स्तर से अभी चलता रहेगा जिसमे विविध प्रकार के क्रियाकलाप कराए जाएंगे।

## प्रतिनियुक्त तृतीय मतदान पदाधिकारियों को दो पालियों में दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए प्रतिनियुक्त तृतीय मतदान पदाधिकारियों को आज शनिवार को नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कुल 298 से अधिक पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। आज प्रशिक्षण में तृतीय मतदान पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के प्रशिक्षण अंतर्गत अपने दायित्वों का बिना चूक निर्वहन करने,अपने सहकर्मियों के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने, पीठासीन पदाधिकारी का सहयोग करने व सहयोगियों के बेहतर समन्वय रखते हुए कार्य करने, मतदान सामग्री के बारे जानकारी रखने व सामग्रियों का इस्तेमाल, ईवीएम व वीवीपैट के लिए आवश्यक सीलिंग सामग्री, मतदान के पूर्व की तैयारी, मतदान के दिन की तैयारी, मॉक पोल, मतदान प्रारंभ करने से संबंधित, आवश्यक प्रपत्रों को भरे जाने सम्बंधित विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गयी। आज के प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण निर्देश मतदान पदाधिकारियों को दिए। आज द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का समापन हो गया।

## मुर्की से मुखबधिर बच्ची लापता, परिवार चिंतित



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के मुर्की ग्राम से मुखबधिर बच्ची लापता हो गई है जिसे परिजन चिंतित हैं। गांव के कुएं व तालाब में ग्रामीणों के सहयोग से छानबीन करने में जूट हुए हैं। मुर्की ग्राम निवासी मनीजर उराँव की 6 वर्षीय मुखबधिर बच्ची बिरमन्ती उराँव पांच अप्रैल दिन शुक्रवार को अपने घर से लापता है। बच्ची की लापता होने का सूचना पर गांव में ग्रामीणों के बीच चिंता बना हुआ है। बच्ची के पिता मनीजर उराँव गांव के ग्रामीणों एवं अपने परिवार का सहयोग ले छानबीन में जुटा हुआ है। वही जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि बच्ची कुछ बोल नही सकती है और न ही सुन पाती है। जिसके कारण परिजनों को अत्यधिक चिंता बना हुआ है। बच्ची की लापता का सूचना सेन्हा थाना में देते हुए पिता द्वारा प्रशासन से सकुशल बरामद करने का गुहार लगाया है। इस संदर्भ में प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि गुमशुदगी की सूचना पर सनहा दर्ज करते हुए प्रशासन द्वारा अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों में शोक

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु गांव निवासी केश्वर हरी उरांव की पत्नी रीता उरांव ने अरु फुलझर नदी किनारे रोड़ी पेड़ में दुपटा से फांसी लगा कर झूल गई जिससे महिला की मौत हो गई। मृतक की सूचना ग्रामिणों द्वारा सेन्हा थाना पुलिस को दिया गया। सूचना मिलते ही सेन्हा थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गया है। मृत महिला की पति केशवर हरी उरांव ने पुलिस को बताया की शनिवर सुबह हम लोग सुबह फुलझर नदी के किनारे खेत आये हुए थे। और खेत में लगा गेंहू फसल का सिंचाई कर रहे थे। उसी दौरान हम अपनी पत्नी को बोले की घर जा कर खाना लेकर आओ हम सिंचाई कर रहें है। परन्तु पत्नी ने कहा की खेत में हम ही रहेंगे आप ही घर जाइये और खाना लेकर आ जाइये जिसे हम दोपहर में खाना लेने घर चले गये। जब घर से खाना लेकर वापस खेत आये तो देखे की दुप्पटा से रोड़ी पेड़ में मेरी पत्नी फांसी लगाकर झूली हुई थी। जिसे इस की सूचना अगल बगल के लोगों को दिया। वही महिला की मृत्यु का सूचना मिलने पर गांव और परिजनों में मातम छा गया। जिसे एएसआई अशरफी बहेलिया व राजेश राम लोहरा ने फुलझर नदी अरु पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज अग्रतर करवाई में जुट गये हैं। वही एएसआई असरफी बहेलिया का कहना है की प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या या आत्महत्या का खुलासा हो सकता है फिलहाल पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

## स्वास्थ्य, जीवन का महत्वपूर्ण अंग है : डॉ. कुमुद विश्व

# स्वास्थ्य दिवस पर विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के शुभ अवसर पर मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में स्वास्थ्य जांच हेतु शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ कुमुद अग्रवाल और समाजसेवी दीपक सर्राफ उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत वंदना सभा में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथि परिचय और स्वागत का दायित्व रेणु कुमारी ने निभाया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य के द्वारा पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर किया गया। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य, जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण बातों को बताया और जीवन में स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए योग और संतुलित आहार को अपनी दिनचर्या में शामिल करने को कहा।




समाजसेवी दीपक ने योग एवं अच्छे खानपान का महत्व सामान्य जीवन में बताया एवं निःशुल्क जांच के लिए अपना दूरभाष नंबर एवं पता दिया और कहा कि आवश्यकता होने पर आप कभी भी संपर्क कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य के बारे में सबको सोचना चाहिए और उन्होंने सभी की अच्छी स्वास्थ्य की कामना की। महाविद्यालय में आए डॉक्टर द्वारा सभी का ऊंचाई, वजन, बीपी, शुगर आदि की जांच की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश छात्र-छात्राओं को दिए। स्वास्थ्य शिविर में कार्यक्रम प्रमुख यशोदा कुमारी, सह प्रमुख ऋद्धि मिश्रा और महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में रश्मि साहू, चेतना प्रिया, अर्चना कुमारी, सनोज कुमार साहू, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत तथा महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## लगातार हथियो का क़हर जारी, कुंभकर्णी नींद में सोया है वन विभाग, ठेकेदारी में व्यस्त हैं राजनीतिक दलों के स्थानीय प्रतिनिधि

### लोगों ने कहा हाथी को खदेड़ने पर ही इस बार देंगे वोट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन किसी ना किसी गांव में जंगली हाथी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। जंगली हाथियों के आतंक के कारण लोग शाम ढलने के बाद अपने घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। शाम होने के बाद घर से निकलने वाले लोग अपने परिचितों के संपर्क में रहते हुए चलते हैं ताकि उन्हें हर पल की सूचना मिलते रहे। शुक्रवार की रात कूटिंगिया सेरेंगदा में जंगली हाथी ने असेयानी बडिंग, पति सिमोन बडिंग, मगदली तोपनो, पति स्व मार्टिन तोपनो के घर में धावा बोल दिया। इस दौरान हाथी ने दोनों कच्चे मकानों को अपना निशाना बनाया और उसे ध्वस्त कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद हाथी ने मकान के अंदर रखे अनाज को भी अपना निवाला बनाया और कई घरेलू सामग्रियों को भी नष्ट कर दिया। इस घटना में कोई जख्मी नहीं हुआ है।



महीनों से यह जंगली हाथी ने जलडेगा के पहाड़ी इलाकों में घूम रहा है और रात होते ही गांव की ओर आकार घरों को ध्वस्त कर घर में रखे अनाजों को खाकर अपना पेट भरता है। पिछले एक महीना में अब तक लगभग 50 से अभी अधिक घरों को हाथी अपना निशाना बना चुका है। इसके अलावा जंगली हाथी रोज किसी ना किसी गांव में खेतों या बाड़ी में लगी फसल को अपना निवाला बना रहा है। रोज किसी ना किसी गांव में हाथी द्वारा उपस्थिति दर्ज कराए जाने के बाद भी वन विभाग उसे वापस जंगल में पहुंचाने की दिशा में सार्थक कदम नहीं उठा रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया है। जंगली हाथियों को लेकर बार-बार गुहार लगाए जाने के बाद भी विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। जंगली हाथियों से ग्रामीणों को हो रही परेशानी राजनितिक पार्टी के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी दिखाई नहीं दे रहा है सब के सब ठेकेदारी में व्यस्त है, हाथी भागने के नाम पर सब राजनीति करने आते हैं एक दो बोरा, जला हुआ मोबिल और 5 किलो चावल देकर पीड़ित परिवारों के साथ फोटो खींचा कर हमे मजाक बना देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले यदि हाथी को गांव से नही खदेड़ा गया तो गांव के लोग न तो किसी से मदद की अपेक्षा करेंगे और न ही वोट देंगे।

## नुक्कड़ नाटक के ज़रिए किया गया मतदाताओं को जागरूक



**ठेठईटांगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को स्वीप के तहत जोराम बरटोली में जागृति आजीविका नुक्कड़ नाटक समिति की ओर से मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक में प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज उपस्थित थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज को सर्वप्रथम स्वागत गीत गाकर वेलकम किया गया उसके बाद नुक्कड़ नाटक मंडली ने अपना नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। मौके पर ग्रामीणों ने बहुत ही उत्सुकता के साथ इस प्रोग्राम में भाग लिया और देखा। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज द्वारा ग्रामीणों को 13 मई को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किए साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करने कर लिया कहा।

* निर्वाचन प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारी आगामी 15 तारीख तक अपनी तैयारियों को पूरा कर रिपोर्ट करें
* पदाधिकारी कार्ययोजनाओं को धरातल पर उतारें :चुनाव की तैयारियों में आयोग के निदेशों के अनुपालन का दें रिपोर्ट
* एक भी पर्मानेंट वारंटी कारागार के बाहर नहीं रहे, सघन छापेमारी कर सभी को पकड़ें

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद, बोकारो, गिरीडीह, एवं देवघर जिलों में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की**

# निर्वाचन कार्यों में कोताही के लिए अधिकारी होंगे जिम्मेवार : के. रवि कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में किसी तरह की शिथिलता नहीं बरतें। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए सजग रहें। अपराधी, असमाजिक तत्वों, उपद्रवियों सहित निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास किये जाने वालों की थाना स्तर पर सूची तैयार कर उनपर कड़ी निगरानी रखते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

आगामी 15 तारीफ तक पदाधिकारी अपने आवंटित कार्यों को पूरा कर प्रतिवेदन समर्पित करें। उक्त निदेश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने दिया। वे आज धनबाद के समाहरणालय सभागार में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह एवं देवघर जिलों में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए लक्ष्य कर तत्पर रहते हुए अलर्ट रहने का सख्त निदेश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ निर्वाचन कार्य को गति देने का निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने अवैध शराब, नशीले पदार्थों, हथियार, विस्फोटक सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी निगरानी करने का निदेश दिया।

साथ ही मुफ्त की वस्तुओं की आमद/वितरण को रोकने के लिए सफल प्रयास करने, छापेमारी अभियान को तेज करते हुए विभिन्न कांडों में संलिप्त आरोपितों एवं अवैध सामग्रियों की बरामदगी करते हुए संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केन्द्रों की सूची को फिर से रिवाइज करने एवं हर संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती करने का निदेश दिया।




**वाहनों का प्रबंधन में ऐसे रखें ध्यान कि आम लोगों यातयात में कोई असुविधा नहीं हो**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव को देश के महापर्व के रूप में मनाना है। मतदान के कार्य में लगे सुरक्षाकर्मियों, मतदानकर्मियों एवं मतदाताओं की सुरक्षा और सहूलियत को ध्यान में रखकर काम करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय कर लें। वाहनों के प्रबंधन में यह ध्यान रखें कि आम लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो एवं मतदान के दिन कर्फ्यू जैसा माहौल नहीं रहे।इस बार उत्साह के माहौल में लोगों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान करने जाना है अतः विशेष ध्यान रखना है कि मतदान के दिन सामान्य जनजीवन प्रभावित नहीं होने पाए।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार इस बार झारखण्ड के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक अथार्त दिनभर मतदान होना है। सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से मुख्यालय एवं आयोग के स्तर से भी नजर रखी जाएगी। निर्वाचन के कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न हो इस बाबत सभी पदाधिकारियों को आयोग द्वारा दिशा-निदेश दिया गया है। इसका सख्ती से ससमय अनुपालन किया जाना है।

उन्होंने कहा कि पदाधिकारी केवल कार्ययोजना नहीं बताएं, धरातल पर चुनाव की तैयारियों में आयोग के आदेशों के अनुपालन का रिपोर्ट दें। अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्ट पर सघन जांच कराने का निदेश दिया, कहा कि चेकपोस्ट की निगरानी सीसीटीवी के माध्यम से रखी जा रही है। इसलिए उनपर विशेष नजर रखना सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य को रूटीन कार्य में न लें अधिकारी, एक भी घटनाएं हुई तो अपराधियों के साथ-साथ पदाधिकारियों **पर भी होगी कार्रवाई : ए.वी होमकर**

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने सभी हिस्ट्रीशीटर एवं किंगपिन के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, इवीएम, मतदाता, सुरक्षा बल सहित सभी की सुरक्षा हमसभी की पहली प्राथमिकता होगी, निर्वाचन कार्य के रूटीन कार्य में नहीं लें। एक भी घटनाएं हुई तो अपराधियों के साथ-साथ पदाधिकारियों की भी जिम्मेवारी तय होगी।

**भगोड़े अपराधियों की संपत्ति करें कुर्क**

भगोड़े एवं विभिन्न जगहों पर छिपे हुए अपराधियों के विरुद्ध कुर्की जब्ती की कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**सोशल मीडिया सेल को एक्टिव करें, आठ मिनट के अंदर फेक न्यूज पर करें कार्रवाई**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया सेल को एक्टिव करें। आपत्तिजनक एवं फेक न्यूज पर आठ मिनट के अंदर कार्रवाई करें। समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर, सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह सहित उतरी छोटानागपुर प्रमंडल की आयुक्त, डीआईजी सीआरपीएफ, दुमका प्रक्षेत्र के आईजी सहित धनबाद, बोकारो, गिरिडीह एवं देवघर जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक, सीआरपीएफ के कमाण्डेन्ट सहित लोकसभा निर्वाचन से संबंधित सभी वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

* क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों के लिस्ट को फिर से रिवाइज करें, हर संभावित क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करें
* सभी हिस्ट्रीशीटर एवं किंगपिन के खिलाफ अभियान चलाकर पकड़ें- ए.वी. होमकर, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी

# कार्यकर्ताओं के समर्पण से भाजपा बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : मरांडी

**एजेंसी**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बी मोड़ चंद्रवंशी कॉम्प्लेक्स में स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी का 44 वा स्थापना दिवस मनाया गया.स्थापना समारोह का आयोजन भाजपा ग्रामीण मंडल व नगर मंडल ने संयुक्त रूप से किया था.कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी,प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह,जिलाध्यक्ष अमित तिवारी सहित भाजपा के कई दिग्गज नेता शामिल हुए.कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया.इसके बाद कार्यालय के समक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का झंडा फहराया.बाबूलाल मरांडी ने संघर्ष भरे सफर को याद करते हुए कहा कि 16अप्रैल 1980 को पार्टी की स्थापना राष्ट्रवादी सोच के साथ हुई थी.तब संस्थापक अध्यक्ष स्व अटल बिहारी बाजपेई ने कहा था कि अंधेरा छंटेगा कमल खिलेगा.आज उनका कथन सत्य हो चुका है.पार्टी संस्थापकों के त्याग और कार्यक्रताओं के समर्पण से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है.देश के संसद से लेकर विधानसभाओं में भाजपा का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा है.जिसका सारा श्रेय पार्टी के संघर्षशील कार्यकर्ताओं को जाता है.सांसद बीडी राम ने कहा कि भाजपा स्थापना काल से लेकर अब तक देश को समृद्ध और शक्तिशाली बनाना चाहती है.देश के सांस्कृतिक विरासत को आगे ले जाना चाहती है.पार्टी अपने मिशन में कामयाब भी रही.प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरु बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है.देश की सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित किया जा रहा है.पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा देश की एकमात्र पार्टी है जो सबका साथ और सबके विकास की बात करती है.गरीबों के कल्याण और दबे कुचलों के उत्थान हेतु काम करती है.पार्टी का हर कार्यकर्ता देश हित का कार्य करता है.इससे पहले भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने प्रदेश अध्यक्ष श्री मरांडी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया.



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया.मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय,जिला पार्षद विजय रविदास,पूर्व प्रमुख संतोष चौबे,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक प्रतिंधी राजन पांडेय,रामानंद तिवारी,विनय चौबे, उपेन्द्र तिवारी,मनीष गुप्ता,संतोष राम, किरण शर्मा, अर्चना चौधरी,सुनील कुमार चौधरी,विकाश चौबे मंटू, शिवबंश मिश्रा,अखिलेश चौबे,कुश कुमार ओझा,रामनिवास पांडेय मुन्ना सहित कई भाजपा नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे.

# दुश्मन की गोली का जवाब गोली से दे रहा भारत : धामी

**एजेंसी**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्ष के कालखंड में कभी छुट्टी नहीं ली। उन्होंने हर पल-हर क्षण भारत मां की सेवा में समर्पित किया है। मोदी के नेतृत्व में सेना और अधिक सशक्त हुई है। आज दुश्मन की गोली का जवाब गोली से दिया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार सैनिक कल्याण के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री धामी शनिवार को रुद्रप्रयाग के जखोली स्थित ब्लाक कार्यालय मैदान पर पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड और चारधाम के लिए कभी कोई कमी नहीं की है। रेल, रोपवे, रोड़, कृषि, बागवानी, पशुपालन, रोजगार, हर क्षेत्र में विकास निरंतर जारी है। केंद्र एवं राज्य सरकार ने डबल इंजन की रफ्तार से काम किया है।



राज्य में केंद्र की दो लाख करोड़ से भी ज्यादा योजनाएं स्वीकृत हैं। आज चारधाम यात्रा सुगम और सुरक्षित हुई है। चारधाम यात्रा में करीब 50 लाख लोग आ रहे हैं। केदारनाथ मंदिर में रोप-वे का कार्य पूर्ण होने के बाद यात्रा और तेजी से चलेगी।

इस दौरान भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी, विधायक भरत चौधरी, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, महावीर पंवार आदि थे।मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि 19 अप्रैल को पहले मतदान करें, फिर जलपान करें और अनिल बलूनी को विजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना साकार करने में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षियों में चुनाव लड़ने का सामर्थ्य नहीं है। उनके यहां चुनाव लड़ने वाला कोई नहीं है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। 19 अप्रैल को उत्तराखंड में मतदान होने वाला है। निश्चित ही गढ़वाल लोकसभा सीट पर सबसे अधिक मत प्रतिशत रुद्रप्रयाग क्षेत्र से रहेगा।

# भतीजे चिराग के साथ खुलकर आए चाचा पारस





**एजेंसी**

**पटना :** चिराग पासवान के चाचा पशुपति कुमार पारस अब खुलकर भतीजे के समर्थन में आ गए हैं. तभी तो पशुपति कुमार पारस ने भतीजे चिराग पासवान के लिए चुनाव प्रचार तक करने की बात कही है. दरअसल पशुपति कुमार पारस एक बार फिर से खुलकर एनडीए के साथ आ गए हैं. दरअसल पिछले दिनों पशुपति कुमार पारस जेपी नड्डा से मुलाकात की.

इसके बाद उन्होंने कहा कि बिहार में 40 सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों को समर्थन देने का ऐलान किया है. पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि वो शुरू से ही एनडीए के साथ रहे हैं और हमेशा रहेंगे जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद वो फिर से मजबूती के साथ भी उम्मीदवार को समर्थन देंगे. जेपी नड्डा से मुलाकात करने के बाद पशुपति कुमार पारस पहली बार पटना पहुंचे. पशुपति कुमार पारस ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की.इस दौरान बैठक में प्रिंस राज और सूरजभान सिंह भी मौजूद थे. बता दें, राष्टीय लोक जनशक्ति पार्टी को सीट नहीं मिलने के कारण प्रिंस राज और सूरजभान सिंह के भाई चंदन सिंह इस बार लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे. लेकिन पटना की बैठक में दोनों पशुपति कुमार पारस के साथ दिखे. बता दें, राष्टीय लोक जनशक्ति पार्टी को लोकसभा चुनाव में सीट नहीं मिलने के बाद पशुपति कुमार पारस घोषणा की थी कि वह हाजीपुर से चुनाव लड़ेंगे. बता दें, लोकसभा चुनाव में राष्टीय लोक जनशक्ति पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली, जिससे नाराज होकर पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था. इस दौरान बीजेपी पर न्याय नहीं करने का आरोप लगाया था.

# असमिया गमछा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रेरणा देता है : मुख्यमंत्री

**एजेंसी**

**गुवाहाटी :** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि असमिया फुलाम गमछा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली में भी कार्यक्रम करते हैं तो गले में असमिया गमछा होता है। यहां तक कि कॉविड-19 का वैक्सीन लेने के समय भी प्रधानमंत्री के गले में असमिया गमछा था। मुख्यमंत्री जोरहाट लोकसभा क्षेत्र के तीताबर में भाजपा तथा एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार तपन गोगोई के समर्थन में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ शोणितपुर के निवर्तमान सांसद पल्लब लोचन दास, राज्य की वित्त आदि मामलों की मंत्री अजंता नेओग समेत भाजपा सरकार के कई मंत्री, विधायक तथा अन्य नेता मौजूद थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कई प्रधानमंत्री देश में बन चुके हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक। इनमें से किसी ने अपने गले में असमिया गमछा नहीं पहना। लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी हर समय अपने गले में असमिया गमछा पहनते हैं। यह गमछा हमारी बुनकर माता-बहनों द्वारा तैयार किया जाता है। प्रधानमंत्री असम की माताओं और बहनों को सम्मान देते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का असम से विशेष लगाव रहा है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री बनने के बाद से नरेन्द्र मोदी 26 बार असम आ चुके हैं। प्रधानमंत्री ने असम के लिए एक से बढ़कर एक पुल, सड़कें, ओवर ब्रिज आदि से लेकर घर-घर में रसोई गैस सिलेंडर पहुंचने का काम कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी असम को विकास के शिखर पर देखना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि नरेन्द्र मोदी का तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बना तय हो चुका है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु और एक विशाल अर्थव्यवस्था वाला देश बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को जोरहाट लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी तपन गोगोई को वोट देने से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हाथ और अधिक मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से कमल निशान पर वोट देने का आग्रह किया।

# लोकसभा चुनाव में पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे हेसातू के ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** लोकसभा चुनाव में बूढ़ापहाड़ क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हेसातू गांव के लोग पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसे लेकर खासकर युवा वोटरों में उत्साह का माहौल है। वे अपनी हिस्सेदारी के लिए उत्साहित हैं। ऐसे ही वोटरों से मिलने के लिए और उनका उत्साह बढ़ाने के लिए पलामू लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गढ़वा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक पांडे शनिवार को बूड़ापहाड़ पहुंचे।डीसी-एसपी ने सुदूरवर्ती अति नक्सल प्रभावित बूड़ा पहाड़ (झालूडेरा) एवं हेसातू गांव का आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भ्रमण किया। इसी क्रम में नवयुवक एवं नवयुवतियों से जो इस लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, से अपील की कि वे मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। इसके साथ ही बुजुर्गों की भी हिस्सेदारी के लिए अपील की। बूड़ा पहाड़ पर स्वीप (सिस्टेमैटिक वोटर्स एड्युकेशन एवं इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) कोषांग गढवा द्वारा मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों के बीच कार्यक्रम चलाया गया। बूढ़ा पहाड़ एवं हेसातू कैंप में तैनात सी.आर.पी.एफ. के पदाधिकारियों एवं जवानों से वार्ता की गई एवं उनके मनोबल को बढ़ाया गया। साथ ही साथ ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए एवं निवारण हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बूढ़ा पहाड़ में शिक्षा ले रहे बच्चो से भी मुलाकात की गई तथा उनके बेहतर शिक्षा के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# लंबे मंथन के बाद कांग्रेस ने ग्वालियर, मुरैना और खंडवा सीट पर उतारे प्रत्याशी

**एजेंसी**

**भोपाल :** कांग्रेस ने शनिवार को छह प्रत्याशियों की नई सूची जारी की। जिसमें मध्य प्रदेश के अलावा गोवा और दादर-नगर हवेली की सीट शामिल है। मध्य प्रदेश की तीन सीटों पर पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। इनमें ग्वालियर, मुरैना और खंडवा शामिल है। बात करें अगर ग्वालियर की तो यहां प्रवीण पाठक मैदान में हैं। प्रवीण पाठक कांग्रेस के पूर्व विधायक रहे हैं, उन्होंने 2023 के चुनाव में भी किस्मत आजमाई थी, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें बीजेपी के नारायण सिंह कुशवाहा ने उन्हें ग्वालियर दक्षिण सीट पर 2536 वोटों से हराया था। वहीं पार्टी द्वारा मुरैना से घोषित किये गए प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार पहले बीजेपी में थे। उन्हें पार्टी के आदेश का पालन न करने के कारण 2020 में निष्कासित कर दिया था। इनकी भाभी शोभा सिकरवार ग्वालियर से कांग्रेस की महापौर हैं।

**खंडवा से नरेंद्र पटेल :** इसके साथ ही खंडवा से नरेंद्र पटेल को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया है। नरेंद्र पटेल मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हैं। उन्हें बड़वाह विधानसभा सीट से कांग्रेस ने 2023 चुनाव में टिकट दिया था, लेकिन बीजेपी के सचिन बिड़ला के हाथों उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। वह पूर्व सांसद, पूर्व विधायक स्व.ताराचंद पटेल के भतीजे हैं। रेवा गुर्जर समाज में पटेल परिवार का प्रभाव रहा। बताया जाता है कि नरेंद्र का नाम पूर्व सांसद अरुण यादव ने ही आगे बढ़ाया था, लेकिन उनके इस प्रस्ताव का पार्टी में विरोध नहीं होने पर यादव गुट आशंकित हुआ। इसके बाद उनकी ओर से सुनीता सिकरगाए का नाम आगे बढ़ाया गया, लेकिन बाद में नरेंद्र पटेल पर शीर्ष नेतृत्व ने सहमति दी।